सुप्रभात
रांची, शनिवार
10.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 147



12 रानी की फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज

## न्यूज डायरी

### जी-20 सम्मेलन की बैठक में राज्यपाल-सीएम शामिल

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में अगले वर्ष भारत में होने वाले जी-20 सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। इस बैठक में झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस व सीएम हेमंत सोरेन भी शामिल हुए।

### मैराथन दौड़ के दौरान दो महिला जवानों की तबीयत बिगड़ी

**साहिबगंज।** मैराथन दौड़ में भाग लेने के दौरान जैप-9 की दो महिला जवानों की तबीयत बिगड़ गयी। वे दौड़ के दौरान बेहोश हो गयीं। उन्हें तत्काल साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से एक विमला मुंडा की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज कर रहे डॉ मोहन मुर्मू ने बताया कि दो महिला जवानों को जैप-9 से शुक्रवार सुबह अस्पताल लेकर आया गया था। इसमें एक को पेट में दर्द और उल्टी हो रही थी, जो फिलहाल ठीक है। विमला मुंडा नाम की दूसरी महिला जवान बेहोशी की हालत में लायी गयी। उसका प्रारंभिक इलाज कर दुमका मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### गोड्डा-राजेंद्रनगर स्पेशल ट्रेन आज से

**रांची।** झारखंड से बिहार जाने वाले रेल यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे ने एक नयी ट्रेन की शुरुआत कर दी है। शनिवार को इस ट्रेन को गोड्डा से बिहार के राजेंद्रनगर के लिए रवाना किया जायेगा। इस स्पेशल ट्रेन का नाम गोड्डा-राजेंद्रनगर स्पेशल ट्रेन रखा गया है। इस ट्रेन की शुरुआत होने से बिहार से झारखंड आने वालों और झारखंड से बिहार जाने वाले लोगों को सहूलियत होगी, खासकर गोड्डा से पटना और पटना से गोड्डा आने-जाने वाले लोगों को। भारतीय रेलवे ने इस ट्रेन के लिए टिकट की बुकिंग चार दिसंबर को ही शुरू कर दी थी।

### इसरो का हाइपरसोनिक वाहन परीक्षण कामयाब

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और एकीकृत रक्षा स्टाफ ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से हाइपरसोनिक वाहन का परीक्षण किया। इस दौरान हाइपरसोनिक वाहन ने परीक्षण के लिए तय किये गये सभी आवश्यक पैरामीटर हासिल करके उच्च क्षमता का प्रदर्शन किया। इस सफल परीक्षण के बाद भारत के रक्षा क्षेत्र को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### साइबर अपराधियों ने डीसी के नाम पर मांगे पैसे

**साहिबगंज।** साइबर अपराधी साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव के नाम पर लोगों से पैसे मांग रहे हैं। इसकी जानकारी मिलते ही डीसी ने शुक्रवार को जिलेवासियों से अपील की है कि सोशल मीडिया के जरिये उनके नाम से कोई भी फोन या सोशल मीडिया आइडी से पैसे की मांग करे, तो पैसे न दें।

रांची हिंसा मामला : गृह सचिव और डीजीपी तलब

# जांच क्यों नहीं सीबीआइ को सौंपी जाये : हाइकोर्ट

### अदालत ने मौखिक रूप से कहा प्रतीत होता है सरकार मामले की सही जांच नहीं चाहती है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने 10 जून 2022 को रांची में हुई हिंसा की पुलिस और सीआइडी दोनों से जांच कराये जाने पर नाराजगी जतायी है। कोर्ट ने राज्य के गृह सचिव और डीजीपी को 15 दिसंबर को अदालत में हाजिर होकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति डॉ रवि रंजन और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार मामले की सही जांच नहीं चाहती है। इस मामले में दर्ज कुछ केस को पुलिस और कुछ को सीआइडी जांच रही है। ऐसा लगता है अनुसंधान को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। कोशिश हो रही है कि सीआइडी और पुलिस की रिपोर्ट में अंतर आ जाये और फिर जांच समाप्त हो जाये। हाइकोर्ट ने कहा कि क्यों नहीं जांच का जिम्मा सीबीआइ को सौंप दिया जाये। किसी स्वतंत्र एजेंसी से इस पूरे मामले की जांच करायी जाये। इसके साथ ही अदालत ने राज्य के गृह सचिव और डीजीपी को 15 दिसंबर को अदालत में हाजिर होकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि रांची में 10 जून 2022 को जुमे की नमाज के बाद हिंसा हुई थी। इस पूरी हिंसा की जांच सीबीआइ से कराने की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गयी है।



### एफएसएल मामले में 50 हजार का जुर्माना

**रांची।** हाइकोर्ट ने एफएसएल में विभिन्न पदों पर नियुक्ति में देरी एवं अदालत का वक्त जाया करने पर राज्य सरकार को 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन एवं न्यायधीश एसएन प्रसाद की खंडपीठ में हुई। सुनवाई को दौरान कोर्ट ने सरकार पर जुर्माना लगाया है। एफएसएल में चतुर्थवर्गीय नियुक्ति के अधिकार नहीं होने के बावजूद पार्टी बनाकर अदालत का समय जाया करने पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। मालूम हो कि जज उत्तम आनंद हत्याकांड की सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया है। अब इस केस की अगली सुनवाई की तिथि एक सप्ताह बाद निर्धारित की गयी है।

### घूसखोर उत्पाद दारोगा को 4 साल की सजा

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने शुक्रवार को रिश्वत लेने के मामले में दोषी उत्पाद विभाग के दारोगा विश्वनाथ राम को चार साल कैद की सजा सुनायी है। साथ ही, अभियुक्त पर एक लाख 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त डेढ़ साल जेल काटनी होगी। अदालत ने गुरुवार को उक्त मामले में दोषी ठहराया था। सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान एसीबी के विशेष लोक अभियोजक एके गुप्ता ने अधिक से अधिक सजा की मांग की। वहीं, बचाव पक्ष की ओर से कम से कम सजा देने का अनुरोध किया गया।

### हाइकोर्ट का डीएफओ व एसीसीएफ को सशरीर हाजिर होने का निर्देश

**रांची।** हाइकोर्ट में पलामू टाइगर रिजर्व में एक हाथी की मौत से जुड़े मामले की शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने अगली सुनवाई के दिन पलामू टाइगर रिजर्व के डीएफओ और एसीसीएफ को सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। साथ ही, अदालत ने मौखिक रूप से पूछा है कि पलामू टाइगर रिजर्व के मामले में हाइकोर्ट के पूर्व के आदेशों का पालन क्यों नहीं किया गया। अब अदालत इस मामले की सुनवाई 15 दिसंबर को करेगी। हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ रविरंजन और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की खंडपीठ में हुई। मालूम हो कि हाइकोर्ट ने लातेहार में हाथी व हाथी के बच्चे की मौत पर स्वतः संज्ञान लिया था, जिसे जनहित याचिका में तब्दील कर सुनवाई की जा रही है। अदालत ने इस मामले में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी को भी प्रतिवादी बनाया है। राज्य के पूर्व मंत्री व विधायक सरयू राय ने जनहित याचिका में हस्तक्षेप याचिका दाखिल की है।

# राज्य की दुर्दशा के लिए पूर्व की सरकार जिम्मेदार : सीएम

## यह सरकार गरीबों की सुननेवाली है : मिथिलेश ठाकुर

### बीस वर्षों में जो नहीं हुआ वह तीन वर्षों में हेमंत सरकार ने कर दिखाया : भोक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य की दुर्दशा के लिए पूर्व की सरकार जिम्मेदार है। भाजपा का नाम लिये बगैर सीएम ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने बीस वर्षों तक क्या किया। पूरे राज्य की व्यवस्था दलालों की चंगुल मे फंसी रही। विकास कार्य पूरी तरह से ठप रहा। जनता के हित में कोई कार्य नहीं हुआ। श्री सोरेन स्थानीय शिवाजी मैदान में आयोजित आपके द्वार खतियानी जोहार कार्यक्रम के तहत जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क हो या न हो, फिर भी अधिकारी आपके गांव पहुंचकर समस्या का त्वरित निदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार के तहत पहले चरण में तीस लाख आवेदन प्राप्त हुए और दूसरे चरण में सात लाख आवेदन आये। उन्होंने कहा कि यदि पूर्ववर्ती सरकार ने जनता के लिए थोड़ा भी काम किया होता, तो आज जनता की समस्याओं का इतना बड़ा अंबार नहीं होता। उन्होंने कहा कि राज्य के बुजुर्गों, विधवा, विकलांग आदि की पेंशन के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मांगा। केंद्र सरकार ने सहयोग नहीं दिया, तो हमने राज्य के सभी बुजुर्गों, विधवा व विकलांग को पेंशन मुहैया कराने का कार्य किया। आज झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र के सभी लोगों को पेंशन दी जा रही है। सीएम ने कहा कि विपक्ष ने इतने घाव दिये हैं कि अगले पांच वर्षों तक नहीं भरेंगे। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य मांगने से नहीं मिला है, और न ही प्रशासनिक दृष्टिकोण से अलग हुआ है। यह राज्य झारखंड आंदोलन की उपज है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य रहा कि 20 वर्षों तक सत्ता राज्य विरोधियों के हाथों में रही। परंतु, अब जनता ने जनमानस की सरकार बनायी है। अब राज्य की स्थिति पूरी तरह बदल गयी है। हम जो कहते हैं, वो करते हैं। आज विपरीत परिस्थितियां में भी हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। यह विकास कार्य विरोधियां को पच नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि जब गांव एवं किसान मजबूत होंगे, तभी राज्य मजबूत होगा।

(शेष पेज 11 पर)



### अभिषेक झामुमो में हुए शामिल

कांग्रेस पार्टी के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह उर्फ बिटू सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सारेन के नेतृत्व मे आस्था व्यक्त करते हुए झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। सीएम श्री सोरेन ने श्री सिंह को पार्टी मे शामिल कराया। झामुमो सदस्यता ग्रहण करने के बाद श्री अभिषेक ने कहा कि राज्य का भला हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में ही संभव है। श्री सिंह ने कहा कि झामुमो की ही देन है कि आज झारखंड राज्य बना है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता का भला सिर्फ झारखंड मुक्ति मोर्चा ही कर सकता है।

# पत्नी ने पति को जिंदा जला दिया, गिरफ्तार

### चतरा की घटना, जला हुआ पति हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** घरेलू विवाद और प्रताड़ना से तंग आकर एक सनकी पत्नी ने अपने ही पति को रास्ते से हटाने के लिए ऐसा कदम उठाया कि रूह कांप जाये। यह मामला सदर थाना से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित जयपुर भुईयां टोली की है। गांव की एक महिला रुंति देवी पर आरोप है कि उसने नशे में बेसुध पति विनोद भारती के हाथ-पैर को पहले रस्सी से बांध दिया और फिर उसके शरीर पर गर्म कपड़े और रजाई रखकर केरोसिन तेल डालकर आग लगा दी। इतना ही नहीं, पति के शरीर में आग लगाने के बाद महिला घर का दरवाजा बंद कर मौके से फरार भी हो गयी। पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों और ग्रामीणों को घटना की जानकारी तब मिली, जब जलने की बदबू आसपास के घरों तक पहुंची। आनन-फानन में ग्रामीण और परिजन मौके पर एकत्रित हुए। किसी तरह घर का दरवाजा खोलने के बाद आग में जल रहे विनोद को वहां से निकाल कर तत्काल सदर अस्पताल ले गये। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना में विनोद गंभीर रूप से झुलस गया है।घटना गुरुवार देर रात की बतायी जा रही है। पति बिनोद की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसका सिर, सीना और हाथ पूरी तरह झुलस गया है। इधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पत्नी रुंति देवी को गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की जायेगी। आरोपी महिला को पुलिस अपने साथ थाने ले गयी। वहां से अदालत में पेश करने के बाद उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जायेगी। ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में भी रुंति ने अपने पति को जहर देकर उसकी हत्या का प्रयास किया था, लेकिन किसी तरह वह बच गया था। इसके बाद गांव में पंचायत भी हुई थी।

### पंकज मिश्रा फोन प्रकरण में इडी कर रही डीएसपी राजेंद्र दुबे से पूछताछ

**रांची।** पंकज मिश्रा के रिम्स, रांची में भर्ती रहने के दौरान उनसे फोन पर बातचीत करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने साहिबगंज डीएसपी राजेंद्र दुबे से शुक्रवार को पूछताछ शुरू कर दी है। मालूम हो कि पंकज मिश्रा 1,000 करोड़ रुपये के अवैध खनन घोटाले के मुख्य आरोपी हैं। हालांकि, इस मामले में गुरुवार को साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दूबे को इडी के जोनल कार्यालय पहुंचना था, लेकिन वे एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद वह शुक्रवार को इडी ऑफिस पहुंचे हैं, जहां उनसे आइडी फोन प्रकरण मामले में पूछताछ शुरू हो गयी है। इससे पहले, गुरुवार को दिनभर इडी के अधिकारी राजेंद्र दुबे का इंतजार करते रहे। वहीं, इसी मामले में इडी ने छह दिसंबर को सूरज पंडित और सात दिसंबर को चंदन यादव को पूछताछ के लिए समन किया था। ये दोनों भी इडी के समक्ष हाजिर नहीं हुए थे। इडी को संदेह है कि पंकज मिश्रा के निर्देश पर साहिबगंज डीएसपी जिला पुलिस के माध्यम से कथित तौर पर अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ बदला लेने की नीयत से काम कर रहे थे।




विपक्ष के विरोध के बाद हुआ मत विभाजन, 63-23 से आपत्ति खारिज

# राज्यसभा में यूसीसी से जुड़ा प्राइवेट मेंबर बिल पेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को प्राइवेट मेंबर बिल के तौर पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने से जुड़ा विधेयक पेश किया गया। विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा की ओर से पेश यूनिफॉर्म सिविल कोड इन इंडिया बिल-2020 लाया गया। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल सहित विपक्षी पार्टियों ने इस विधेयक (बिल) का जबरदस्त विरोध किया। विपक्ष की आपत्तियों के बाद विधेयक को पेश किये जाने को लेकर मत विभाजन हुआ। पक्ष



में 63 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 23 वोट डाले गये। और, इस तरह विपक्ष का प्रस्ताव खारिज हो गया। हंगामे के बीच राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि किसी भी सदस्य को विधेयक पेश करने और अपने क्षेत्र के मुद्दे संसद में उठाने का अधिकार है। इसपर राज्यसभा में बहस होनी चाहिए। इस मुद्दे को लेकर सरकार पर आरोप लगाना व विधेयक की आलोचना करना ठीक नहीं है।

(शेष पेज 11 पर)

### लोकसभा में कुछ जातियों को एसटी का दर्जा देने संबंधी विधेयक पेश

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को चार राज्यों की कुछ जातियों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की दर्जा देने संबंधी संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश 1950 में संशोधन करने वाले चार विधेयक पेश किये गये। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने तमिलनाडु के बारे में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक 2022, हिमाचल प्रदेश के बारे में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक 2022, कर्नाटक के बारे में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक 2022 तथा छत्तीसगढ़ के बारे में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक 2022 पेश

# खूंटी लोस क्षेत्र की 26 सड़कों के सुदृढ़ीकरण को मिली मंजूरी

**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की अनुशंसा पर भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने दी है मंजूरी**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की अनुशंसा पर खूंटी के विभिन्न सड़कों के सुदृढ़ीकरण की स्वीकृति दी गयी है। यह सड़क प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पारित किया गया है। खूंटी लोस क्षेत्र के 26 सड़कों का सुदृढीकरण किया जायेगा। इस संबंध में स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा के बयान पर भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने खूंटी लोस क्षेत्र के 26 सड़कों के सुदृढ़ीकरण की मंजूरी दी है। इन सड़कों की लंबाई 262.33 किमी है। विगत छह दिसंबर को ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को पत्र लिख कर सड़कों के सुदृढीकरण को सहमति दी थी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिये प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चलाया जाता है।

## राज्य खाद्य आयोग के स्थापना दिवस समारोह में स्पीकर रवींद्र नाथ महतो बोले-

# गरीबों का निवाला छीनने वालों पर हो कार्रवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा है कि गरीबों का निवाला छीनने वालों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। श्री महतो शुक्रवार को झारखंड राज्य खाद्य आयोग के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह आयोजन श्रीकृष्ण लोक सेवा संस्थान में किया गया था। स्पीकर ने कहा कि आयोग ने उल्लेखनीय काम किया है जिससे लोगों में जागरूकता आई है। उन्होंने कहा कि झारखंड खाद्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं बन पाया है। ऐसी परिस्थिति में सरकार की योजनाओं का लाभ आम लाभुक तक मिले, ये दायित्व अहम है। राज्य में कोई भूखा ना रहे, इसके लिए सिस्टम को और चुस्त दुरूस्त करने की जरूरत है। आयोग ने इसे गंभीरता से लिया है। वहीं आयोग ने आयोग ने विभिन्न शिकायतों के लिए 9142622194 व्हाट्स नंबर जारी किया है। साथ ही, वेवसाइट-ईमेल और डाक से भी शिकायतें दर्ज कर रहा है।



### हजारों शिकायतों का हुआ निराकरण : हिमांशु शेखर

झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों को लागू कराना आयोग की जिम्मेवारी है। आयोग इसके लिए पूरी तरह प्रयासरत है। आयोग अपने दायित्वों और कर्तव्यों के निर्वहन में पारदर्शिता को प्राथमिकता देता रहा है। जन वितरण प्रणाली केंद्रों, स्कूलों में दिया जाने वाला भोजन, समेकित बाल विकास योजना, आंगनबाड़ी और जननी सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं की निगरानी और इससे संबंधित शिकायतों का निराकरण आयोग के द्वारा हो रहा है। अधिकार जानें,अधिकार मांगे के टैग लाइन के साथ आयोग ने 30 नवंबर तक 1700 शिकायतों में से करीब 1300 शिकायतों का निराकरण कर दिया है।

**इन्हें किया गया सम्मानित :** आयोग की वेबसाइट पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए बोकारो के डीजीआरओ सादात अनवर, व्हाट्सअप पर प्राप्त शिकायतों के निष्पादन के लिए देवघर के डीजीआरओ चंद्रभूषण सिंह और डाक से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए पश्चिम सिंहभूम के डीजीआरओ संतोष कुमार सिन्हा को सम्मानित किया गया। वहीं, ओवरऑल परफॉरमेंस के लिए गिरीडीह डीजीआरओ विस्सन भेंगरा, बोकारो डीजीआरओ सादात अनवर, देवघर डीजीआरओ चंद्रभूषण सिंह और गुमला के डीजीआरओ सुधीर कुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया। इन्हें स्पीकर ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम में आयोग की सदस्य शबनम परवीन, पूर्व सदस्य रंजना, विभिन्न जिलो से आये प्रतिनिधि थे।


cmpdi A Miniratna Company

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, कांक रोड रांची - 834031, झारखंड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

शुद्धि-पत्र

लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला के द्वारा आमंत्रित ई.-निविदा आमंत्रण सूचना सं.- WRD/ MID/ GUMLA/F2-17/2022-23 (पी.आर. सं.- 282859 Minor Irrigation (22-23)#D) की शर्त्त Section-II की कंडिका A-4 (4.4A)(b) निम्न प्रकार पढ़ा जाए:-

Earthwork - 5057.3M³
Boulder Masonary - 665.38 M³
Boulder Pitching - 108 M³
P.C.C./R.C.C. - 675.72 M³

निविदा सूचना की शेष भाग एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता
PR 284649 Minor Irrigation (22-23)_D लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला


## पूर्व सीएम का दावा- ऑडिट हुआ तो 1000 करोड़ का घोटाला निकलेगा

# महंगे दामों में बिक रही घटिया शराब बड़े घोटाले की है आशंका : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि लाइसेंसी शराब दुकानों में महंगी कीमत पर घटिया शराब बिक रही है। श्री मरांडी ने ट्वीट कर कहा है कि ठीक से ऑडिट हुआ तो 1000 करोड़ से भी ज्यादा का घोटाला सामने आयेगा। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने अंतिम जोहार यात्रा से थोड़ा समय निकाल कर झारखंड में जारी शराब घोटाले से खुद को बचाने के लिए चिंता करें क्योंकि देर-सबेर इस महापाप का ठीकरा उनके ही सिर फूटने वाला है।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उत्पाद विभाग की समीक्षा बैठक में अफसरों से कहा था कि राजस्व का नुकसान हुआ तो कड़ी कार्रवाई होगी लेकिन सरकार के अफसर 30 करोड़ जुर्माने की रकम वसूलने में पता नहीं किससे डर रहे हैं। कुछ मैन पावर कंपनियों की बैंक गारंटी जब्त करने का ड्रामा हो रहा है जबकि ये कंपनियां बैंक गारंटी से काटी गयी। छत्तीसगढ़ी आइडिया और मैन पावर कंपनियों ने 7 महीने में सरकारी राजस्व को 600 करोड़ का चूना लगा दिया है। उत्पाद विभाग के अफसर शराब घोटाले के पदार्फाश होने का इंतजार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि खबर है कि उत्पाद विभाग ने नये मैन पावर कंपनी एमएस जीटीएक्स फैसिलिटीज को जोन 03 और 06 का शराब बेचने का काम दिया है। लेकिन, जीडीएक्स ने बैंक गारंटी भी जमा नहीं किया है। जबकि इसे अविलंब जमा करने का नियम है। उन्होंने कहा कि उत्पाद विभाग को प्रयोगशाला बना दिया गया है।

## एसीबी कोर्ट में हाजिर हुए सत्यानंद भोक्ता

# तत्कालीन कृषि मंत्री पर 46.10 करोड़ रुपये गबन का है आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शुक्रवार को श्रम मंत्री सह तत्कालीन कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता बीज घोटाले में एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में व्यक्तिगत रूप से हाजिर हुये। दरअसल, वर्ष 2009 में हुए 46.10 करोड़ रुपये के बीज घोटाले में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता आरोपी बनाये गये हैं। मामले में आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित थी। लेकिन, इनकी ओर से गुरुवार को ही डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की गई थी। दाखिल अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एसीबी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगी गई। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 22 दिसंबर निर्धारित की है। सत्यानंद भोक्ता पर आरोप है कि 2005 में कृषि मंत्री रहते हुए उन्होंने पद का दुरुपयोग किया।

मालूम हो कि विनीत कच्छप की शिकायत पर एसीबी ने 2009 में पूर्व मंत्री नलिन सोरेन और कृषि निदेशक निस्तार मिंज के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान एसीबी ने 2015 में सत्यानंद भोक्ता सहित अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसके बाद से ही उनकी मुश्किलें बढ़ी हुई है। पिछले महीने झारखंड हाईकोर्ट ने कृषि घोटाले की और जांच की मांग वाली उनकी याचिका को 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए खारिज कर दिया था।

## तत्कालीन कृषि निदेशक के खिलाफ आरोप गठित

**46 .10 करोड़ रुपये के बीज घोटाले का मामला**

**रांची।** 46.10 करोड़ रुपये के बीज घोटाले में शुक्रवार को 13 साल बाद मामले के आरोपी तत्कालीन कृषि निदेशक निस्तार मिंज के खिलाफ एसीबी की विशेष अदालत ने आरोप गठित किया। सुनवाई के दौरान आरोपी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित थे। अदालत ने उनके ऊपर लगे आरोपों के बारे में पूछा। जिस पर उन्होंने अपने आप को निर्दोष बतलाया। इसके बाद अदालत ने आरोप गठन की कार्रवाई पूरी की। साथ ही मामले में अभियोजन पक्ष को 10 जनवरी 2023 से साक्ष्य प्रस्तुत करने की तारीख निर्धारित की। मालूम हो कि इसी मामले में आरोपी राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं अन्य के खिलाफ चल रहे केस की फाइल अलग कर दी गई है।

## गुजरात के पर्यवेक्षक बनाये गये अर्जुन मुंडा



**रांची।** केंद्रीय जनजातीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा सांसद अर्जुन मुंडा गुजरात में विधायक दल का नेता चुनने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाये गये हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 10 दिसंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ अहमदाबाद जायेंगे।

## मंत्री आलमगीर ने शंभु भगत को टेंडर नहीं भरने के लिए धमकाया: हाइकोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम पर गंभीर टिप्पणी की है। बड़हरवा टोल प्लाजा से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि आलमगीर आलम ने प्रार्थी को टेंडर नहीं भरने के लिए धमकी दी है।

पूरे मामले को देखकर ऐसा लगता है कि इस केस से जुड़े आरोपी आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को बचाने के लिए उनके खिलाफ चार्जशीट नहीं दाखिल की गई। जबकि इसी केस में 8 अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। पुलिस ने गंभीर आरोप होने के बावजूद आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को क्लीनचिट दे दी। यह चिंता का विषय है। वहीं, अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि ऐसा लगता है कि



जिस टोल प्लाजा के टेंडर को लेकर विवाद हुआ है। वह काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह टोल प्लाजा झारखंड, बिहार और बंगाल के बॉर्डर पर है।

दरअसल, हाईकोर्ट ने शंभु नंदन कुमार की क्रिमिनल रिट पर सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कही हैं। वर्ष 2019 में साहेबगंज के शंभु भगत ने टोल नाके के निविदा मामले को लेकर मंत्री आलमगीर आलम एवं पंकज मिश्रा पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया था। इसके बाद उन्होंने करीब 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करवाई थी।


उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(समाज कल्याण शाखा)
इच्छा की अभिव्यक्ति
(Expression of Interest)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत ओल्ड एज होम (पचास बेड क्षमता) के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा।

अतः इच्छूक स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान- जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक-23/12/2022 को पूर्वाहन/अपराहन 01:00 बजे तक हाथों-हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक- 23/12/2022 को 03:00 बजे पूर्वाहन/अपराहन में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि को उपस्थित रहना होगा।

नोट:- उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 284684 Women, Child Development & Social Security(22-23)D — उपायुक्त, कोडरमा।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(District eGovernance Society)

Walk-in-Interview

जिला प्रशासन, कोडरमा द्वारा नवाचार गतिविधि के तहत DeGS Computer Basic Training की शुरूआत किया गया है। कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु योग्य कम्प्यूटर प्रशिक्षक की आवश्यकता है। कम्प्यूटर प्रशिक्षक हेतु शैक्षणिक योग्यता, परिलब्धि एवं अन्य शर्त्ते निम्नवत है:-

| क्र0 | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर प्रशिक्षक | PGDCA/BCA/MCA/B.Tech (CS)/M. Tech (CS) from recognised university. | 1. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनत्तम दर देय होगा। 2. प्रत्येक दिन न्यूनत्तम छः कक्षाएं पढाना होगा, प्रत्येक कक्षा 60 मिनट का होगा। इसके अतिरिक्त कक्षाएं पढाने पर अतिरिक्त राशि देय होगा। |

Walk-In-Interview की तिथि:- 19/12/2022 समय 11:00 बजे पूर्वा0।
स्थान:- समाहरणालय सभागार, (DC Office) कोडरमा। विशेष जानकारी हेतु koderma.nic.in या degs.kodermadm.in देखें।

ह0/
उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, DeGS, कोडरमा
PR 284718 Koderma(22-23)#D

ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2 धुर्वा, रॉंची

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई-निविदा प्रसंग सं0- Energy/EWD/Ranchi/60/2022-23 दिनांक- 09/12/2022

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | राजेन्द चौक, डोरण्डा, रॉंची स्थित माननीय न्यायाधिश बंगला सं0 3 में 14 अदद 1.5/2.0टन क्षमता के इन्वेंटर टाईप स्पलीट वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 12,20,989=00 | 5,000=00 | 25,000=00 | 28 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.12.2022 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 21.12.2022 के 10.30 बजे अपराह्न से 27.12.2022 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 28.12.2022 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651-2490069 | | | |

नोट :- निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,
रॉंची
PR284720 (Energy)22-23*D

JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
ELECTRICAL SUPERINTENDING ENGINEER
ELECTRIC SUPPLY CIRCLE,RAMGARH
RAMGARH CANTT, PIN – 829122 E-mail id: ese.ramgarh@gmail.com, Phone : 065553-231987

SHORT TENDER NOTICE

Sealed tenders in two parts (Part-I Technical & commercial and Part –II price part ) subscribed on sealed envelope are invited from the reputed firms/agencies having good experience of following same type of civil works and having sound financial status:-

| Sl. No. | S.T.N. No. | Name of work | Estimate Cost (In Rs) | Cost of B.O.Q in Rs. (Non-refundable) | Earnest money To be deposited in Rs. | Time of completion of the work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 184/PR/JB VNL/22-23 | R/M of M.E.S Office side boundary wall at E.S.C, Ramgarh. | 3,43,110.00/- | 886.00/- (GST Included) | 6900.00/- | 03 (Three) months |

1. Last date for sale of tender documents up to. 22.12.2022 Up To 05.00P.M
2. Last date & time for submission of Tender- 23.12.2022 Up To 12:30 P.M
3. Date & time for opening of Tender (Part-1) 23.12.2022 At 01:00 P.M.
1. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in working hours on depositing cost of B.O.Q. with Accounts Officer, Electric Supply Circle, Ramgarh in shape of Demand Draft / Cash.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्जकरायें।

Sd/-
Electrical Superintendent Engineer
Electric Supply Circle, ramgarh
PR 284660 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(22-23)#D

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

शुद्धि-पत्र

लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला के द्वारा आमंत्रित ई.-निविदा आमंत्रण सूचना सं.- WRD/MID/ GUMLA/F2-22/2022-23(पी. आर.सं.-282867 Minor Irrigation (22-23)#D) की शर्त्त Section-II की कंडिका A-4 (4.4A)(b) निम्न प्रकार पढ़ा जाए:-

Earthwork -2413.75M³
Boulder Masonary - 554.37 M³
Boulder Pitching - 39.59 M³
P.C.C./R.C.C. - 267.63 M³

निविदा सूचना की शेष भाग एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
PR.NO.284657 Minor Irrigation(22-23):D लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।

श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान,
झारखण्ड सरकार, मेयर्स रोड, रॉंची-834008
निलामी सूचना

श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रॉंची मुख्य भवन एवं छात्रावास में बड़ी संख्या में वर्तमान में संस्थान के लिए अनुपयोगी सामग्रियाँ उपलब्ध है, जिसकी आावश्यकता संस्थान को अब नहीं है। उक्त सामग्रियों की निलामी दिनांक 19.12.2022 को पूर्वाह्न 11.30 बजे की जाएगी।

निलामी की शर्ते :-
1. उक्त सामग्रियाँ जैसे है, जिस अवस्था में है, उसी रूप में निलामी की जायेगी।
2. निलामी हेतु प्रतिभागियों से रूपये 50,000/- (पचास हजार) अग्रधन के रूप में निदेशक, श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रॉंची के नाम से बैंक ड्राफ्ट लिया जायेगा। सफल प्रतिभागियों की अग्रधन राशि उक्त सामग्रियों के लिए बोले गये डाक में सामंजित कर ली जायेगी एवं असफल प्रतिभागियों को उसी दिन अग्रधन की राशि लौटा दी जायेगी।
3. सफल प्रतिभागी का डाक की राशि संस्थान के खाते में जमा होने के उपरांत संस्थान द्वारा सूचित करने पर दो दिनों के अन्दर उक्त सामग्रियों को उठा लेना होगा।
4. उक्त सामग्रियाँ संस्थान परिसर में कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है और आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
5. विस्तृत जानकारी एवं सामग्रियों की सूची के लिए prdjharkhand.in पर देखा जा सकता है।

(अनिल कुमार)
अपर निदेशक
PR 284702 SKIPA(22-23)D

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(समाज कल्याण शाखा)
अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड रॉंची के संकल्प संख्या 2196 दिनांक 23-09-2022 के आलोक आंगनबाडी केन्द्रो एवं लघु आंगनबाडी केन्द्रो में उपस्थित होने वाले 03-06 वर्ष के बच्चो को गर्म पोशाक (Winter Uniform) उपलब्ध कराया जाना है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित आंगनबाडी केन्द्र एवं लघु आंगनबाडी केन्द्रो में पंजीकृत 03-06 वर्ष के बच्चो के लिए गर्म पोशाक (Winter Uniform) का क्रय एवं आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी से मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी निविदा का आवेदन मुहर बन्द लिफाफे में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान- जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक 20/12/2022 को पूर्वाह्न/अपराह्न 01:00 बजे तक हाथों-हाथ जमा कर सकते हैं। उक्त निविदा उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक 20/12/2022 को 03:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में जिला स्तरीय क्रय समिति/निविदा समिति के सदस्यो के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र0 | विवरणी | तिथि एवं राशि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा की कुल राशि | 1,03,44,800/-रू0 |
| 2 | निविदा प्रकाषन की तिथि | 09/12/2022 |
| 3 | निविदा जमा करने का स्थान | जिला समाज कल्याण कार्यालय कोडरमा |
| 4 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 20/12/2022 समय 01:00 PM |
| 5 | नमूना जमा करने की अंतिम तिथि | 20/12/2022 |
| 6 | निविदादाताओं का जिला क्रय समिति के साथ बैठक एवं निविदा खोलने की तिथि | 20/12/2022 |

नोट:- उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
कोडरमा।
PR 284682 Women, Child Development & Social Security(22-23)D


## पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की ऑनलाइन समीक्षा

# योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायें : राजेश्वरी बी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पंचायती राज विभाग की निदेशक राजेश्वरी बी ने विभाग की योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने विभागीय ऑनलाइन समीक्षा के दौरान सभी जिला के उपविकास आयुक्तों, जिला पंचायत पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करें।

बैठक में पंचायती राज निदेशक ने ग्राम पंचायत स्तर पर प्रारंभ की गयी नई योजना पंचायत ज्ञान केंद्र की जानकारी दी। पंचायत ज्ञान केंद्र के तहत ग्राम पंचायत में एक ऐसे केंद्र की परिकल्पना की गयी है जहाँ पुस्तकालय के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा केंद्र, सूचना केंद्र एवं प्रशिक्षण केंद्र होगा। योजना के पहले वर्ष में राज्य के



सभी जिलों में कुल 500 पंचायत ज्ञान केंद्र की स्थापना की जानी है। उस केंद्र में आवश्यक अधोसंरचना सुविधाओं के साथ पाठ्य पुस्तकें, मैगजीन एवं ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध होगी।

समीक्षात्मक बैठक के दौरान निदेशक, पंचायत राज जिला परिषद तथा पंचायत समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 अंतर्गत प्राप्त राशि के विरुद्ध किए गए खर्च की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में मनरेगा आयुक्त-सह-पंचायती राज निदेशक को 15वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। पंचायती राज निदेशक ने जिलावार संचालित योजनाओं की जानकारी ली एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। पंचायती राज निदेशक ने नियमानुसार राशि खर्च करने का निर्देश दिया।

15वें वित्त आयोग अंतर्गत जिला परिषद्, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत को आबद्ध एवं अनाबद्ध अनुदान अंतर्गत उपलब्ध करायी गई निधि की समीक्षा की एवं जिला परिषद्, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत को वित्त वर्ष 2022-23 की कार्य योजना के अनुरूप गतिविधियों के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। समीक्षात्मक बैठक में पंचायती राज विभाग द्वारा क्रियान्वित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज की भी समीक्षा की गयी।

## क्लीन चिट दिए जाने के खिलाफ सोनू मुंडा ने खटखटाया है कोर्ट का दरवाजा

# बढ़ सकती है रिनपास निदेशक की मुश्किलें

**कोर्ट ने सोनू मुंडा को इस केस से जुड़े सभी साक्ष्य अदालत के समक्ष जमा करने का दिया है निर्देश**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिनपास की निदेशक जयति सिमलइ की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ सकती हैं। मरीज की मौत से जुड़े मामले में पुलिस द्वारा कोर्ट में फाइनल फॉर्म दाखिल करने और फाइनल फॉर्म में जयति सिमलइ को क्लीन चिट दिए जाने के खिलाफ सोनू मुंडा ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस केस के सूचक सोनू मुंडा ने प्रोटेस्ट याचिका दाखिल की थी जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अब कोर्ट इस प्रोटेस्ट याचिका पर कम्प्लेन केस की तरह सुनवाई करेगा।

कोर्ट ने सोनू मुंडा को यह निर्देश दिया है कि इस केस से जुड़े सभी साक्ष्य अदालत के समक्ष जमा करें। कांके के रहने वाले सोनू मुंडा ने अधिवक्ता ईशान रोहन तिवारी के माध्यम से फाइनल फॉर्म के विरुद्ध प्रोटेस्ट याचिका दाखिल की है।

मालूम हो कि रिनपास में इलाजरत महिला मरीज की मृत्यु के मामले में पुलिस ने अपना अनुसंधान पूरा कर कोर्ट में फाइनल रिपोर्ट जमा कर दी है। इसके बाद अदालत ने इस केस के कम्प्लेनेंट को नोटिस जारी कर पक्ष रखने का निर्देश दिया था जो रिपोर्ट कोर्ट में सौंपी गई है, उसमें पुलिस ने रिनपास की डायरेक्टर जयति सिमलइ को क्लीनचिट दे दी है। कांके थाना के एस आई संतोष कुमार इस केस के जांच अधिकारी है। पुलिस ने अब तक इस केस से जुड़े कुल 7 गवाहों का बयान लिया है। जिसमें केस करने वाले सोनू मुंडा, तत्कालीन निदेशक सुभाष सोरेन, रिनपास की मेट्रोन रेनू डेए वार्ड प्रभारी निर्मला टोप्पो, नर्स अर्चना कुमारी और चिकित्सा पदाधिकारी लावण्या एक्का के द्वारा दी गई गवाही के आधार पर जयति सिमलई को क्लीनचिट दी गई है।

### क्लोजर रिपोर्ट में क्या

कोर्ट में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया है कि तैरू निशा करंज पेड़ पर चढ़ने के दौरान पैर पिछलने के गिरी थी। जिस करंज पेड़ की डाली से गिरी उस डाली को काट कर हटा दिया गया। ताकि अन्य कोई मरीज इस तरह की घटना का शिकार नहीं हो। जांच के दौरान आईओ ने वहीं के कई स्टाफ से पूछताछ की। लोग एवं स्टाफ ने तो घटना का समर्थन किया लेकिन मरीज डॉ सिमलई की कार से टक्कर लगने से जख्मी हुई थी, इसका समर्थन नहीं किया। आगे कहा गया है कि घटनास्थल काफी घुमावदार है। वहां तेज गति से वाहन चलाना संभव नहीं है। ऐसे में वाहन चलाने में लापरवाही संभव नहीं है।

## काम में तेजी से कांटाटोली फ्लाईओवर के समय से बनने की उम्मीद जगी

# कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य में आयी तेजी, 7 माह में 10 पीयर जमीन से ऊपर आये

### बाधाओं के कारण एक साल में सिर्फ दो पीयर ही बन पाये थे

**अप्रैल से अब तक तीन बार नोटिस दिये जाने के बावजूद नहीं हटे अतिक्रमण और केबल, ऑप्टिकल फाइबर, ओवरहेड एवं ग्राउंडेड यूटिलिटी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अत्याधुनिक सेगमेंटल गडर प्रणाली से बन रहे कांटाटोली फ्लाईओवर का कार्य अब जमीन पर दिखने लगा है। पिछले सात माह में ही 10 पीयर यानी खंभे जमीन के उपर आ गये हैं जबकि बाधाओं के कारण पिछले साल मात्र दो पीयर ही बन पाये थे। कांटाटोली फ्लाईओवर 2240 मीटर लंबा योगदा सत्संग भवन से शांतिनगर तक बन रहा है।



फ्लाईओवर के लिए कुल 42 पीयर बनना है। शेष पीयर भी समय से बन जायेंगे। इसके बाद फैक्ट्री से बन कर आये 16-16 मीटर के सेगमेंटल गडर को पीयर पर रखकर फ्लाईओवर का रूप दिया जाना शुरू किया जायेगा। यह गडर चेनवाले क्रेन से पीयर पर चढ़ाया जायेगा। सबसे कठिन कार्य 16 मीटर के एक गडर को फैक्ट्री से कांटाटोली तक लाना होगा। 16 मीटर का गडर नामकुम से लाने में चौक चौराहों पर घुमाना एक कठिन कार्य होगा। फिर प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से गडर लाकर पीयर पर चढ़ाया जायेगा। अब तक 17 पाइल कैप की भी कास्टिंग हो चुकी है।

जुडको ने फ्लाईओवर बनाने वाली कंपनी मेसर्स दिनेशचंद्र अग्रवाल एंड संस को दोनों ओर सर्विस लेन बनाने के लिए अलकतरा उपलब्ध करा दिया है। अब जल्द ही सर्विस लेन बनाने का भी काम शुरू हो जायेगा। इससे आम लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी। बरसात के कारण सर्विस लेन का कालीकरण नहीं हो पा रहा था। फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में अब भी बाधायें है। पिछले अप्रैल माह से तीन बार पब्लिक नोटिस दिये जाने के बावजूद अब तक नहीं अतिक्रमण हटा और ना ही बिजली तार के खंभे। आप्टिकल फाइबर और केबल जंक्शन बाक्स भी नहीं हटे हैं। बावजूद इसके निर्माण कार्य करने वाली कंपनी यथासंभव तेजी से कार्य करती जा रही है। वैसे रांची नगर निगम और यातायात पुलिस का सहयोग भी काम में तेजी लाने में सहायक रहा है। फ्लाईओवर का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराकर आम लोगों को राहत दिलाने के लिए टेंडर का निष्पादन भी रिकार्ड समय में किया गया।

# बरियातू में हॉट लिप्स की शाखा का उद्घाटन आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** हॉट लिप्स ग्रुप की एक और शाखा आज राजधानी के बरियातू में उदघाटन होगा। इसका उद्घाटन स्वर्गीय गोपाल साहू की स्मृति में शाम चार बजे होगा। बरियातू स्थित हॉट लिप्स रेस्तरां में शाकाहारी एवं मांसाहारी दोनों तरह के व्यंजन उपलब्ध होंगे। मुख्य रूप से इंडियन, चाइनीज, कॉन्टिनेंटल सहित कई प्रकार के शुद्ध स्वादिष्ट व्यंजनों को शामिल किया गया है। इस रेस्तरां में एक साथ 150 लोगों की बैठने की व्यवस्था है। हॉट लिप्स के संचालक रंजन कुमार ने बताया कि जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए बरियातू में हॉट लिप्स रेस्तरां का शुभारंभ किया जा रहा है। रेस्तरां सुबह 10:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक खुला रहेगा। होम डिलीवरी की भी व्यवस्था की गई है जो पूरी तरह निःशुल्क होगी।

बता दें कि हॉट लिप्स रेस्तरां झारखंड गठन के पूर्व 1987 से ही स्वादिष्ट व्यंजनों एवं कैटरिंग सेवा के लिए जाना जाता है। हाल ही में कांके रोड स्थित हॉट लिप्स की री-लांचिंग भी हुई है। कांके में ही इसकी एक शाखा गोकुल रेस्तरां रांची के टॉप आधुनिक रेस्तरां में शामिल है।

## हाई कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए एसएसपी

**रांची।** हाई कोर्ट में शुक्रवार को रांची एसएसपी उपस्थित हुए। चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने एसएससपी को सिलागाई में एकलव्य विद्यालय के निर्माण में आ रही लॉ एंड ऑर्डर की परेशानी को खत्म करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने उनसे पूछा कि स्कूल निर्माण में जो लोग बाधा बन रहे हैं उनके खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई है। अदालत ने सरकार को यह निर्देश दिया है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जिस भूमि पर स्कूल बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया है उसी स्थान पर स्कूल निर्माण करायें। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि किसकी मर्जी से स्कूल भवन को शिफ्ट करने की योजना बनी। इसपर सरकार से जवाब मांगा है।

# रिम्स में 16 से 18 दिसंबर तक कनाडा के डॉक्टर तकनीक की देंगे जानकारी

**32 नये शोध के लिए ₹2 करोड़ की राशि भी हुई स्वीकृत**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मेडिकल रिसर्च के क्षेत्र में रिम्स को हब के रूप में विकसित करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। यहां 32 नये शोध के लिए 02 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। 16 से 18 दिसंबर तक कनाडा के विश्व विख्यात रिसर्च वैज्ञानिक इसकी जानकारी देंगे कि सफल रिसर्च कैसे करें। रिम्स के डीन रिसर्च डॉ प्रदीप भट्टाचार्य ने बताया




कि रिम्स और पूरे भारत के अलग अलग फैकल्टी के 100 से अधिक वरिष्ठ डॉक्टरों को मेडिकल के क्षेत्र में शोध की आधुनिक तकनीक की जानकारी दी जायेगी। इसके लिए कनाडा से गॉर्डन गुयाट और प्रोफेसर ब्रैम रोचवर्ग की कार्यशाला 16-18 दिसंहर तक रांची में होगी। हेल्थ साइंस सेंटर, मैकमास्टर यूनिवर्सिटी कनाडा से जुड़े हैं। ये दोनों विश्व विख्यात रिसर्चर हैं और रिम्स सहित देशभर के 100 से अधिक सीनियर डॉक्टर्स को मेडिकल के क्षेत्र में रिसर्च की तकनीक सिखाएंगे। डॉ भट्टाचार्य ने बताया कि तीन दिवसीय रिसर्च कार्यशाला का नाम ग्रेड वर्कशॉप ऑन रिसर्च रखा गया है। समुदाय आधारित वर्कशॉप का फायदा समाज, संस्थान और सरकार की नीतियां बनाने में हो। इसके लिए ही रिम्स को एक आदर्श अस्पताल के साथ साथ अगले पांच-दस वर्षों में रिसर्च संस्थान के रूप में पहचान बनाने की कोशिश की जा रही है। यह पहला मौका होगा जब कनाडा से विश्व विख्यात रिसर्च वैज्ञानिक रांची में रहकर मेडिकल रिसर्च के आधुनिक तकनीक सहित सभी जानकारियां देंगे।

## खबर एक नजर में

### मध्यस्थता अभियान में 87 मामले निष्पादित

**रांची।** मध्यस्थता केन्द्र, रांची में आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का समापन शुक्रवार हो गया। अंतिम दिन परिवार न्यायालय एवं विभिन्न न्यायालयों से कुल 12 मामलों को सुलझा लिया गया। ज्ञात हो कि विशेष मध्यस्थता अभियान में कुल 87 मामले सुलह कराये गये।

### एलआइसी : रक्तदान शिविर में 71 यूनिट रक्त संग्रह



**रांची।** पुरुलिया रोड स्थित एलआईसी रांची शाखा-02 में शुक्रवार को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 71 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। एलआईसी मंडल कार्यालय जमशेदपुर के लीगल डिपार्टमेंट के मैनेज अलबर्ट मिंज एवं रांची शाखा-02 के शाखा प्रबंधक अनुप लाल किस्कू, मंडल सचिव आईईएजेडी अमित मैती ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में एलआईसी के प्रशासनिक अधिकारी विजय गांगुली ने 68वीं बार रक्तदान किया। कैंप के आयोजक आशीष कुमार दास, मनोज मिंज, मुनव्वर वशी, मनोज झा, दीपक एवं सहयोगी मौजूद थे।

### मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में सलाद बनाओ प्रतियोगिता



**रांची।** मदर्स इंटरनेशनल स्कूल जाहेर, ब्राम्बे, रांची में सलाद बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी नन्हे मुन्हे छात्र छात्राओं ने हृदय से इस कार्यक्रम में भाग लिया। नीतू मैडम, बनी टॉमिलसन, नोएल टॉमिल्सन और हेमा मैडम के संरक्षण में कार्यक्रम को बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापिका ने सभी बच्चों को धन्यवाद दिया। इसके बाद पुरस्कार वितरण किया गया।

### बीओआई राँची आंचलिक कार्यालय पुरस्कृत



**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 'क' क्षेत्र के बैंक श्रेणी में संघ सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए वित्त वर्ष 2021-22 के लिए बैंक ऑफ इंडिया राँची आंचलिक कार्यालय को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार 8 दिसंबर 2022 को भुवनेश्वर में आयोजित एक दिवसीय संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने बैंक ऑफ इंडिया राँची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजय कुमार खेमका को शील्ड प्रदान कर तथा प्रबंधक (राजभाषा) राजेश यादव को प्रमाणपत्र देकर कर सम्मानित किया।

### एशियन पेंट्स का एपेक्स डस्टप्रूफ लांच

**रांची।** किसी घर की बाहरी दीवारें अक्सर गर्मी, धूल और सख्त मौसम के थपेड़े झेलती हैं, ऐसे में दीवारों के पेंट फीके पड़ जाते हैं या उड़ जाते हैं और उनकी खूबसूरती खत्म हो जाती है। एशियन पेंट्स एपेक्स डस्टप्रूफ में किसी घर की बाहरी दीवारों की खूबसूरती को होने वाले नुकसान या क्षति से बचाने के लिये सारी चीजें हैं। पेंट और डेकोर के दिग्गज ब्रांड के इस नए कैंपेन में समझदारी के साथ घर की इस मुश्किल को सुलझाया गया है। विज्ञापन में दिखाया गया है कि कैसे एशियन पेंट्स एपेक्स डस्टप्रूफ इमल्शन धूलभरी आंधी से लड़ने और घर की दीवारों को मौसम की सख्त मार से बचाने के लिए एकदम उचित पेंट सॉल्यूशन है। इसे लगाने से घरों को खराब मौसम की स्थितियों से सुरक्षा मिलेगी और इसे सालों तक नया और बेदाग बनाए रखेगी।

### झारखंड के गाने कर्नाटक इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2022 में चयनित



**रांची।** मेरी आवाज मेरी पहचान के बैनर तले बना एल्बल का कर्नाटक इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में चयन किया गया है। झारखंड का गाना दूसरे बड़े राज्य में नामांकित किया गया है, ये झारखंड वासियों के लिए गर्व की बात है। एल्बम की लॉन्चिंग पर बॉलीवुड एक्टर देवेश खान ने बताया कि कर्नाटक फिल्म फेस्टिवल में झारखंड का गाना का चयन सौभाग्य की बात है। नैना के नाम से एल्बम को काफी पसंद किया जा रहा है। उभरते सिंगर कुमार गहलोत और नीलम टोपनो ने अपनी खूबसूरत आवाज दी है। सिंगर कविता होरो का कोरियोग्राफी भी शानदार है। छत्तीसगढ़ के मशहूर कलाकार राज गुप्ता के ऊपर इस गाने को फिल्माया गया है।

## आदिवासी बचेगा तभी आदिवासी संस्कृति और प्रकृति बचेगी : शिवा

**रांची।** सरना प्रार्थना सभा भिट्ठा, कांके रोड रांची के तत्वावधान में शुक्रवार को सरना प्रार्थना सभा सह वर्षगांठ का आयोजन किया गया। केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि आदिवासी बचेगा तो ही आदिवासी संस्कृति बचेगी और आदिवासियों के साथ प्रकृति बचेगी। समाज के अगुवा मंगल मिंज ने कहा कि आदिवासी समुदाय को एकजुट रहने के लिए प्रार्थना सभा आवश्यक है। धार्मिक अगुवा सुनील गाड़ी ने कहा कि आदिवासी समाज को शिक्षा पर काफी जोर देने की जरुरत है क्योंकि समाज शिक्षित होता तो आदिवासी समाज के लोगों में जागृति आएगी और आदिवासी समाज से अंधविश्वास दूर होगा। कार्यक्रम में रवि तिग्गा, नारायण उरांव, वर्षा गाड़ी, नकूल तिर्की, संगीता गाड़ी, रेणु उरांव, सिबन उरांव, महादेव कच्छप, राजेश टोप्पो, विकास कच्छप, अरविंद लकड़ा, विजय लकड़ा, संजय टोप्पो, अनुप गाड़ी, संदीप आदि थे।

# लोगों के बीच अच्छाई और खुशियां बांटने का समय है आगमन काल : कुलदीप तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची महाधर्मप्रांत के पूर्व महाधर्माध्यक्ष रहे कार्डिनल टेलेस्फोर पी. टोप्पो हमेशा कहा करते थे ईश्वर जो भी करता है ठीक ही करता है। भगवान ने इस धरा पे सबकुछ अच्छा बनाया है। आगमन काल के नाम पर हम मसीही उसी महान प्रभु के जन्मोत्सव की तैयारी कर रहे हैं। येसु ख्रीस्त के विश्वास में बढ़ने वाले पूरे जगत के मसीही अपने-अपने अंदाज में आगमन काल की अवधि में आध्यात्मिक आंतरिक तैयारी और दुनियावी तैयारी से खुद को और अपने गांव घर, परिवेश व मुहल्ले को शांति के राजकुमार और न्याय के मसीही बालक येसु के लिए तैयार कर रहे हैं ताकि प्रभु येसु लोगों के हृदय, मन, शरीर, घर व हर स्थान में वास करे।

राँची महाधर्मप्रांतीय यूथ को-ऑर्डिनेटर कुलदीप तिर्की ने खबर



मन्त्र को आगमन काल के संदर्भ में जानकारी दी। इसे समझाने के लिए उन्होंने एक लधु कथा का भी उल्लेख किया। जिसमें उन्होंने बताया कि एक दिन किसी कॉलेज के प्रोफेसर ने अपने विद्यार्थियों से सवाल किया कि इस संसार में जो कुछ है सबके सृष्टिकर्ता ईश्वर या भगवान हैं ऐसा मानते हैं? छात्रों ने हां में प्रत्युत्तर दिया। विद्यार्थियों की इस स्वीकृति पर प्रोफेसर ने कहा कि इसका मतलब यह हुआ की बुराई भी भगवान की बनाई चीज है। प्रोफेसर केयह कहने पर एक विद्यार्थी ने त्वरित प्रतिक्रिया में कहा इतनी जल्दी इस निष्कर्ष पर मत पहुंचिए सर। प्रोफेसर ने उस छात्र से पूछा क्यों? अभी तो आप सभी ने यह माना कि इस संसार में सबकुछ भगवान का ही बनाया हुआ है। फिर इस पर आप की आपत्ति क्यों? तब विद्यार्थी ने प्रोफसर से कहा सर आप मेरो दो छोटे-छोटे सवालों का जवाब दें तो मैं मान लूंगा। विद्यार्थी ने सवाल किया क्या दुनिया में ठंड का कोई वजूद है? प्रोफेसर ने कहा बिल्कुल है। सौ फीसदी है। हम ठंड को महसूस करते हैं। विद्यार्थी ने कहा नहीं सर ठंड कुछ है ही नहीं यह गर्मी की अनुपस्थिति का एहसास है। जहां गर्मी नहीं होती वहां हम ठंड महसूस करते हैं। विद्यार्थी के इस तर्क पर प्रोफेसर चुप रहे। विद्यार्थी ने दूसरा सवाल में पूछा सर क्या अंधेरे का कोई अस्तित्व है? प्रोफसर ने कहा बिल्कुल है। रात को अंधेरा होता है। विद्यार्थी ने कहा नहीं सर, अंधेरा कुछ होता ही नहीं है। यह तो जहां रोशनी नहीं पहुंचती है वहां अंघेरे की अनुभूति होती है। विद्यार्थी ने कहा कि सर आप हमें सिर्फ लाईट एंड हिट (प्रकाश व ताप) ही पढ़ाते हैं। आप हमें डार्क एंड कोल्ड (अंधेरा व ठंड) नहीं पढ़ाते हैं। फिजिक्स में ऐसा कोई चैप्टर भी नहीं है। ठीक उसी तरह ईश्वर ने सिर्फ और सिर्फ अच्छाई ही बनाया है। जहां अच्छा नहीं होता वहां हमें बुराई नजर आती है पर यह जान लें कि बुराई को ईश्वर ने नहीं बनाया। यह भी सिर्फ अच्छाई की अनुपस्थिति का एहसास है। दरअसल दुनिया में कहीं बुराई है ही नहीं। ये सिर्फ प्यार, विश्वास और ईश्वर में हमारी आस्था की कमी का नाम है। इसलिए जिंदगी में जब और जहां मौका मिले अच्छाई बांटिए। अच्छाई बढ़ेगी तो बुराई होगी ही नहीं। आइये जब हम प्रभु के जन्मोत्सव की तैयारी कर रहे हैं तो अपने नजरिये को ठीक करें ताकि क्रिसमस का असली आनंद ले सकते हैं।

## संस्कृत और प्राकृत अध्ययन को बढ़ावा देगा मूर्ति ट्रस्ट : सुधा मूर्ति

**रांची।** संस्कृत और प्राकृत में दुर्लभ पुस्तकों और पांडुलिपियों पर अनुसंधान को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए सुधा मूर्ति और नारायण मूर्ति के पारिवारिक फाउंडेशन, मूर्ति ट्रस्ट ने भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट को 75 मिलियन रुपये का अनुदान देने की घोषणा की है। अनुदान में मूर्ति सेंटर ऑफ इंडिक स्टडीज, 18,000 वर्ग फुट की विरासत शैली, 200 सीटों की कक्षा क्षमता के साथ अकादमिक और अनुसंधान भवन, व्याख्यान आयोजित करने हेतु अत्याधुनिक सभागार और प्राचीन पुस्तकों एवं पांडुलिपियों को डिजिटाइज करने के लिए ऑडियो-विजुअल स्टूडियो शामिल है। सुधा मूर्ति ने कहा, बीओआरआई 105 साल पुरानी संस्था है और भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। इसने बौद्धिक शोध पत्रों और पुस्तकें प्रोड्यूस की है। बीओआरआई के हर एक प्रोफेसर विद्वान हैं। मूर्ति ट्रस्ट ने नई और आधुनिक इमारत के साथ बीओआरआई का समर्थन करने का फैसला किया है।

## डालसा ने ग्रामीणों को बाल विवाह, बाल श्रम और स्कॉलरशिप की दी जानकारी

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बुढ़मू प्रखंड के गुरूगाई पंचायत वह मुरूम गड़ा पंचायत में डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया। डालसा ने लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्याग पेंशन योजना, राशन कार्ड, मनरेगा, किसान सम्मान निधि योजना, फसल राहत योजना, बाल विवाह, बाल मजदूर, डायन प्रथा एवं स्पॉन्सरशिप के बारे में बताया।

## द्वितीय राजभाषा में शामिल भोजपुरी मगही को मान्यता दें सीएम : कैलाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय भोजपुरी मगही मैथिली अंगिका मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने गढ़वा में खतियानी जोहर यात्रा के शुभारंभ पर अतिथि महिला कलाकार अक्षरा सिंह के साथ मंच पर दुर्व्यवहार होने की कड़ी निंदा की है। विदित है कि कल गढ़वा में आयोजित जनसभा में बहुसंख्यक भोजपुरी मगही भाषाई लोग उपस्थित थे। अखिल भारतीय भोजपुरी मगही मैथिली अंगिका मंच की ओर से कहा कि मुख्यमंत्री एक तरफ बिहारियों और भोजपुरी मगही मैथिली अंगिका भाषियों को गैर



झारखंडी और बाहरी बोलकर संबोधित करते हैं और संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने का प्रस्ताव भी पारित करते हैं। यह उचित नहीं है। श्री यादव ने सीएम हेमंत सोरेन से झारखंड में पूर्व से द्वितीय राजभाषा में शामिल भोजपुरी मगही मैथिली अंगिका भाषा को अविलंब पुनः राज्य में मान्यता देने की मांग की है।

## लोकसभा में खेल के प्रोत्साहन पर विशेष चर्चा में भाजपा सांसद ने की मांग

# झारखंड के खिलाड़ियों का डेटा बेस तैयार करे केंद्र सरकार: संजय सेठ

**होटवार में खेल विश्वविद्यालय खोलने की मांग के साथ हो बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में भारत में खेलों को बढ़ावा देने, प्रोत्साहित करने के कार्यों पर विशेष चर्चा में भाग लिया। नियम 193 के तहत हुई इस विशेष चर्चा में संजय सेठ ने सुझाव भी दिया। सांसद ने चर्चा के दौरान कहा कि झारखंड खिलाड़ियों की बड़ी पौधशाला रही है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की जितने भी प्रतियोगिताएं हुई, उन सब में



झारखंड के खिलाड़ियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट सहित कई महत्वपूर्ण खेलों में झारखंड के बच्चों ने जो प्रदर्शन किया है, वह सबको गौरवान्वित करने वाला है। उन्होंने कहा कि झारखंड के कई खिलाड़ियों ने गौरव का एहसास कराया है। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों ने जो करके दिखाया, उसके बदले में उन्हें झारखंड सरकार सिर्फ आश्वासन देते रही है। परिणाम यह रहा कि राष्ट्रीय खेल जब गुजरात में हो रहे थे, तब हमारे खिलाड़ियों को ना तो ट्रैकसूट मिल सके, ना तो किट मिल सके और ना तो कोई बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सका। उन्होंने कहा कि काबिल-योग्य प्रशिक्षक के अभाव में राज्य सरकार और सीसीएल के सहयोग से चल रही

**सीसीएल के सहयोग से चल रहे जेएसएसपीएस मामले में हस्तक्षेप हो**

जेएसएसपीस झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसायटी के प्रशिक्षुओं का भविष्य खतरे में है। कई प्रशिक्षु संस्था छोड़कर बाहर प्रशिक्षण ले रहे हैं। राज्य सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। इस मामले में सरकार को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के संसाधनों का सदुपयोग करते हुए विभिन्न खेल के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रांची में हो, इस दिशा में ठोस पहल हो। इससे राज्य के युवा खिलाड़ियों का फायदा होगा। होटवार में राष्ट्रीय स्तर का खेल विश्वविद्यालय खोला जाये। खेल के बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाये।

## स्पीड न्यूज

### जन मुद्दों के लिए लड़ रहा, सत्ता सुख के लिए नहीं



**मेदिनीनगर।** नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार की रफ्तार तेज हो चुकी है। भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह लगातार क्षेत्र भ्रमण पर हैं। आपका बेटा आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनता खुद इनके साथ खड़ी नजर आ रही है। मनोज सकारात्मक प्रचार अभियान को गति दे रहे हैं जिसका तोड़ अन्य प्रत्याशियों के पास नहीं दिख रहा है। वार्ड 4 के भ्रमण के दौरान मनोज कहते हैं कि वो जन मुद्दों के लिए लड़ रहे हैं, सत्ता सुख के लिए नहीं। वे कहते हैं कि आजतक यहां लोगों ने सिर्फ सत्ता भोग किया है लेकिन विकास के नाम पर लोगों को ठगा गया।

### धनंजय त्रिपाठी ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी धनंजय त्रिपाठी ने शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें निगम क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मेदिनीनगर नगरवासियों के समक्ष व्याप्त समस्याओं को बिंदुवार अंकित करते हुए उसके निदान की मांग की है। ज्ञापन में पिछली सरकार द्वारा निगम में लिए गए गांव सिंगरा, पोखराहा, बहेरवा, सेमरटांड़ व कल्याणपुर को निगम क्षेत्र से बाहर करने, नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त खास महल के मुद्दा का समाधान करते हुए शहरवासियों को मकान और दुकान का मालिकाना हक दिलाने, पूरे मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था कराने, नगर निगम क्षेत्र के वार्ड सं0 31 एवं 32 में कचड़े के कारण फैल रहे वायु प्रदूषण से निजात दिलाने की मांग शामिल है। ज्ञापन में सुरेश राम, कौशिक तिवारी, धीरज वर्मा, अजय कुमार तिवारी, मनोज कुमार, कमलेश सिंह, अजय राय के हस्ताक्षर हैं।

### प्रमुख संघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को पलामू जिला प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष गीता मेहता के नेतृत्व में पलामू जिला प्रमुख संघ के सदस्यों ने सर्किट हाउस में सीएम हेमंत सोरेन को नौ सूत्री ज्ञापन सौंपकर कई मांग की। जिलाध्यक्ष गीता मेहता ने बताया कि सीएम हेमंत सोरेन सभी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया है। मौके पर प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष गीता मेहता,पाटन प्रमुख शोभा देवी, नावा बाजार प्रमुख विद्या देवी, पंचम प्रसाद, सुनील कुमार सहित कई प्रखंड प्रमुख शामिल थे।

### सोनिया के जन्मदिन पर मरीजों में बांटे फल



**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को सोनिया गांधी जी का जन्मदिन पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में मरीजों के बीच फल एवं सामग्री का वितरण किया। सोनिया गांधी जी के अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र के लिए दुआ की। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, इंदू भगत, ईश्वरी प्रसाद सिंह, तालकेश्वर पासवान, भिकारी राम, अजय साहू, राजेंद्र अग्रवाल, नसीम खान, जीतेंद्र कमलापुरी, नफीस खान, राजेश चौरसिया, जितेंद्र कमलापुरी, साकेत सिंह, मुकेश सिंह, दयाशंकर तिवारी, शंकर पांडे, देवांग शुक्ला, खुर्शीद आलम, हर्ष साहनी, अनील सिंह, सौरव पाण्डेय लोग उपस्थित थे।

### पाटन प्रमुख संघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर / पाटन।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर प्रमुख संघ ने पलामू आगमन पर बुके देकर स्वागत किया और अपने नौ सूत्री मांग को रखा। इसमें बिहार के तहत पंससों और प्रमुखों को अधिकार मिले। इसमें उपस्थित प्रमुख संघ के अध्यक्ष गीता देवी पाटन प्रमुख शोभा देवी पांकी प्रमुख, मनातू, लेस्लीगंज सतबरवा, पांडू,सदर, मेदिनीनगर, छतरपुर, रामगढ़, चैनपुर, बिश्रामपुर, तरहसी इत्यादि प्रखंडों से आये प्रमुख लोग शामिल हुए।

### सीएम से मिलीं विधायक पुष्पा देवी

**मेदिनीनगर।** छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में आहुत पलामू व गढ़वा जिले की संयुक्त समीक्षा बैठक में सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर छतरपुर विस क्षेत्र की समस्याओं को रखा। साथ ही लिखित रूप से जानकारी देते हुए जनसमस्याओं के निपटारे की मांग की। सीएम सोरेन ने भी उनकी बातें सुनने के बाद अविलंब कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया। विधायक पुष्पा देवी ने बताया कि उन्होंने सीएम के समक्ष छतरपुर पाटन में मुख्य सड़कों का निर्माण, एसीबी से जांच किये जा रहे पथों का पुनर्निर्माण शामिल है।

### झारखंड की छवि हेमंत ने गढ़ी : दीपक



**मेदिनीनगर।** खतियानी जोहार यात्रा को सफल बनाने का श्रेय मेदिनीनगर नगर निगम के बोल दीपक तिवारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड के विकास की छवि बतायी। झामुमो ने पलामू में नया स्वरूप बदला है, जिसका युवा चेहरा दीपक तिवारी उभर कर सामने आये हैं। विकास की छवि भरी तस्वीर तोहफे के रूप में देकर युवा नेता दीपक ने हेमंत सोरेन से सराहना ही नहीं की बल्कि भविष्य में बड़ी जिम्मेदारी के संकेत भी दे दिये। शिवाजी मैदान में आयोजित जनसभा के दौरान दीपक तिवारी ने सीएम हेमंत सोरेन समेत झामुमो कुनबा को आश्वस्त किया कि सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के अलावा अंतिम व्यक्ति तक मुहैया कराने के लिए युवा टीम कार्यरत रहेगी। मंत्री मिथलेश ठाकुर के चहेते सेवादार दीपक ने सरकार की घोषणाओं एवं योजनाओं को जनहित के लिए मील का पत्थर बताया। आह्वान किया कि झामुमो के कार्यकर्ताओं को प्रशासन के साथ खड़ा होकर बुजुर्गों, महिलाओं, जरूरतमंदों को लाभ दने को कृत संकल्पित रहें।

### महिलाकर्मी से जेवरात समेत नगद लूटे

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त कार्यालय के विधि शाखा में कार्यरत महिलाकर्मी अंजना कुमारी से अपराधियों ने गुरुवार की शाम के लगभग 5.30 बजे बेलवाटिका क्षेत्र में पिस्तौल और चाकू के बल पर पर्स में मोबाइल के अलावा पैन कार्ड, सोने के टॉप और मंगलसूत्र, ऑफिस और घर की चाबी के अलावा 3000 रूवए नकद लूट लिये।

# बालू और पत्थर के अवैध खनन को सक्रियता से रोकें : हेमंत सोरेन

**संलिप्त लोगों पर करें सख्त कार्रवाई**

- पदाधिकारियों संग बैठक कर सीएम ने की पलामू-गढ़वा की विकास योजनाओं की प्रगति समीक्षा
- आमलोगों से सहजता से मिलें पदाधिकारी, ताकि कोई न हो निराश
- नियमित कोर्ट करें पदाधिकारी, अभियान चला 31 जनवरी तक रेवेन्यू कोर्ट केस निष्पादन करें सुनिश्चित
- अर्हताधारी सभी कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों को भी दें सरकारी योजनाओं का लाभ
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए पशुधन महत्वपूर्ण
- 31 दिसंबर तक कैंप लगाकर व अभियान चलाकर योग्य जरूरतमंदों को योजनाओं से करें आच्छादित
- एकल महिलाओं एवं अनाथ बच्चों को एक साथ टैग करें, जिससे वे एक- दूसरे का सहारा बनें

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सरकार पूरी संवेदना के साथ ग्रामीणों के हित की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कार्य कर रही है। जनहित की ये योजनाएं ग्रामीणों के बीच पहुंचे इसके लिए पदाधिकारी जिम्मेदार बनकर काम करें, उनके उम्मीदों पर खरा उतरें, ग्रामीणों को समृद्ध करें ताकि ग्रामीण व्यवस्था मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण यदि किसी पादधिकारी के पास आए तो आप उनसे अवश्य मिले एवं उनकी समस्याओं को सुनकर उसे निष्पादित करें। वे आज पलामू पुलिस लाइन स्टेडियम में पदाधिकारियों के साथ गढ़वा एवं पलामू जिले में हो रहे प्रगति कार्य की संयुक्त रूप से समीक्षा



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री व उपस्थित अन्य मंत्री।

कर रहे थे। सीएम ने दोनों जिले के सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना,किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, रिवेन्यू कोर्ट, ऑनलाइन मोटेशन एवं विधि व्यवस्था की गहन समीक्षा की। कहा कि कुछ प्रखंडों में इन योजनाओं में अपेक्षित विकास नहीं हुए है। लोगों तक योजनाएं या तो उनको जागरूक करने अथवा किसी और वजह से नहीं पहुंच पाई है, पदाधिकारी उन सभी त्रुटियों को दूर करने का काम करें एवं 31 दिसंबर तक सभी को कैंप लगाकर अथवा ड्राइव चलाकर योजनाओं से आच्छादित करें।

### जनता के लिए काम करने की अपील



उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंड के पदाधिकारियों के कार्य प्रणाली को साझा करने को कहा। उन्होंने कहा कि आप जनता के लिए काम करें जिससे वे आपके काम से आपको जाने और आपको याद रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण व्यवस्था की सबसे बड़ी कड़ी है पशुधन। इस व्यवस्था को पुनः स्थापित करनी है, जिससे आए दिन महिलाओं में खून की कमी, बच्चों में कुपोषण आदि समस्याओं का निदान हो सके। उन्हें पौष्टिक आहार घर में ही मिल सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि लोगों को पशुधन योजना से आच्छादित करें। उन्होंने कहा कि पशुओं के व्यापार में पलामू जिले में पशुतस्कर कह कर मॉब लिंचिंग के मामले आये हैं। इस तरह के मामलों को रोकने का काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई ऐसा अपराध करता है वो दंड के योग्य है लेकिन इस तरह के अफवाह में पशु व्यापार को हानि नहीं पहुंचानी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई अपराधी है तो उसकी सूचना पुलिस को दें, पुलिस जांच कर कार्रवाई करेगी, अगर कोई मॉब लिंचिंग जैसी कृत्य को बढ़ावा देता है तो उसे रोकने का काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांट्रेक्ट पर कार्य कर रहे स्वयं सेवक, जल सहिया आदि को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जोड़ें जिससे उनका भी विकास हो। ऐसा न हो कि वे केवल पदाधिकारियों के लिए न्यूनतम वेतन पर कार्य करते रह जाएं। मुख्यमंत्री ने सर्वजन पेंशन के क्षेत्र में दोनों जिले के बेहतर प्रदर्शन को सराहा। साथ ही उन्होंने कहा कि एकल महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को भी इससे अक्षादित करने का काम करें।

# जांच एजेंसियों को देंगे करारा जवाब : सीएम

- पलायन रोकने के लिए हर खेतों तक पहुंचाया जायेगा पानी
- पलामू के 1.13 लाख किसानों को मिलेगा राहत योजना का लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** खतियान जोहार यात्रा के तहत पलामू पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विपक्ष पर जमकर बरसे। स्थानीय शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि माइनिंग कंपनियों ने रैयती जमीन का तो मुआवजा दिया है, लेकिन सरकारी जमीन का मुआवजा दिया ही नहीं। जब केंद्र से पैसे मांगे जाते हैं तो तरह-तरह के बहाने बनाए जाते हैं। बकाया मांगने का ही नतीजा है कि आज जांच एजेंसियां सत्ताधारी लोगों के यहां छापेमारी कर रही है। सीएम श्री सोरेन ने कहा कि मनरेगा घोटाला विपक्ष के कार्यकाल में होता है लेकिन जांच उनके कार्यकाल में हुई है। जांच एजेंसियों का जो सांप निकला है वह विपक्ष के दरवाजे तक भी जाएगा। उन्होंने कहा कि वे हर सवाल का जवाब देंगे और आंख में आंख मिलाकर सवाल का जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आ रही है, लेकिन विपक्षी यह नहीं चाह रहा है। उन्हें डर सता रहा है कि आदिवासी दलित और पिछड़ा आगे बढ़ गये तो उनके घर का काम कौन करेगा।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि झारखंड से पलायन खत्म हो इसके लिए राज्य की सरकार ने संकल्प लिया है। उन्होंने अगले पांच वर्षों में राज्य से पलायन पूरी तरह से खत्म होने का दावा करते हुए कहा कि राज्य का एक भी व्यक्ति को मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना होगा। सरकार ने हर खेत तक पानी पहुंचाने का भी संकल्प लिया है। अपने 45 मिनट के भाषण में सीएम श्री सोरेन ने कहा कि 20 साल तक डबल इंजन की सरकार ने कुछ नहीं किया।

# मृत बच्चियों के परिजनों से मिले पांकी विधायक डॉ मेहता, सहयोग का भरोसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रखंड के छेचानी गांव में विगत दिनों एमडीएम के माड़ में गिरकर दो मासूम बच्चियां की मौत पर पांकी के विधायक डा. शशिभूषण मेहता ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतक बच्चियों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया व संवेदना व्यक्त की। श्री मेहता घटनास्थल पर भी गये और ग्रामीणों के साथ मिलकर निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह घटना पूर्ण रूप से आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका तथा एक ही भवन में संचालित मध्य विद्यालय के मध्यान भोजन की रसोईया की घोर लापरवाही का परिणाम है। इनलोगों की लापरवाही ने दो मासूम बच्चियों की जान ले ली जिससे परिवार की खुशियों में अंधकार छा गया है। विधायक ने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही अक्षम्य है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।



### घर के ऊपर बिजली तार, विधायक ने ईई को लिखा पत्र



**मेदिनीनगर।** पांकी पश्चिमी पंचायत अंतर्गत कई लाभुकों के बन रहे पीएम आवास का कार्य घर के ऊपर से गुजरे 11 हजार विद्युत तार के कारण रूक गया है। घर के लिंटल लेबल तक कार्य पूरा होने के बाद ढलाई का कार्य नहीं हो पा रहा है। इस समस्या को लेकर पांकी पश्चिमी पंचायत के पांकी निवासी ललिता देवी, रिंकी देवी, नारो कुंवर, सरिता देवी, यशोदा कुंवर, बिसी देवी ने पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता से मिलकर समस्या बताते हुए बिजली तारों को वहां से हटवाने की मांग की, ताकि उनके पीएम आवास के निर्माण में आ रही समस्या दूर हो सके। महिलाओं की समस्या सुनने के बाद पांकी विधायक डा. मेहता ने बिजली विभाग के ईई को पत्र लिखकर उपरोक्त स्थान से बिजली के तारों को अविलंब हटाने की बात कही है।

## कांग्रेस, आजसू, एनसीपी, बीजेपी के 30 नेताओं ने ली झामुमो की सदस्यता

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम में कार्यकर्ता मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। इसमें दूसरे दल को छोड़कर करीब 3 दर्जन पार्टी नेताओं ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इसमें कांग्रेस, आजसू, एनसीपी, बीजेपी समेत अन्य दल के नेता-कार्यकर्ता शामिल हैं। सभी नये सदस्यों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। साथ ही उनसे संगठन हित में बेहतर कार्य कर झारखंड के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की।

कांग्रेस पार्टी के युवा नेता अभिषेक सिंह ने अपने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। शिवाजी मैदान पहुंचने से पहले अभिषेक सिंह द्वारा स्थानीय मैदान से कार्यकताओं के साथ रैली निकाली। शिवाजी मैदान पहुंचकर मुख्यमंत्री के हाथों पार्टी की सदस्तया ग्रहण की।

## कर्नल कप: बेनीकलां-काजीनगर ने खेला ड्रॉ, बैराव टीम टूर्नामेंट से बाहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद में खेले जा रहा है कर्नल कप फुटबॉल टूनामेंट काली लीग मैच धीरे-धीरे रोमांचक दौर में पहुंच चुका है सभी टीमें सुपर 8 में जाने के लिए जद्दोजहत कर रही है शुक्रवार को बैंराव का सामना रानी देवा से हुआ जिसमें दोनों टीम गोल रहित बराबरी पर रही। बैंराव अपने ग्रुप के तीन मैच में कोई भी जीत नहीं हासिल कर सका जिसके कारण व टूनामेंट से बाहर हो गई। वही आज के दूसरे मुकाबले में काजीनगर और बेनी कलां की टीम आमने-सामने हुई जिसमें दोनों टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया लेकिन मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा । मैच से पूर्व आज के मुख्य अतिथि पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हौसला अफजाई किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आपसी भाईचारे के साथ खेलने का आग्रह किया। निर्णायक के भूमिका में सुदेश सिंह मनोज शर्मा और विकास सिंह नेहाल मिर्जा और सगीर अहमद थे।

### डॉ मेहता ने सीएम के सामने रखी पांकी की समस्याएं



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को पलामू जिला प्रशासनिक परिसर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में शामिल होकर पांकी विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मनातू प्रखंड में बच्चियों के लिए एक भी $2 स्कूल नही होने के कारण बच्चियों को उच्च शिक्षा में काफी कठिनाई होती है। कई बच्चियों की पढ़ाई तक छूट जाती है। हमारी बच्चियों की शिक्षा के लिए मनातू प्रखंड में +2 स्कूल की शीघ्र स्थापना होनी चाहिए ताकि वे शिक्षा से वंचित न रह जाएं। विधायक ने प्रखंड में पदाधिकारियों की उदासीनता का भी मामला उठाया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण दाखिल-खारिज संबंधित सैकड़ों मामले लंबित है जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। डा. मेहता ने कहा कि इस बार सुखाड़ के कारण क्षेत्र के किसानों की खेती अच्छी नही हुई है। उन्होंने पांकी विधानसभा क्षेत्र के किसानों को सूखा राहत पैकेज जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने के साथ ही मुआवजे की राशि में वृद्धि करने की मांग भी बैठक में रखी। उन्होंने कई अन्य मामले भी मुख्यमंत्री के समक्ष उठाये। डॉ मेहता ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी शीर्ष प्राथमिकता है और इसके लिए वे किसी भी मंच से आवाज उठाने से पीछे नहीं हटेंगे।

## सड़क बन जाने से लोगों को होगी सुविधा : सुधा कुमारी

- जिला परिषद सदस्य-पंसस ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के रबदा पंचायत अंतर्गत राजेश्वर भूईया के घर से रामबांध तक पीसीसी पथ का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी व पंचायत समिति सदस्य साखो देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान पूर्व पंसस अरविंद सिंह, अजय उरांव तथा आशीष कुमार सिन्हा मौजूद थे। शिलान्यास के पूर्व बैगा मुक्तेश्वर सिंह ने पूजा-पाठ की। जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। यहां के लोगों की चिर प्रतिक्षित मांग आज पूरा की जा रही है। इस सड़क को बन जाने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। संवेदक सड़क का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण करेंगे। गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जायेगा।

### पलामू जिला व्यवसायी संघ का प्रतिनिधिमंडल मंत्री से मिला

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवसायी संघ का प्रतिनिधिमंडल खास महाल समस्या के निदान हेतु मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक रामचंद्र सिंह व सरकार के सचिव विनय चौबे से मिल अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, नवल तुलस्यान, मनोज पहाड़ियां, विनोद उदयपुरी, अनुपम तुलस्यान, प्रवीण सर्राफ, चिन्मय राज, अरुण कुमार आदि थे।

### छापेमारी में बिजली चोरी करते नौ लोग पकड़ाये

**मोहम्मदगंज पलामू।** बिजली बिभाग के उच्च अधिकारियों के निदेर्शानुसार गुरुवार को विशेष छापेमारी अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर नौ लोगों को अवैध बिजली का उपभोग करते पकड़ा गया है। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मोहम्मदगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने सभी आदिवासियों को छला है: राजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भंडरिया प्रखंड के मरदा ग्राम मे युवा जागृति केन्द्र की सभा की गयी। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनता ने युवा जागृति केंद्र के सिद्धांतों में विश्वास दिखाते हुए संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से स्थानीय समिति का भी निर्माण किया गया जिसमें रिझु सिंह को अध्यक्ष, नंदलाल सिंह को उपाध्यक्ष, गिरजा सिंह को सचिव, फुल कुमारी देवी एवं सुमित्रा देवी को सह सचिव, घनश्याम सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा जनप्रतिनिधियों ने आज तक केवल आदिवासी समाज को छला है। आज भी सुदूर क्षेत्र के आदिवासियों की स्थिति दयनीय है। वाईजेके स्थानीय जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेगा।

### पड़वा मुखिया संघ की बैठक में हुए कई निर्णय



**पड़वा पलामू।** पड़वा मुखिया संघ की बैठक गाडी पंचायत सचिवालय में हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजना कुमारी सिंह ने किया। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल उतरे इसके लिए सभी मुखियाओं ने पूरी निष्ठा व सक्रियता के साथ करने का संकल्प लिया गया। बैठक में कुछ मुखिया ने बताया प्रखण्ड कर्मियों के लापरवाही के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। तय किया गया कि सरकारी योजनाओं धरातल पर उतारने में जो भी प्रखण्ड के अधिकारी लापरवाही बरतेंगे उनके वरीय पदाधिकारियों से शिकायत की जाएगी इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जाएगी तो जरूरत पड़ने पर मुखिया संघ सड़क पर भी उतर कर आंदोलन करने के तैयार है किसी भी परिस्थिति में विकास कार्य प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। संघ के अध्यक्ष रंजना कुमारी सिंह ने बताया कि कुछ मुखिया बताया गया कि पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक मनमानी तरीके से काम कर रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना रोकने के सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है: डॉ एके सिंह

- ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** यहां शाहपुर न्यू टाउनशीप स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा सप्ताह के आयोजन के दौरान शपथ समारोह में 11:00 बजे विद्यालय के सभी शिक्षक, दीदी, ड्राइवर और कंडक्टर आदि सभी कर्मचारियों को विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य ने



सड़क सुरक्षा सप्ताह में जागरूकता की शपथ लेते लोग।

उपस्थित सभी कर्मचारियों से कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को 4 मार्च 1972 में पहली बार मनाया गया था और इसी दिन नेशनल सेफ्टी काउंसिल की स्थापना की गई थी। हर साल भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम प्रकाशित करती है। भारत में नेशनल सेफ्टी डे एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2022 की थीम है- सुरक्षा संस्कृति के विकास हेतु युवाओं को प्रोत्साहित करें। भारत में हर साल 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

- इस दिन को मनाने का उद्देश्य दुर्घटनाओं से रोकने के लिए किए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के दौरान औद्योगिक दुर्घटनाओं से बचाव के तरीकों के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस खासतौर पर हजारों सिपाहियों को समर्पित किया जाता है, जो अपनी जान खतरे में डालकर देश की सुरक्षा के लिए सीमाओं पर तैनात रहते हैं। इस वजह से इस दिन को नेशनल सेफ्टी डे के रूप में मनाया जाने लगा। यह सप्ताह विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न औद्योगिक संगठनो द्वारा मिलकर मनाया जाता है। ये संस्थाएं कार्यक्रमों और विभिन्न प्रमोशनल मटेरियल्स के द्वारा लोगों में राष्ट्रीय सुरक्षा की भावना को जागरूक करती है।

# बधाई : मिनी स्पोर्ट्स मीट में केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने जीते 27 पदक

➲ प्राचार्य ने पदक पाने वाले बच्चों को दिये प्रमाण पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय विद्यालय पलामू के कक्षा तीन -पांच के विद्यार्थियों ने केंद्रीय विद्यालय संगठन रांची द्वारा केंद्रीय विद्यालय लातेहार में आयोजित मिनी स्पोर्टस मीट में भाग लिया। केवि पलामू से कुल 21 विद्यार्थी ने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लिये। केवि पलामू के विद्यार्थियों का अनुरक्षण प्राथमिक शिक्षक आनंद कुमार, प्रकाश कुमार मेहता व प्र. स्नातक शिक्षिका सुप्रिया भारती ने किया।

केवि पलामू के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कुल 29 पदकों में से 12 स्वर्ण, छह रजत एवं नौ कांस्य पदकों सहित कुल



27 पदक प्राप्त कर संकुलस्तरीय मिनी स्पोर्टस मीट लातेहार में ओवर ऑल चैंपियन होने का गौरव प्राप्त किया। इस स्पोर्टस प्रतियोगिता में केवि लातेहार, केवि गढ़वा, केवि लोहरदगा व केविल पलामू के कुल 72 विद्यार्थियों ने भाग लिये।

केवि पलामू में वर्तमान में खेल नहीं होने के कारण कोच एवं प्रशिक्षक की भूमिका प्राथमिक शिक्षक प्रकाश कुमार मेहता ने निभाये। श्री मेहता ने अवकाश वाले दिनों में बच्चों के खेल की तैयारी व अभ्यास करवाया। केवि पलामू के बच्चों के इस ऐतिहासिक सफलता के लिए विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार ठाकुर ने बच्चों समेत विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी।

**प्रतियोगिता में पदक पाने वाले बच्चों का नाम :** स्वर्ण पदक- परी राज, अनन्या श्रेष्ठ, मयंक कुमार, पियूष प्रभाकर सिंह, समीर तिवारी, शिवांश विश्वकर्मा, अमरेश कुमार सिंह, स्वाध्यम राजवंश, अंकित सुमन, मीठी सिंह, निधी कुमारी, सुकृति कुमारी, रजक पदक- अजहर करीम, सुमन कुमारी, रीप राज जारिका, कांस्य पदक -रिशु कुमार, नित्य प्रकाश, हिमांशु राज व हेनी रजक।

स्पीड न्यूज

## बिजली चोरी को लेकर क्षेत्र में छापेमारी अभियान

**रातू।** विद्युत निगम के निर्देश पर शुक्रवार की दोपहर बड़काटोली और चट्टी में बिजली चोरी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान में पांच लोग अवैध तरीके से बिजली जलाते रंगेहाथ पकड़े गये। इसमें सुमित कुमारए हरिशंकर गुप्ताए शिव परसन प्रसादए अनिल गुप्ता व जी गुप्ता शामिल हैं। इन पर 67164 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। इनके घर से चोरी में प्रयुक्त तार समेत अन्य सामान भी बरामद किये गये हैं। विभाग के कनीय अभियंता विवेक साहू ने रातू थाने में आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है। अभियान में विवेक द्विवेदीए कार्तिक उरांव व सफरुद्दीन अंसारी शामिल थे। इधर विभाग की इस कारवाई से इलाके के लोगों में हड़कंप मच गया है।

## खलिहान में लगी आग, लाखों रुपये का धान राख

**राहे।** प्रखंड के डोमनडीह गांव खलिहान में धान चाकी में अचानक आग लगने से लाखों रुपये का धान जल कर नुकसान हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार दिन के 4 बजे के आसपास आग की लपटें दिखाई दिया तब लोगों को आग लगने की जानकारी हुआ। काफी प्रयास से आग पर काबू पाया गया। खलिहान में घासीराम महतोए परेश महतोएप्रह्लाद महतो ओर दुर्योधन महतो का धान रखा हुआ था। इधर आग लगी कि सूचना पर जिला परिषद सदस्य बादल महतो ओर उप प्रमुख उमेश प्रसाद गांव जाकर किसानों से मुलाकात किये और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिये।

## इटकी : सड़क दुर्घटना में छात्र घायल

**इटकी।** इटकी ब्राम्बे मार्ग पर पुराना थाना के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में निलीखेश नामक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल छात्रा को इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया गया है। निलीखेश संत एग्नेश बालिका उच्च विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा बताई गई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि विद्यालय छुट्टी होने के बाद निलीखेश साइकिल से अपने घर मोरो बोड़या गांव वापस लौट रही थी इसी दौरान ट्रक ने उसे ठोकर मार दी जिससे वह सड़क के बिचोबीच जा गिरी। दुर्घटना के बाद चालक ने फौरन ट्रक खड़ा कर घायल छात्रा को इलाज के लिए अस्पताल ले गया। बताया गया है निलीखेश का इलाज देव कमल अस्पताल में चल रही है। जहां उसकी स्थिति सामान्य है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन घटनास्थल पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में कर लिया है।

## बच्चों में हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के करगेए खुखरा और दिघिया पंचायत के किशोर किशोरियों के साथ होप संस्था और टीडीएच के सहयोग से उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक तथा सामाजिक समर्थन ६ मदद के मुद्दे को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में हो रहे हिंसा और उनके दुर्व्यवपार को रोकना है। कार्यक्रम में मनोरमा एक्काए अरविन्द वर्मा उज्जवल कुशवाहा समेत तीन पंचायत के तकन सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**सिल्ली।** सिल्ली नीचे टोला महावीर मंदिर परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की एक बैठक वार्ड सदस्य ललिन मुंडा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सिल्ली मुखिया भरत सिंह मुंडा एवं टुटकी पंचायत मुखिया शर्मिला कुमारी विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में बुड़ाखाड़ा से महावीर मंदिर तक सड़क पर गंदे नाली का बहाव को बंद करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। तीसरे उपस्थित दोनों मुखिया ने म नाली सफाई समेत रोड की सफाई कराने का निर्णय लिया।

# बेड़ो में मनाया गया कुंडी जतरा सह हड़बोरी पर्व

### बिरगोड़ा नदी के किनारे जमा हुए लोग



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो व इटकी प्रखंड के तीन गांव केशाएजरिया व गढ़गांव का कुंडी जतरा सह हड़बोरी पर्व शुक्रवार की शाम बिरगोड़ा नदी के समीप परंपरागत धार्मिकए सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गया। इसे कोहा बेंजा के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व अगहन पूर्णिमा के दूसरे दिन मनाया जाता है। इस दौरान सरना समाज के लोगों ने अपने पूर्वजों और मृत आत्मा की शांति के लिए माटी वाले चुका का विसर्जन बिरगोड़ा नदी के कुंडी स्थल में किया। ग्रामीणों ने बताया कि सरना समाज के लोगों के बीच ऐसी मान्यता है कि मृतक आत्माओं की शांति के लिए कुंडी स्थल गंगा के समान पवित्र है। सरना समाज में हड़बोरी के दौरान मृत लोगों की अंतिम विदाई कुंडी स्थल में करने की परंपरा रही है। शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे तीनों गांवों के ग्रामीणों ने ढोलए ढाकए नगाड़ा व मांदर की थाप पर परंपरागत नाच गान के साथ मृत लोगों की आत्मा को बिरगोड़ा नदी के कुंडी स्थल पर अंतिम विदाई दिया।

## मृत व्यक्तियों के नाम से नदी किनारे लगाया उड़द दाल-भात का भोग

ग्रामीणों ने अपने पूर्वजों व मृत व्यक्तियों के नाम उरद का दाल व भात नदी के किनारे भोग के रूप में निवेदित किया। वहीं ग्रामीणों ने अपने अपने गांव के झण्डे के साथ बिरगोड़ा नदी के किनारे एक बैठक किया। जिसमें ग्रामीणों ने सामाजिकए सांस्कृतिक व धार्मिक पहचानए आपसी एकताए सद्भावनाए भाईचारा व समरसता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक में तीनों के ग्रामीणों ने अपने पूर्वजों में केशा गांव के लेंगड़ेएजरिया के भद्दू व गढ़गांव के गग्गा को याद किया। सरना समाज के लोगों के बीच यह भी आस्था और मान्यता है कि ये तीनों व्यक्ति उनके पूर्वज थे। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी इन्हीं के वंशज हैं। वहीं मौके पर तीनों गांव के ग्राम प्रधानए पहानए पुजार व महतो समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

## टंडवा प्रमुख ने किया आंगनबाड़ी केंद्र की जर्जर स्थिति का निरीक्षण

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के किचटो पंचायत अंतर्गत हफुवा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के जर्जर स्थिति कि खबर सुनकर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी निरीक्षण करने पहुंची। जहां पर उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र की जर्जर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने देखा कि आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह से जर्जर स्थिति में है आंगनबाड़ी केंद्र की दीवार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है और अंदर से दीवाल में दरारे पड़ गई है। पानी की काफी दिक्कत है जो पीछे जल मीनार बनाया गया था वह भी खराब पड़ा चुका है। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ रहे बच्चों को कठनाई का सामना करना पड़ रहा है। इन सारी समस्याओं पर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए पिछले पंचायत समिति सदस्य फंड में जो योजना चयन किया गया था। उसे बिना स्थानांतरण कराए हुए ही उस योजना को पुनः इस आंगनवाड़ी केंद्र की मरम्मत के लिए आवंटित करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रमुख रीना कुमारी पंचायत समिति सदस्य इन्ना कुमारी,सचिन पासवान,चिंतामन महतो मणिलाल महतो,सोनू कुमार गुप्ता, सेविका रेखा देवी,सहायिका फूलमती कुमारी, पोषण सखी रेखा देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भारथी बीएड कॉलेज के छात्र शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

**मांडर।** भारथी बीएड कॉलेज मांडर के बी.एड. सत्र 2021-23 एवं डी.एल.एड. सत्र 2020-22 के छात्र/छात्रा ने शुक्रवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए अपराह्न 04:00 बजे गरीब रथ से रवाना हो गए। राँची रेलवे स्टेशन पर कॉलेज की शैक्षणिक सचिव दिपाली पराशर एवं प्राचार्य उपेन्द्र उपाध्याय ने शैक्षणिक भ्रमण के ग्रूप को विदा की। राकेश कुमार राय, मनोज कुमार गुप्ता, विवेक राज जयसवाल, कृपा शंकर सिन्हा का भ्रमण करेंगें। ग्रुप में राकेश कुमार राय, मनोज कुमार गुप्ता, विवेक राज जयसवाल व अन्य शामिल थें।

## ओरमांझी पहुंचा जंगली हाथियों की झुंड



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** जंगली हाथियों की झुंड गुरूवार रात को ओरमांझी पहुंची। क्षेत्र के कुरूम, तेतरिया टोली में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाए। हाथियों द्वार लगभग दर्जन भर किसानों के फसल व कृषि सामग्री को नुकसान पहुंचाया गया है। किसान जयनाथ महतो व सुरेष महतो के खेत में लगे मटर की फसल व ड्रीप मषीन को छति हुई है। जयनाथ महतो ने बताया कि उसे लगभग 50 हजार का नुकसान हुआ है। वहीं हरखनाथ महतो, शंकर मुंडा, हरिचरण मुंडा के आलू की फसल को नुकसान हुआ है। इसके अलावे अषोक महतो व घुरन महतो के खेत में काट कर रखे तैयार धान की फसल को छति पहुंचाई गई। किसानों ने बताया कि रात में हाथी बस्ती के बाहर ही थें। भोर-भोर जब कई किसान अपने खेत की ओर गए, तभी हाथियों की झुंड पहुंच गई। फसल व सिचाई मषनी छतिग्रस्त कर दिए। कई लोग भागकर अपनी जान बचाई। बताया गया कि लगभग दो दर्जन हाथी की झुंड में कई हाथियों के बच्चे भी साथ है। किसानों ने मुआवजा की मांग की है। वहीं पंचायत के मुखिया विरेंद्र मुंडा ने छति हुई फसल व सामग्री को देखा और किसानों को मुआवजा दिलाने का अष्वासन दिया है। बताया गया कि हाथियों की झुंड बारीडीह पांचा की ओर टंगटंग टोली की ओर जमे हुए थें।

## राजमाता विद्या सिंहदेव पंचतत्व में विलीन

### अंतिम यात्रा में सैंकड़ों लोग हुए शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** राजमाता विद्या सिंह देव की अंतिम संस्कार शुक्रवार को मुरी स्थित स्वर्ण रेखा नदी तट के मुक्तिधाम में किया गया। बड़े पुत्र राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने मुखाग्नि किया। उनके छोटे पुत्र भुपेंद्र नाथ सिंह देव, पोता रुद्राक्ष सिंह देव, परिजनों, एवं स्थानीय लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नम आंखों से उन्हें विदाई दी। दिवंगत राजमाता सिल्ली राजघराने के स्व राजा बिरेंद्र सिंह देव की पत्नी थी। उनका निधन 8 दिसम्बर गुरुवार को उनके निवास स्थान सिल्ली राजबाड़ी में हुआ था। राजमाता का पार्थिव शरीर गुरुवार दिनभर लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किया और राजमाता को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। राजबाड़ी से निकले शव यात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। राजमाता की अंतिम संस्कार में पुर्व विधायक अमित महतो, अन्य जन प्रतिनिधि, व्यवसाई, रिस्तेदार एवं स्थानीय लोग सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए।

## 206 बच्चों के बीच विधायक ने किया पुस्तक वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** विधायक सुदेश महतो ने प्लस टू स्कूल जोन्हा के छात्र.छात्राओं के सुचारू पढ़ाई के लिए शुक्रवार को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई है। पुस्तकें का वितरण झारखण्ड तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष नेहा महतो ने किया। कक्षा 11 के 206 छात्र. छात्राओं में से 140 के बीच पुस्तकों का वितरण किया। शेष बच्चों के बीच भी शीघ्र ही पुस्तकें उप्लब्ध कराई जाएगी।यहाँ के बच्चों ने अबतक पुस्तकें नहीं मिलने से पढ़ाई बाधित होने की समस्या को विधायक सुदेश महतो के समक्ष रखी गई थी। नेहा महतो ने कहा कि क्षेत्र के विधायक के प्रयास से विद्यालय में प्लस टू की पढ़ाई शुरू कराई गई है। शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए सामूहिक स्तर पर प्रयास आवश्यक है। शिक्षा के स्तर को उठाकर ही सिल्ली विधानसभा मॉडल बनेगा। बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी पर्याप्त अवसर प्रदान किया जा रहा है। पढ़ेगा सिल्लीए बढ़ेगा सिल्ली अभियान के तहत सिल्ली विस क्षेत्र के छह स्कूल में स्मार्ट क्लास आरम्भ किया जा चुका है। मौके पर जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडाए बीईईओ भरोसी मुंडुए प्राचार्या मनीला ज्योति लकड़ाए मुखिया सारथी देवीए प्रकाश रामए शिशिर महतोए घासनी देवीए वरखा रानीए रीना देवीए शंकर बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## यूकेएस के विद्यार्थियों ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली




**खलारी।** डकरा यू के एस कालेज में शुक्रवार को एनएसएस इकाई ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली का नेतृत्व एन एस एस के प्रोफेसर गजेन्द्र यादव तथा प्रो० उमा कुमारी सिंह ने किया। इस जागरूकता रैली में डकरा कॉलेज से डकरा पुल तक अभियान चलाया गया। इस दौरान सेंट्रल हॉस्पिटल डकरा चौक पर राहगीरों को शशक्त व सड़क सुरक्षा के लेकर शपथ दिलाई गई। रैली में शिक्षक आनन्द कुमार, आदित्य कुमार, यशपाल कुमार, प्रभात कुमार, विकास कुमार, खूशबू कुमारी, पियूष कुमार, लवकुश कुमार, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुये।

## एक नजर में

### ओरमांझी में 15 दिन में दूसरी बार लावारिस बाइक बरामद

**ओरमांझी।** पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के शास्त्री चौक ओरमांझी से लावारिष हालत में एक बाइक बरामद किया है। काला ग्रीन रंग की इएसपी125,होंडा जेएच01ईबी-6866 सड़क से कुछ ही दूरी पर एक पेड़ के निचे खड़ी थी। बताया गया कि बाइक को पैदल लेकर एक युवक पहुंचा था। पेट्रेल खत्म हो गया बोल कर बाइक खड़ा किया और काफी देर होने के बाद वापस नही लौटा। शक होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। बाइक नई है और लॉक जबरन खोलकर वायर जोड़ कर बाइक को डारेक्ट स्टार्ट किया गया है। जिसे देखकर चोरी की बाइक होने की आषंका जताई जा रही है। इससे पूर्व 25 नवंबर को भी उसी चैक से नई सुपर स्पलेंडर आई-3 बाइक जेएच001डीई-2071 को पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। वह दो दिन से सड़क किनारे लावरिष हालत में खड़ी थी। पुलिस द्वारा बरामद बाइक के संबंध में पता लगाई जा रही है।

### अवर सचिव ने किया अनगड़ा के विकास योजनाओं का निरीक्षण

**सिकिदिरी।** केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव तारा चंदर ने शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। गेतलसूद पंचायत में एनआरएलएम एवं एसएसजी के सदस्यों के साथ बैठक कर विकास के सम्बंद्ध में जानकारी ली। नवागढ़ पंचायत के सोसो ग्राम स्थित मनरेगा पार्क में मनरेगा योजनाओं को देखा। इसके सफल क्रियान्वयन एवं लाभ की जानकारी ली। नवागढ़ पंचायत सचिवालय में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर 14वें वित्त आयोग से विकास योजना की जानकारी ली। मवि नवागढ़ परिसर में बच्चों द्वारा बनाए गये पोषक वाटिका को देखकर प्रसन्नताव्यक्त किया। कहा कि ग्राम सभा में प्रतिनिधि अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। बाद में 14वें वित्त आयोग के मद द्वारा संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ उत्तम प्रसादए बीपीओ अवनिंद्र कुमारए मुखिया भुवनेश्वर बेदियाए शांति देवीए शंकर बैठा सहित अन्य उपस्थित थे। समापन पर उन्होंने हुंडरू जलप्रपात के मनोरम दृश्यों का आनंद भी लिया।

### लाभुकों को दिया गया 90 हजार का चेक

राहे। प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को वन विभाग के द्वारा हाथी के हमले से घायल व्यक्ति को 90 हजार रुपये का चेक सौपी गयी। प्रखंड प्रमुख लीलमनी देवीएउप प्रमुख उमेश प्रसादएपंचायत समिति सदस्य निधि देवीएवनकर्मी राजू कुमार ने हेसाहातू गांव के माताशरण कोईरी को 90 हजार का चेक सौपी। ज्ञात हो कि माताशरण कोईरी को 28 अक्तूबर 2021 की सुबह हाथी के हमले से घायल हुये थे। इलाज के लिये तत्काल वन विभाग ने 10 हजार रुपये दिये थे। कागजी कारवाई पूर्ण होने पर बाकी के 90 हजार का चेक दिया है। हाथी हमले से घायल होने परएघायल की स्थिति के अनुसार 1 लाख रुपये इलाज के लिये देने का प्रावधान है।

### झामुमो ने गांव में बैठक कर लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में दी जानकारी

**खलारी।** चूरी दक्षिणी पंचायत के अंबा टोंगरी ग्राम में झारखंड सरकार के द्वारा विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में बताने के लिए एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने की व संचालन प्रखंड सचिव महेंद्र चौहान ने किया। बैठक में सरकार के सभी बहुमूल्य योजनाएं दूरदराज के सुदूर गांव-गांव के जन-जन तक लाभ पहुंचाया जा सके।बैठक में अंबा टोंगरी गांव के विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। इसमें चूरी दक्षिणी पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अजय मुंडा, उपाध्यक्ष राजेश मुंडा, सचिव छब्बीस लोहरा, संयुक्त सचिव संदीप मुंडा, संगठन सचिव आशा खलखो, कोषाध्यक्ष जनेश्वर मुंडा वही कार्यकारिणी सदस्य में संदीप मुंडा, शिवचरण मुंडा, श्यामसुंदर गंझू, विगल मुंडा, सुनीता देवी, उषा देवी, गीतनी देवी, विनय मुंडा, शुकरा लोहरा को सर्वसम्मति से बनाया गया। चयनित पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा का झंडा हाथों में देकर स्वागत किया गया। बैठक में चितरंजन सिंह,विशाल पासवान,शंभू दास, हैदर खान शैलेश सिंह, मूर्ति देवी, उषा देवी, सोमरा देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी, पुष्पा देवी, फुल मनिया देवी, चरखी देवी, कुल्फी देवी, मनी देवी, लक्ष्मीनिया देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दंपति घायल

**मांडर।** रांची मेदनीनगर मुख्यपथ पर स्थित कंदरी मोड़ के समीप मोटरसाइकिल सवार दंपति दुर्घटनाग्रस्त हो गये। घटना शुक्रवार दोपहर की है। चटवल गांव के रहने वाले हैं 60 वर्षीय हसमुद्दीन अंसारी अपनी 55 वर्षीय पत्नी गुलशन खातून के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक मोटरसाइकिल ने धक्का दे दिया। असंतुलित होकर वे लोग वहीं पर गिर पड़े। गिरने से हसमुद्दीन अंसारी को पैर में चोट आया, जबकि उनकी पत्नी गुलशन खातून को सर में चोट आई। दोनों को मांडर स्थित रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

## श्रम मंत्री की मदद से कुवैत से कांके पहुंचा युवक का शव



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** रोजी रोटी की तलाश में कुवैत गए युवक की मौत की सूचना के बाद परिवारीजन शव को घर लाने के प्रयास में जुटे रहे। सफलता नहीं मिलने पर मृतक के पिता ने क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी सह झामुमो के कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी व चंदवे के ही कुछ गणमान्य जणों से मदद मांगी। प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी एवं चंदवे गांव के गणमान्य जणों ने श्रम नियोजन मंत्री झारखंड के सत्यानंद भोक्ता के नाम एक प्रार्थना पत्र बनाकर उनसे मिला और इस प्रकार सामूहिक प्रयास से शुक्रवार की शाम करिब 6 बजे पांच दिन बाद शव चंदवे गांव पहुंचा। परिवार वालों ने गांव में ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

ज्ञात हो कि पिठौरिया थाना क्षेत्र के चंदवे निवासी फारूक अंसारी के पुत्र अकरम अंसारी ;26द्ध लगभग पांच माह पूर्व ही कुवैत लिफ्ट का काम करने गए थे थेतबसे वह घर नहीं आए थेअकरम के पिता फारूक अंसारी ने बताया कि पांच दिसंबर की संध्या सात बजे के आसपास उनकी हृदय गति रुकने से मौत होने की सूचना मिलीण तब से परिवार के लोग कुवैत से शव घर लाने का प्रयास कर रहे थेएलेकिन सफलता नहीं मिली। हर प्रयास व जुगाड़ से निराश मृतक के पिता ने झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी व अपने गांव के गणमान्य जणों को अवगत करायाण श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पास पहुंचकर लिखित रूप से मदद मांगीण्वहीं श्री भोक्ता ने मृतक अकरम हुशैन को लाने में पूरी मदद करने का आश्वासन देते हुए शव कुवैत से अपना गांव चंदवे लाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा थाण्इस तरह मंत्री सत्यानंद भोक्ताएझामुमो कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारीए मोहम्मद मसीउद्दीन अंसारीएमोहम्मद सलाउद्दीन अंसारी के अथक प्रयास से शुक्रवार की शाम को समय करिब छह बजे पांच दिन बाद मृतक का शव उनके घर पहुंचा शव घर पहुंचने पर एक बार कोहराम मच गया।

## कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर किया सम्मानित

**पिठोरिया।** कांके क्षेत्र के हुसिर रिंग रोड मिलन चौक में अमन ग्रुप के संरक्षक ऐनुल हक अंसारी को कॉंग्रेस कमिटि राँची जिला कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर अमन ग्रुप की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर अमन ग्रुप के अध्यक्ष अताउल्लाह अन्सारी ने कहा कि ऐनुक हक अन्सारी अपनी जीवन को समाज सेवा में समर्पित कर दियें है। जिसका लाभ गरीब मजलूम हमेसा से उठते आ रहे हैं। अमन ग्रुप सचिव ने कहा कि ऐनुल हक से आज समाज सेवा का अनुभव मिल रहा है। इनका जीवन की पूरे कार्यकाल समाज सेवा में गुजर रहा हैए जिस से लोगों को एक उम्मीद नजर आता है। कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने से निच्छित रूप से युवा वर्ग के लोग कांग्रेस पार्टी में भाग लेंगेए ।

## सीआइपी में नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**कांके।** केंद्रीय मनशिचिकित्सा संस्थान सीआइपी में नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कांग्रेसी नेताओं के साथ अभियर्थियों ने गुरुवार को विरोध जताया। बताते चलें कि वार्ड अटेंडेंट के 93 पदों पर हो रहे नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता को लेकर कांग्रेसियों ने निदेशक डॉ बासुदेव दास से वार्ता कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि वार्ड अटेंडेंट के बहाली में कौशल परीक्षा से पहले लिखित परीक्षा होना चाहिएए जबकि संस्थान द्वारा पहले शारीरिक व कौशल परीक्षा लिया गया है वहीं संस्थान के पांच सदस्यीय कमेटी पर पैसा लेकर गड़बड़ी करने का भी आरोप लगाया है कई अभियर्थियों ने निदेशक को बताया कि वह शारीरिक परीक्षा के दौरान हुये दौड़ भार उठाने व कौशल परीक्षा के दौरान पहले स्थान पर रहने के बावजूद छांट दिया गया कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संजर खान ने कहा सीआइपी द्वारा वर्षों से किसी भी नियुक्ति प्रक्रिया में लगातार अनियमितता बरती जा रही है इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा कांग्रेस के ग्रामीण जिला कार्यकारी अध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी यूथ कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर गुलजार अहमद अख्तर हुसैन मो फुरकान लालचंद सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## लापुंग: विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण शुरू

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चापाटोली में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रशिक्षण पूर्व मूल्यांकन प्रपत्र भरा और विद्यालय की समस्याओं का आकलन किया। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से भी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सीख और सुविधा के संदर्भ में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने गांव का नजरी नक्शा बनाया और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के कर्त्तव्यों की जानकारी ली। प्रतिभागियों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम तथा नई शिक्षा नीति के संदर्भ में भी जानकारी दी गई। नई शिक्षा नीति के नए पैटर्न 5334 के संदर्भ में जानकारी दी गई।

# गूंज महोत्सव के सहभागी बनें संघ के सदस्य : सुदेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली स्थित धर्मशाला में गुरुवार देर शाम सिल्ली व्यवसायिक संघ के सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं गूंज परिवार के संरक्षक सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सवार्गीण विकास ही गूंज महोत्सव का उद्देश्य है। महोत्सव एक सास्कृतिक मंच ही नहीं बल्कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं भावी योजनाओं की कार्य योजना बनाना है। उन्होंने कहा कि इस बार लोक कल्याणकारी योजनाओ एवं युवाओ पर अधारित होगा। महोत्सव का पहला दिन महिलाओं के दूसरा दिन किसानों को एवं अंतिम दिन युवाओं को समर्पित होगा। महोत्सव के दौरान सिल्ली की साफ-सफाई शहर को बेहतर ढंग से सजाने समेत कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि शहर की साफ सफाई के लिए कचरा हटाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जा रही है । उसे सफल संचालन के लिए आप सभी के बीच कमेटी के गठन किया जाएगा। इसके अलावा शहर के चैक चैराहे पर लाइट के साथ-साथ बस स्टैंड सिल्ली, महावीर चैक सिल्ली के समीप शौचालय का निर्माण किया जाएगा। महोत्सव से पूर्व मेन रोड पर खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मती कर ली जाएगी। सिल्ली गूंज महोत्सव का मेजबान है इसलिए सिल्ली के लोगों एवं व्यवसाईयों का सभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन गूंज के अध्यक्ष सुनील सिंह ने किया। इस मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह नरोत्तम गोराई, गोपाल केडिया, ओम तपाड़िया, सुमन अग्रवाल, विनय साव, मनोज साव, प्रकाश अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल, मदन सिंघानिया, रमेश स्वर्णकार, अतुल साहू ,अजय साहू, हीरा सेन, अमर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रमेश जलान, चिंटू साव, किशन आस, वीरेन साहू, संजय भगत, दिवाकर प्रसाद, नितेश महतो, विनोद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, दिनेश महतो, महावीर दत्ता, अनिल साव, मनोज कोइरी, सोनू साहू आदि उपस्थित थे।

# आर्थिक स्थिति बेहतर

जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में भले ही देश की जीडीपी दर 6.3 फीसदी रही हो, इसके बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हालांकि, विकास दर मौद्रिक नीति समिति के अनुमानों से मेल खाती है, लेकिन यह पिछले वर्ष इसी अवधि में सामने आई 8.4 की वृद्धि से कम है। कह सकते हैं कि पिछले वर्ष में वृद्धि उस समय दर्ज की गई जब अर्थव्यवस्था कोरोना संकट से तेजी से उबर रही थी। अब यह गति अपने मूल स्वरूप में लौट रही है। यद्यपि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की हालिया घोषित विकास दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आई 13.5 फीसदी दर से कम है मगर स्वीकार करना चाहिए कि अर्थव्यवस्था संकुचन के नकारात्मक प्रभावों के चपेट में आई है। हमारी बड़ी चिंता विनिर्माण और खनन क्षेत्र में आई गिरावट होनी चाहिए। दरअसल, विनिर्माण के क्षेत्र में 4.3 फीसदी तथा खनन में 2.8 फीसदी का संकुचन देखा गया है। निस्संदेह विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट नीति-नियंताओं की गंभीर चिंता का कारण होना चाहिए क्योंकि यह रोजगार सृजन का प्रमुख क्षेत्र भी है और देश की खपत को प्रभावित करता है। यही वजह है कि विनिर्माण क्षेत्र में संकुचन, उच्च मुद्रास्फीति और बढ़ते व्यापार घाटे ने देश की अर्थव्यवस्था के परिदृश्य में चिंता उत्पन्न की है। दरअसल, देश की औद्योगिक विकास दर पिछले छह साल से लगातार संकुचित होती रही है। इसको चीन के साथ लगातार बढ़ते व्यापार घाटे के संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए क्योंकि हम घरेलू उत्पाद को प्राथमिकता देने के बजाय चीनी आयात पर निर्भर होते जा रहे हैं। इस साल के पहले नौ महीनों में चीन के साथ व्यापार घाटा 76 अरब डालर होना चिंता की बात है। सही मायनों में देश की औद्योगिक नीति की नये सिरे से समीक्षा की तत्काल जरूरत है।

# कश्मीर फाइल्स पर टिप्पणी

भारत में इजराइल के महावाणिज्य दूत कोबी शोशनी ने द्यद कश्मीर फाइल्स पर फिल्मकार नदव लापिद की टिप्पणियों से दूरी बनाते हुए कहा कि इस फिल्म पर वाद-विवाद से भारत और इजराइल के बीच संबंध मजबूत होंगे। भारत में इजराइल के महावाणिज्य दूत कोबी शोशनी ने द्यद कश्मीर फाइल्स पर फिल्मकार नदव लापिद की टिप्पणियों से दूरी बनाते हुए कहा कि इस फिल्म पर वाद-विवाद से भारत और इजराइल के बीच संबंध मजबूत होंगे। एक संवाददाता सम्मेलन में अभिनेता अनुपम खेर के साथ मंच साझा करने वाले इजराइल के महावाणिज्य दूत कोबी शोशनी ने कहा कि द कश्मीर फाइल्स दुष्प्रचार नहीं है बल्कि एक मजबूत फिल्म है जो कश्मीरी लोगों की पीड़ा को दिखाती है। उन्होंने कहा कि सुबह सबसे पहले मैंने अपने मित्र अनुपम खेर से माफी मांगने के लिए उन्हें फोन किया। ऐसे भाषण के लिए माफी मांगी जो किसी की निजी राय है। इजराइली फिल्म निमार्ता नदव लापिद की टिप्पणियों का इजराइल सरकार से आधिकारिक और अनाधिकारिक रूप से कोई लेना-देना नहीं है। ट्विटर पर एक पोस्ट में कहा था कि उनकी इस फिल्म पर लापिद से अलग राय है। गौरतलब है कि गोवा में 53वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के जूरी प्रमुख और इजराइली फिल्मकार नदव लापिद ने हिंदी फिल्म द कश्मीर फाइल्स को दुष्प्रचार करने वाली और भद्दी फिल्म बताया था। अग्निहोत्री की इस प्रतिक्रिया से पहले द कश्मीर में काम करने वाले अभिनेता अनुपम खेर ने मंगलवार को कहा कि सत्य हमेशा असत्य पर विजय प्राप्त करेगा। भारतीय फिल्मों और संस्कृति पर ऐसी टिप्पणी कोई नयी बात नहीं है। फिल्मी दुनिया में भारत को कम आंकने का एक प्रचलन सा है जिसे अब खत्म किया जाना चाहिए।निश्चित तौर पर जब मामला संवेदनशील मसलों पर हो तब विशेष सावधानी की जरूरत है।

# सुलभ और सहज शिक्षा से ही विकास संभव



झारखंड के ग्रामीण इलाकों में शिक्षा को लेकर गंभीर प्रयास होने चाहिए। राज्य के निमार्ण के दो दशक बाद अगर हम राष्ट्रीय स्तर पर नहीं पहुंच सके हैं तो यह आत्म चिंतन का विषय है। शिक्षा एक मात्र साधन है जिससे कोई भी गरीब से गरीब परिवार भी संपन्नता को प्राप्त कर सकता है। यही कारण है कि जिन लोगों को सही शिक्षा मिली उनका जीवन और जो निरक्षर रह गये उनके जीवन के स्तर में बड़ा अंतर है। विशेषकर लड़कियों की शिक्षा तो देश के भविष्य को ही तय करने वाला है। आज जिस प्रकार देश आगे बढ़ रहा है उसमें महिलाओं के उच्च शिक्षा स्तरीय शिक्षा और हर क्षेत्र में उनके लिये अवसर के बिना देश विकसित नहीं हो सकता है।

ग्रामीण भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आकांक्षा वास्तव में कभी फलीभूत नहीं हुई। ऐसे में ऊंचे लक्ष्य तय करना जरूरी है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएसई) रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार ने 2014 में प्रति छात्र सालाना 12,500 रुपये खर्च किए, जो कि जीडीपी का करीब तीन-चार फीसदी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चाहती है कि केंद्र और राज्य सरकारें अपना खर्च बढ़ाकर जीडीपी के करीब छह फीसद तक लाएं। 1960 के दशक से यह वांछित लक्ष्य रहा है, लेकिन अब जाकर सरकार ने इसे वास्तविक लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में कुल पंजीकरण का अनुपात 50 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इधर, शिक्षा के क्षेत्र में दूसरी समस्याएं भी हैं। संगीता कश्यप मध्य प्रदेश की 46 वर्षीय स्कूल शिक्षिका हैं, जो इंदौर और आसपास के इलाके के मशहूर सरकारी अहिल्या आश्रम स्कूल में पढ़ाती हैं। पीटीआई की अगस्त, 2014 की खबर के अनुसार, अपने 24 साल लंबे करियर में पिछले 23 वर्षों से वह ड्यूटी से अनुपस्थित हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली की ऐसी दुसाध्य बीमारियों को भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति दुरुस्त करना चाहती है।

ग्रामीण भारत में आमतौर पर शिक्षक किसी विषय के विशेषज्ञ नहीं होते हैं, उनके पास अक्सर सिर्फ स्नातक की डिग्री होती है, और कुछ के पास थोड़ा-बहुत शिक्षण-प्रशिक्षण का अनुभव भी। छात्र-शिक्षक संबंधों में जवाबदेही तय करनी होगी। हमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधा में प्रशिक्षित करने की जरूरत है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परिणाम देने के काबिल बनाया जा सके, जबकि मौजूदा शिक्षकों को अपने कौशल को उन्नत बनाने का मौका दिया जाना चाहिए। उनके काम की निगरानी के लिए एक मूल्यांकन प्रणाली बनानी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं- इसमें प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव पर ध्यान दिए जाने के साथ ढेरों संस्थागत सुधार शामिल हैं। नई शिक्षा नीति में अध्यापन के लिए जरूरी न्यूनतम डिग्री बी.एड. है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अब विद्यालय पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चार हिस्सों में बांट दिया गया है। जो शिक्षक जिन विषयों में पढ़ाना चाहते हैं, उन्हें टीईटी या एनटीए में उन विशिष्ट विषयों में अंकों के आधार पर काम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही टीईटी पास करने वालों का साक्षात्कार में स्थानीय भाषा का ज्ञान भी परखा जाएगा। शिक्षकों से अब हर साल करीब 50 घंटे के नियमित प्रोफेशनल डेवलपमेंट कोर्स में शामिल होने की अपेक्षा होगी। इसके अलावा एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए गाइडलाइंस के रूप में राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक बनाए जाएंगे। और अंत में कार्यकाल, पदोन्नति तथा वेतन संरचना के लिए एक योग्यता-आधारित ढांचा विकसित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने विज्ञान व कला और शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण के बीच कठोर बंटवारे को खत्म कर दिया है। विद्यार्थी अब दोनों तरह के पाठ्यक्रमों में से चुनाव कर सकते हैं- यह हमारे नागरिकों को हर तरह की जरूरत के लिए तैयार करने में मददगार होगा। कला संकाय (मानविकी) को लेकर हमारी लंबी उपेक्षा आखिरकार सुधर जाएगी। नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषाओं पर भी ध्यान दिया गया है। हमारे देश के संघीय ढांचे को ध्यान में रखते हुए स्कूल बोर्डों को तीन भाषाओं (राज्य और क्षेत्र के हिसाब से) के विकल्प का अधिकार दिया जाएगा, जबकि संस्कृत विश्वविद्यालयों को बहु-विषयक संस्थानों में बदल दिया जाएगा। स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाले संस्थानों की स्थापना में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देना भी स्वागतयोग्य कदम है।



-डॉ मेरी ग्रेस

> विश्वविद्यालय तेजी से उच्च शिक्षा के नगरपालिका स्कूलों में परिवर्तित हो रहे हैं, दूसरी तरफ अधिकांश निजी संस्थान में दाखिला और डिग्री हासिल करने के लिए भारी कैपिटेशन फीस लगती है। विचार, रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को हतोत्साहित करते हुए यह व्यवस्था बौद्धिक कायरता को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) योजना, 2013 विकेंद्रीकरण की ओर उन्मुख है।

विश्वविद्यालयी-व्यावसायिक शिक्षा भी सुधार मांग रही है। हमारे प्रमुख विश्वविद्यालय पिछड़ते जा रहे हैं-कलकत्ता विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कभी नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रधानमंत्री दिए हैं। अब वे विश्व रैंकिंग में 400 से नीचे हैं।

विश्वविद्यालय तेजी से उच्च शिक्षा के नगरपालिका स्कूलों में परिवर्तित हो रहे हैं, दूसरी तरफ अधिकांश निजी संस्थान में दाखिला और डिग्री हासिल करने के लिए भारी कैपिटेशन फीस लगती है। विचार, रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को हतोत्साहित करते हुए यह व्यवस्था बौद्धिक कायरता को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) योजना, 2013 विकेंद्रीकरण की ओर उन्मुख है, लेकिन यह ठीक से लागू नहीं हो सकी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) जो कई सौ विश्वविद्यालयों और हजारों कॉलेजों की देखरेख करता है, अब भी खुलेपन और रचनात्मकता का गला घोंट रहा है। हमें पूरे विश्वविद्यालय ढांचे का पुनर्गठन करने की जरूरत है। नई शिक्षा नीति में अब यूजीसी की जगह पर राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा नियामक परिषद का गठन किया जा रहा है। उच्च शिक्षा संस्थानों को अब कई तरह के पाठ्यक्रम चलाने की जरूरत है। साथ ही ऐसे संस्थान हर जिले में खोलने की जरूरत है। ग्रामीण इलाकों या गांवों में सार्वजनिक सुविधाएं क्षेत्र में विकास की स्थिति का आईना दिखाती हैं। भारत अब बदल चुका है और बेहतर शिक्षा की मांग कर रहा है। शुक्र है कि इसे मुहैया कराने की दृष्टि वाली मोदी सरकार है।

(लेखिका उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की प्राचार्या है।)

## खास बात

### योग के साधन

**स्वामी मुक्तरथ**



योगसाधन के उपाय में यह बतलाया गया है कि पहले किसी स्थूल विषय का आधार लेकर, उसके उपरांत किसी सूक्ष्म वस्तु को लेकर और अंत में सब विषयों का परित्याग करके चलना चाहिए और अपना चित्त स्थिर करना चाहिए। चित्त की वृत्तियों को रोकने के जो उपाय बतलाए गए हैं वह इस प्रकार हैंः- अभ्यास और वैराग्य, ईश्वर का प्रणिधान, प्राणायाम और समाधि, विषयों से विरक्ति आदि। यह भी कहा गया है कि जो लोग योग का अभ्यास करते हैं, उनमें अनेक प्रकार को विलक्षण शक्तियाँ आ जाती है जिन्हें 'विभूति' या 'सिद्धि' कहते हैं। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये आठों योग के अंग कहे गए हैं, और योगसिद्धि के लिये इन आठों अंगों का साधन आवश्यक और अनिवार्य कहा गया है। इनमें से प्रत्येक के अंतर्गत कई बातें हैं। कहा गया है जो व्यक्ति योग के ये आठो अंग सिद्ध कर लेता है, वह सब प्रकार के क्लेशों से छूट जाता है, अनेक प्रकार की शक्तियाँ प्राप्त कर लेता है और अंत में कैवल्य (मुक्ति) का भागी बनता है। सृष्टितत्व आदि के संबंध में योग का भी प्रायः वही मत है जो सांख्य का है, इससे सांख्य को 'ज्ञानयोग' और योग को 'कर्मयोग' भी कहते हैं।

पतंजलि के सूत्रों पर सबसे प्राचीन भाष्य वेदव्यास जी का है। उस पर वाचस्पति मिश्र का वार्तिक है। विज्ञानभिक्षु का 'योगसारसंग्रह' भी योग का एक प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। योगसूत्रों पर भोजराज की भी एक वृत्ति है (भोजवृत्ति)। पीछे से योगशास्त्र में तंत्र का बहुत सा मेल मिला और 'कायव्यूह' का बहुत विस्तार किया गया, जिसके अनुसार शरीर के अंदर अनेक प्रकार के चक्र आदि कल्पित किए गए। क्रियाओं का भी अधिक विस्तार हुआ और हठयोग की एक अलग शाखा निकली; जिसमें नेति, धौति, वस्ति आदि षट्कर्म तथा नाड़ीशोधन आदि का वर्णन किया गया। शिवसंहिता, हठयोगप्रदीपिका, घेरण्डसंहिता आदि हठयोग के ग्रंथ है। हठयोग के बड़े भारी आचार्य मत्स्येंद्रनाथ (मछंदरनाथ) और उनके शिष्य गोरखनाथ हुए हैं।

(सत्यानंद योग मिशन, रांची)

# स्वांस से सिमरण

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

जब स्वांस भीतर जाती है तो इसका आपके प्राणों में पूरा बोध हो कि स्वांस भीतर जा रही है। स्वांस बाहर जाती है तो इसका भी आपके प्राणों में पूरा बोध हो कि स्वांस बाहर जा रही है। तब आप पाएंगे कि एक गहन शांति उतर आई है। यदि आप स्वांस आ रही है, जा रही है इसे गहराई से देख सको तो यह क्रिया अभी तक की खोजी गई ज्ञान की सारी क्रियाओं से सर्वश्रेष्ठ क्रिया है और फिर किसी भी क्रिया की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्वांस सदैव वर्तमान में है। हम अतीत में स्वांस नहीं ले सकते और न ही भविष्य में स्वांस ले सकते हैं। स्वांस लेना हमेशा इसी क्षण में है। लेकिन मन अतीत के बारे में सोच सकता है और भविष्य के बारे में सोच सकता है। शरीर तो वर्तमान में होता है लेकिन, मन अतीत और भविष्य के बीच झूलता रहता है। शरीर और मन के बीच में एक विभाजन हो जाता है। शरीर वर्तमान में रहता है और मन कभी भी वर्तमान में नहीं रहता है। वे कभी भी मिलते नहीं, वे कभी एक दूसरे के सामने नहीं आते और उसी विभाजन के कारण विषाद, चिंता, तनाव और अशांति पैदा होते हैं। हर एक तनावग्रस्त है और वह तनाव ही चिंता व अशांति है। इस मन को वर्तमान में लाना है क्योंकि वर्तमान के अतिरिक्त दूसरा कोई समय है ही नहीं। इसलिए अभ्यास के प्रति प्रतिबद्धता से मन को स्वांसों की धुन में लीन करके स्वांसों के इसी पल में एकाकार करें तभी स्वांसों के भीतर की शक्ति की पहचान होती है। परमात्मा के सानिध्य में शांति के अनुभव से मनुष्य जीवन सफल होता है।

**पिछली** सरकारों के समय में थाना और तहसील गिरवी रख दिए जाते थे।

मगर भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता अनावश्यक सिफारिश के लिए किसी थाने या तहसील में नहीं जाता है।

– आदित्यनाथ योगी

## रोचक ट्वीट

**ड्रोन** की बहुआयामी उपयोगिता का लाभ देश को मिले, ड्रोन स्टार्ट अप इकोसिस्टम को प्रोत्साहन मिले, इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सतत प्रयत्नशील हैं।

–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री





**समय** मूल्यवान सत्ता है। समय अर्थात जीवन, समय का अपव्यय परोक्षतः जीवन का ही अपव्यय है। अतः उच्चतर लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्राप्त ऊर्जा शक्ति सामर्थ्य और समय का सही उपयोग हो।

–अवधेशानंद गिरी

# निवेश के लक्ष्य में अपनों की महत्वपूर्ण भूमिका

## समाज

**गिरीश पांडेय**

अपने पहले कार्यकाल से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रयासरत हैं। इन्वेस्टर्स समिट से लेकर देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई में रोड शो भी कर चुके हैं। प्रवासी उद्यमियों के एक सत्र में उन्होंने कहा था कि उत्तर प्रदेश में बहुत कुछ बदला है। इन्वेस्टर्स समिट और दो आयोजनों के जरिये 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आना इसका सबूत है। इस दौरान करीब 45 हजार करोड़ रुपये का विदेशी निवेश आया। यह प्रदेश की सरकार, उसकी नीतियों और कानून व्यवस्था पर लोगों के भरोसे का प्रमाण है। बदले माहौल में उत्तर प्रदेश में आपका स्वागत है। आइए। अपनी कर्मठता और अनुभव का लाभ अपने प्रदेश और अपने लोगों को भी दीजिए। अब समय आ गया है, एक बार जरूर अपनी माटी से अपने रिश्ते को मजबूत करें।

मुख्यमंत्री 18 से 23 जनवरी के दौरान लंदन, न्यूयॉर्क और सैनफ्रांसिस्को जा सकते हैं। बाकी जिन देशों के प्रमुख शहरों में मंत्रियों एवं अधिकारियों की टीम इसी साल दिसंबर में दौरा करेगी उनमें टोक्यो, फ्रैंकफर्ट, ब्रुसेल्स, स्टॉकहोम, मेक्सिको सिटी, ब्यूनसआयर्स, साओपालो, सिडनी, सिंगापुर, लंदन, न्यूयार्क, सैनफ्रांसिस्को और दावोस आदि शामिल हैं। अब तक के कार्यक्रम के मुताबिक अधिकांश दौरे दिसंबर में ही हो जाएंगे। इसके अलावा देश में भी पहले इन्वेस्टर्स समिट की तरह दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद में रोड शो के कार्यक्रम हैं। जिन देशों और महानगरों में प्रदेश सरकार की ओर से रोड शो होने हैं, उनमें भी भारतीय एवं उत्तर प्रदेश मूल के बहुत से ऐसे लोग हैं जो अपनी मेहनत, लगन के बूते वहां के रसूखदार लोगों में शामिल हैं। स्वाभाविक है ऐसे अपने लोगों से अपेक्षा भी अधिक रहेगी।

जहां तक ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 की तैयारियों की बात है तो प्रदेश सरकार ने अब तक जिन 40 देशों को समिट में आने के लिए आमंत्रित किया है उनमें से 21 की सहमति मिल चुकी है। सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम, मॉरिशस, डेनमार्क और, नीदरलैंड जीआइएस-23 के पार्टनर हैं। पिछले दिनों दिल्ली के सुषमा स्वराज प्रवासी भवन में कई देशों के राजदूतों/उच्चायुक्तों एवं निवेशकों की मौजूदगी में समिट के कर्टेन रेजर सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समझा चुके हैं कि आप क्यों उत्तर प्रदेश में निवेश करें। वजह, देश का सबसे लंबा नेटवर्क (लगभग 16 हजार किलोमीटर) उत्तर प्रदेश में है। यहां लखनऊ, वाराणसी एवं कुशीनगर तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे हैं। अयोध्या एवं जेवर में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे निमार्णाधीन हैं। इनके बन जाने के बाद यह पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला पहला प्रदेश हो जाएगा। वाराणसी से लेकर हल्दिया तक देश का पहला जलमार्ग भी उत्तर प्रदेश में ही है। ईस्टर्न एवं वेस्टर्न कॉरिडोर का क्रमशः 57 एवं 8.5 हिस्सा यूपी में ही है। दोनों का जंक्शन दादरी में है। बंदरगाहों तक शीघ्र माल पहुचाने के लिए प्रदेश सरकार ड्राई पोर्ट्स का विकास कर रही है। इस क्रम में दादरी में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब, बोड़ाकी में मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब, वाराणसी में 100 एकड़ में फ्रेट विलेज की स्थापना हो रही है।

यमुना, लखनऊ-आगरा, पूर्वांचल एवं बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के अलावा गोरखपुर लिंक,एवं गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। इन सबके बनने के बाद उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे के नेटवर्क के मामले में भी देश में नंबर एक हो जाएगा। यह संभावनाएं उत्तर प्रदेश को निवेश के लिहाज से सबसे पसंदीदा जगह बनाती हैं।

## कार्टून वर्ल्ड

युद्ध से कराहता यूक्रेन



## लेटर टू एडिटर

### गंभीर अपराध

यह एक ऐसा अपराध है जिसकी गूंज बड़ी दूर तक सुनाई देती है। इस राज्य में किसी भी लड़की को सरेआम पीटा जाना दुष्कर्म किया जाना एक शर्मनाक घटना है। ऐसे धटनाओं पर तुरंत अंकुश लगाने ी जरुरत है। झारखंड एक शांत और अपराधमुक्त राज्य था लेकिन विगत कुछ वर्षो से राज्य के शहर और ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ा है।

अनुराधा, गढ़वा

### महिलाओं की भागीदारी

इसे लोकतंत्र की विडंबना ही कहा जायेगा कि निर्वाचित महिला प्रतिनिधि के स्थान पर परिवार का कोई पुरुष सदस्य शपथ ले ले। निश्चित रूप से इससे महिलाओं के अधिकारों की बात बेमानी लगती है। जब लोग किसी महिला को अपना प्रतिनिधि चुनते हैं तो उसकी सार्वजनिक जीवन में उपस्थिति भी नजर आनी चाहिए। डमी उम्मीदवार नहीं हो यह जरूरी है।

–अनिल ,लोहरदगा

# हाट बाजार का सामाजिक ताना-बाना टूट रहा है

## समाज

**सुधीर विद्यार्थी**

गांव के हाट-बाजारों की शक्ल अब बदल गई हैं। वे प्रायः मझोले किसान होते और अपनी फसल का थोड़ा-सा हिस्सा बेचने के लिए बैलगाड़ियों में लादकर लाते। छोटी जोत की किसानी करने वाले अपने सिरों पर अनाज रखकर, उसकी बिक्री कर और अपनी जरूरत का सौदा-सुलुफ बांधकर घर लौट जाते। कई बार यह खरीदारी इतनी कम होती कि उन चीजों की खपत दो-तीन दिनों में ही हो जाती और फिर अगले बाजार का बेचैनी से इंतजार होता।

वहां बिकने वाली वस्तुओं में दाल, मसाले, गुड़, सरसों, मिट्टी का तेल, कुप्पी, साबुन, कंघी और बिसातखाने के दूसरे छोटे-बड़े सामान, कपड़ा, आलू-सब्जी की दुकानें तथा नाई से हजामत बनवाने का भी काम होता। पान और चाट के नुक्कड़ भी सज जाते। मांस-मछली की बिक्री होती, तो भीड़ से थोड़ा हटकर बैलों और घोड़ों के नाल लगाने तथा उनकी पूंछों के बाल कतरने वाले अपने कारोबार में जुटे होते। कोई एक दवाखाना भी उसी घेरे में आ जमा होता। पहले इन बाजारों में मिट्टी के बर्तन भी बिकते देखने को मिल जाते थे, पर अब छोटे घरों में भी उनकी पहुंच नहीं रही। प्लास्टिक ने कुम्हारों की कला को विस्थापित कर दिया है। बाजार में खरीदारों की आवाजों का मिला-जुला शोर बाजार के चरित्र का एक खास और स्थायी हिस्सा होता, जिसे चीन्हना इन दिनों कठिन हो गया है।

गांव में तीसरे दिन या सप्ताह भर में जुड़ने वाले इन बाजारों में अब गंवई स्त्री-पुरुष नहीं आते। मोटे अनाज की पैदावार घटने पर बिक्री के लिए बाजार तक उनका पहुंचना मुहाल होने लगा है। जरूरत की चीजों की खरीदारी के लिए लोग अब मोटर वाहनों से निकटवर्ती कस्बों में जाने लगे हैं। जो पक्की सड़कें गांव के निकट से गुजर कर शहर की तरफ जाती हैं, उनके किनारे बड़ी संख्या में दुकानें उग आई हैं, जिनसे देहात के बाजारों की रौनक कम होने के साथ वहां लोगों की उपस्थिति घटी है। ठंडे पेय और पैकटबंद चीजें बेचने वालों ने अब बाजार की नई संस्कृति विकसित की है। यहां हाट-बाजारों की भांति देहात के लोग मोल-भाव कर चीजें नहीं खरीद सकते। गांव में सब्जी पैदा करने वाले किसान भी अब अपना उत्पाद लेकर मंडी जाते हैं या फिर बिचैलिया उन्हें सीधे खेत से ही उठा लेता है। मुक्त अर्थव्यवस्था ने गांव के ढांचे को ही तोड़ा-बदला नहीं, परंपरागत हाट-बाजार के परिदृश्य को भी उलट दिया है। खेतों में पैदा मूली, गाजर, आलू, लौकी, तुरई-सब कुछ अब शहर के मॉल में चमकीली पन्नियों में बिकने लगी है। देहाती बाजार अब उजड़ गए हैं। दुकानदारों और ग्राहकों के बीच जमा-जमाया रिश्ता भी दरका है। नए बाजार की संस्कृति अब गांव के छोटे हाट-बाजारों को पनपने भी नहीं देना चाहती। वह अपने व्यावसायिक शातिरपने से उन्हें वीरान करने पर आमादा है। गांव में छोटी जोत वाला बड़े लोगों से अपनी घर-गिरस्ती चलाने के लिए जो उधार-कर्ज लेता था, उसे निपटाने के लिए उसके पास साप्ताहिक बाजार में अनाज बेचकर देने का रास्ता होता था, जिसे नए बाजार ने बंद कर दिया है। एक समय बाजार स्वयं चलकर गांव आता था। तब अनाज के बदले चीजों की खरीदारी का चलन था। रसोई का सामान, मसाले, बरफ, चाट, धान का चूरा जैसी वस्तुओं की अदला-बदली का व्यापार बड़ा दिलचस्प था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बरही तिलैया रोड के रैयत अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे

जमीन व मकान का मुआवजा नियम संगत दिलाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को सौपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही पटना रोड के रैयतों ने अपने जमीन व मकान के लिए उचित मुआवजा की मांग को लेकर पटना रोड में ही अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए है। इस दौरान उन्होंने बरही अनुमंडल पदाधिकारी को एक लिखित ज्ञापन भी सौपा है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया है की हम सभी तिलैया रोड एन.एच 31 रोड चौड़ीकरण में प्रभावित मौजा बरही, उज्जैना एवं कोनरा की जनता है। हमारा बरही तिलैया रोड एन.एच. 31 फोर लेन रोड चौड़ीकरण में भू-अर्जन द्वारा अधिग्रहण किया गया जमीन एवं मकान (दुकान) का मुआवजा दिया जा रहा है, इस मुआवजा में बहुत विसंगतियां है। बताया है कि इससे प्रभावित सभी लोगों मांग नही पूरा होने पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गयें है। उन्होंने बताया कि लैंड एक्ट 2013 धारा 24 की उपधारा (2) के प्रावधान लागू नहीं किया गया है, यह लागु हो। बरही उज्जैना व कोनरा के संरचना की मापी झारखण्ड सरकार राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) राँची पत्रांक 607 दिनांक 08 अगस्त 2022 के तहत हो। एन.एच-2 फोर लेन रोड निर्माण 2005 के संरचना का मुआवजा में सूद जोड़कर मुआवजा दिया गया था। जबकि सभी तिलैया रोड चौडीकरण से प्रभावित बरही, उज्जैना व कोनरा वासी को संरचना का मुआवजा में सूद जोड़कर मुआवजा दें। मौजा बरही उज्जैना व कोनरा के सभी प्रभावित लोगों को उनके जमीन का मुआवजा कॉमर्शियल दर से मिले, क्योंकि लगभग सभी प्रभावित लोगों का जमीन पर दूकान व मकान बना हुआ है। तिलैया रोड चौड़ीकरण में तीनों प्रभावित मौजा का मुआवजा 2021-22 के दर से हो। तिलैया रोड चौड़ीकरण में तीनों प्रभावित मौजा का मुआवजा झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) रांची पत्रांक 367 दिनांक 24 अक्टूबर 2014 के तहत हो। उन्होंने मांग किया है कि उपरोक्त सभी विषयों पर गम्भीरता पूर्वक संशोधित कर विसंगतियों को दूर करते हुए तिलैया रोड चौड़ीकरण से प्रभावित सभी जनता को उचित मुआवजा दिलाने का कष्ट करें। मौके पर ईश्वर गुप्ता, मनोज कुमार केशरी, चंदन कुमार, गुरुदेव गुप्ता, अनिल कुमार, चंदन कुमार, बेबी केशरी, रचना साहू, खूबलाल साव, मोती साव, प्रेमचंद साव, लुबर साव, प्रदीप पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।



अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रैयत।

## स्पीड न्यूज

### दोतल्ला पंचायत में विशेष ग्रामसभा 11 को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में 11 दिसंबर रविवार की सुबह 10 बजे में स्वच्छ भारत अभियान द्वितीय चरण (ओडीएफ) एवं घर-घर नल के माध्यम से जल आपूर्ति करने हेतु जल जीवन मिशन के निमित्त विशेष ग्रामसभा आहूत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने पंचायत के तमाम लोगों से अपील है कि उक्त तिथि को समय पर पहुंचकर अपने-अपने घरों में पंचायत के माध्यम से लगने वाले नल का कनेक्शन लेने हेतु तथा टोला-मुहल्ला के ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु योजनाओं का चयन में सहभागिता निभाने के लिए ग्रामसभा की बही (रजिस्टर) पर हस्ताक्षर अथवा अंगूठा अवश्य बनावें। साथ ही ग्राम पंचायत के कोई भी निवासी उक्त योजनाओं से वंचित न रह जाए इसके लिए अपने-अपने स्तर से अपने पड़ोसियों एवं मोहल्ला-टोला के लोगों को ग्रामसभा की बैठक की सूचना अवश्य दें।

### गरीब महिला के टूटे हाथ लगा बैंडेज

**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद के पहल पर गरीब महिला का टूटा हाथ का बैंडेज डॉ अविनाश कुमार द्वारा किया गया। गरीबी के कारण पैसे के अभाव में महिला अपना टूटा हुआ हाथ का इलाज नहीं करा पा रही थी। विधायक अंबा प्रसाद को जानकारी मिलने के बाद तुरंत संज्ञान लिया और बड़कागांव चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर बीएन प्रसाद को इसकी जानकारी दी। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे के सहयोग से महिला को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सा प्रभारी के नेतृत्व में डॉ अविनाश कुमार द्वारा टूटे हुए हाथ का बैंडेज करते हुए आवश्यक दवा उपलब्ध कराई गई। उक्त महिला गरीब होने के कारण कहीं भी इलाज कराने के लिए नहीं निकल रही थी। इलाज के दौरान डॉक्टर अविनाश कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सहयोगी रुकनी देवी,अवध किशोर कुमार, पारसनाथ प्रसाद, विशाल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जतरा मेला में औजारों की जमकर हुई खरीदारी

**दारू।** हरली मैदान में हर वर्ष लगने वाला जतरा मेला इस वर्ष भी शानदार तरीके से लगाया गया। किसानों की खुशहाली का प्रतीक यह त्योहार हर वर्ष धन कटनी के बाद लगाई जाती है। इस प्रसिद्ध मेले की खासियत यह है कि यहां लोहे से बने औजार विशेषकर कुदाल, गैता, कुल्हाड़ी, सबल, कड़ाही आदि की जमकर खरीद बिक्री होती है।किसान यहां अपने खेतों में काम आने वाले ज्यादातर औजारों की खरीदारी करते है। मेला के सफल संचालन हेतु बनाई गई समिति में अध्यक्ष रामजी कुशवाहा, सचिव कैलाश विश्वकर्मा, मोहम्मद फारुकुद्दीन, दिलीप प्रसाद,चुरामन प्रसाद,प्रदीप राम, विकाश कुमार,बंटू प्रसाद, देवनारायण कुमार, सुरेंद्र राम को रखा गया है।

### संयुक्त मोर्चा ने कहा 11वें वेतन की लड़ाई लड़ी जायेगी



**भदानीनगर (रामगढ़)।** संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में शुक्रवार को बरका-सयाल जीएम कार्यालय के समक्ष विरोध-प्रदर्शन किया गया। साथ ही सभा का आयोजन कर कोल इंडिया प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सभा की अध्यक्षता बासुदेव साव व संचालन संजय शर्मा ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार व कोयला मंत्रालय की मजदूर विरोधी नीतियों के कारण मजदूरों में आक्रोश व्याप्त है। प्रबंधन अविलंब वेतन समझौता करे अन्यथा आरपार की लड़ाई लड़ी जायेगी। विरोध-प्रदर्शन में विंध्याचल बेदिया, सतीश सिन्हा, सुखदेव प्रसाद, अशोक गुप्ता, संजय वर्मा, यंजय मिश्रा, संजय यादव, देवेंद्र सिंह, राजू यादव, शंभु प्रसाद सिंह, हरिनाथ महतो, दशरथ कुर्मी, अशोक शर्मा, चमन मुंडा, राम नरेश सिंह, नरेश मंडल मौजूद थे।

# 11वां वेतन लागू करने की मांग को लेकर सीसीएल कुजू में रोष प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** 11 वां वेतन समझौता लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष संयुक्त मोर्चा द्वारा एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि कोयला मजदूर जमीन का सीना फाड़ कर व अपनी जान को जोखिम में डालकर देश को रौशन करने के लिए कोयला उत्पादन करते हैं। लेकिन प्रबंधन की नीति के कारण मजदूर आज आक्रोशित हैं। जून 2021 से वेतन समझौता बकाया है। सात बैठकों के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला। अन्ततः कोल इंडिया संयुक्त मोर्चा अब आर पार कि लड़ाई के मूड में है। जिसकी शुरूआत आज 9 दिसम्बर को पुरे कोल इंडिया में विरोध प्रदर्शन दिवस के रूप में किया जा रहा है। प्रदर्शन के माध्यम से 11वां वेतन समझौता जल्द से जल्द लागू करने के लिए महाप्रबंधक कुजू को अध्यक्ष कोल इंडिया लिमिटेड के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। सात जनवरी को सीएमपीडीआई में संयुक्त मोर्चा कोल इंडिया कि बैठक होगी, जिसमें आगे कि रणनिती तय कि जाएगी। इस बैठक में प्रत्येक संगठन से 200 कोयला मजदूरों को शामिल होने का आह्वान किया गया है। विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने में सीसीएल सीकेएस से देवेन्द्र शर्मा, शंकर गिरी, अनुपलाल चौधरी, दीपक कुमार, निर्गुण महतो,प्रदीप राम, टप्पू मिश्रा , जनता मजदूर संघ से जगदीश महतो, नन्द किशोर, धनेश्वर महतो, ललन यादव, युसीडबलूयू से पंकज सिंह, महालाल मांझी, तुलेश्वर प्रसाद, अनील कुमार, सहदेव महतो, सुखदेव कुमार, शशि कुमार, तेजू महतो , जेसीएमयू से रामचंद्र वर्मा, बोधन मांझी, रामकुमार, सीएमयू से महादेव मांझी, शिवशंकर, वाहिद अंसारी, इजराइल अंसारी, जब्बार मियां, आरसीएमयू से हेमन्त सिंह, सीटू से दाहो महतो, विनोद कुमार सहित काफी संख्या में महिला पुरुष कोयला मजदूर शामिल थे।



प्रदर्शन करते लोग।

### मोटरसाइकिल, हाईवा में टक्कर, मौत

**बड़कागांव।** थाना क्षेत्र के हजारीबाग रोड के ग्राम बरवाडीह भोक्ता स्थान के समीप मोटरसाइकिल सवार एवं हाईवा के बीच अहले सुबह हुई टक्कर में मोटरसाइकिल सवार ग्राम पकरी बरवाडीह निवासी निर्मल कुमार पिता बुधन साव की घटनास्थल पर ही जलने से मृत्यु हो गई। मोटरसाइकिल सवार युवक की एकाएक छरी लदा हाईवा से हुई जोरदार टक्कर के पश्चात दोनों वाहनों में आग लग गई और निर्मल कुमार की मृत्यु जलने से घटनास्थल पर ही हो गई जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया। अंबा प्रसाद घटनास्थल पर पहुंची। स्थल पर विधायक अंबा प्रसाद ने प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी नीरज सिंह समेत अधिकारियों के साथ बैठक की।

## एक नजर में

### भाजपा नेता काली साव हुए पंचतत्व में विलीन अंतिम विदाई देने को उमड़ा जनसैलाब

**हजारीबाग।** भाजपा के जन- जन के बीच लोकप्रिय और कार्यकताओं के प्रेम के प्रगाढ़ता के प्रतिक रहें भाजपा के वरिष्ठ नेता काली साव शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार हजारीबाग के खीरगाँव स्थित मुक्तिधाम में हुआ। काली साव के निधन पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की जनसंघ के द्वार से अब तक कार्यकताओं के मनोभाव में काली साहू के प्रति आदर और सम्मान बरकरार रहा। यह उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि वह मेरे अभिभावक और मार्गदर्शक रहे हैं मेरे लिए उनका निधन अपूरणीय क्षति है।

### अतिरिक्त प्रभार पर चल रहा है टाटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष रवि सिंह ने कहा कि 6दिसंबर को पूर्व में अध्यक्षीय कार्यालय उद्घाटन किया गया। बाद में प्रखंड सह अंचल मुख्यालय में प्रखंड के पदाधिकारियों के संग बैठक किया गया। जिसमे शामिल विभाग के अधिकारी गणो ने क्षेत्र में किये गये कार्यो का उल्लेख किया कुछ अधिकारी गणो ने क्षेत्र में विकास कार्य को सन्तुष्ट जनक उत्तर देने के स्थान पर उन्होंने आना कानी करते हुए कहा कि हमारा टाटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसलियें सही तरीके से कार्य नही हो पा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जेई पीयूष कुमार सप्ताह में एक दिन ही प्रखंड कार्यालय आते हैं और रविवार छोड़ पांच दिनों की अपनी फर्जी उपस्थिति बना लेते हैं। बैठक के पश्चात श्री सिंह ने भ्ष्टाचार पर अंकुश लगाने को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों से अपील किया कि ससमय पर सभी अपने कार्य स्थल पर पहुंचे । ताकि आम जनता को परेशानीयो का सामना नही करना पड़े । जनता के हित कार्य ,योजनाओं को अविलंब किया जाय। मौके पर पशुपालन छोड़ सभी विभाग के अधिकारी गन मौजूद थे।

### मुखिया अनिल देव ने किया उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिउज पुनाई का निरीक्षण



**दारू।** पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिउज पुनाई का निरीक्षण किया। विद्यालय निरीक्षण के दौरान बच्चों ने निम्न गुणवत्ता का भोजन देने का लगाया आरोप । इस बात को सुनकर मुखिया काफी नाराज हुए और खाना की जांच करने पर बच्चों की शिकायत की सही पाया। इस बारे में मुखिया ने बताया कि विद्यालय में स्कूली बच्चों को अधिकांश भात, साग और मूली की सब्जी दी जा रही है अंडा भी नियमित रूप से नही दिया जा रहा है जो कि सरासर गलत है। मुखिया ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक और विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष मंजू देवी पर कार्य मे लापरवाही बरतते हुए पोषाहार की राशि मे गड़बड़ी का आरोप लगाया है। मुखिया ने विद्यालय की अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग करते हुए प्रबंधन समिति की नई अध्यक्ष चुनने की मांग विभाग की संबंधित अधिकारियों से की है साथ ही उन्होंने विद्यालय में नियुक्त शिक्षक द्वारा भी अपने कार्य मे लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाया है।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न



**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला गंगा समिति के पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में हुए कार्यो की विस्तार से जानकारी ली। जिसके उपरांत उन्होने दिसंबर महीने में नमामि गंगे योजना के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा शाह जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू सहित अन्य अधिकारियों, महाविद्यालयों के प्राचार्य, सीसीएल, सहित विभिन्न एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, उप विकास आयुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ नमामि गंगे योजना के तहत जन जागरूकता, एक्शन प्लान, ट्री प्लांटेशन एक्टिविटीज, नेचुरल फार्मिंग एवं रामगढ़ जिले के जल श्रोतों को स्वच्छ रखने हेतु किए जाने वाले कार्यों को लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

# हजारीबाग की महिला उद्यमी को मिला महिला उद्यमी एक्सलेंस अवार्ड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमदाग।** आर्य युवा केंद्र नई दिल्ली द्वारा आयोजित एन.डी.एम.सी कनवेक्शन सेंटर मे तीन दिवसीय उधमि हाट प्रदर्शनी एवं सम्मान समारोह मे झारखंड के प्रतिनिधित्व कर रही मंजू मिश्रा ने अपने द्वारा निर्मित बीस प्रकार के आचार स्थानीय महिला उद्यमी मरियम पूर्ति विदया रानी शुकला सावंत एजुकेशनल सोसाइटी एवं वेली पराग द्वारा निर्मित हैंड बैग स्कूल बैग सफर बैग रोज केक अरिशा अनरसा का स्टाल लगाकर दिल्ली मे लोगों को बताया की कैसे महिला घर बैठे उघमि के रूप में रोजगार से जुड सकती है। और अपने साथ साथ देश के अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकती है। जिससे माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना साकार हो सकेगा। महिला उघमि सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन सिंह मेघवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री माननीय प्रताप सारंगी, रेलवे मंत्रालय बोर्ड के चेयरमैन रमेश चंद्र रतन, छत्तीसगढ़ के माननीय सांसद विजय बाघेल, भाजपा महिला मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्री निवासन, भाजपा महिला मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा, आर्य युवा केंद्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुशेष आर्य, राष्ट्रीय महामंत्री राजमणि, झारखंड के पूर्व सांसद माननीय बरज मोहन राम, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य अनिल कुमार एंव अन्य अतिथिगण मौजूद थें। मौके पर समाज सेवी राम किशोर सावंत नमिषा टूडू पिंटू कुमार सहित तेरह प्रदेशों के महिला उघमि तथा पदाधिकारीगण मौजूद थे।



पुरस्कार ग्रहण करतीं मंजू मिश्रा।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने किया रामगढ़ जिले का किया दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल चंद्र किशोर उरांव ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा उन्हें प्रखंड कार्यालय परिसर मांडू में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दौरे के दौरान श्री उरांव ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मांडू क्षेत्र में हुए कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक योग्य व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया । उन्होंने क्षेत्रों में सर्वे कराकर जो व्यक्ति वर्तमान में रामगढ़ जिले में निवास नहीं कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल कर मतदान के प्रति जागरूक करने का भी निर्देश दिया। मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक करने के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक चंद्र किशोर उरांव ने जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करते हुए सभी मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड से लिंक करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि आज के दौर में जब लोग मोबाइल का इस्तेमाल कर कई तरह की सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं ऐसे में निर्वाचन की प्रक्रिया एवं निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों से लोगों को जागरूक करने हेतु मोबाइल काफी कारगर साधन है। दौरे के दौरान आयुक्त ने गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी रामगढ़ प्रभास दत्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू सुधीर कुमार, अंचल अधिकारी मांडू जयकुमार राम सहित अन्य उपस्थित थे।



गार्ड ऑफ ऑनर देते अधिकारी।

# खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा : रोशनलाल



**रजरप्पा।** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित फुटबॉल स्टेडियम कॉलोनी ग्राउंड में तीन दिवसीय स्व. रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का विधिवत उदघाटन मौजूद बतौर मुख्य अथिति आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी, विशिष्ट अथिति रामगढ़ सदर जिप सदस्य धनेश्वर महतो डीएम, आजसू जिला कोषाध्यक्ष सह कुंदरूकलां मुखिया किसुन राम मुंडा, आजसू वरीय नेता अमृतलाल मुंडा, अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद वर्मा व सचिव सुरेश राम ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर किया. अथितियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला भी बढ़ाया. मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि स्व. रिझुनाथ चौधरी के अधूरे सपने को पूरा करेंगे। उदघाटन मैच सतकड़िया गिद्दी बनाम उड़ीसा के बीच खेला गया. जहाँ सतकड़िया की टीम विजय रही. इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा बुके देकर एवं माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर राकेश मुर्मू अध्यक्ष आयोजन समिति, चंद्रदेव टुडू उपाध्यक्ष, रामू हांसदा सचिव, मंगलदेव हांसदा सह सचिव, विगल मराण्डी कोषाध्यक्ष, महेन्द्र मुर्मू उप कोषाध्यक्ष सहित निर्मल चौधरी, ठाकुर दास महतो मौजूद थें।

### जल्द सकारात्मक पहल करे राज्य सरकार अन्यथा होगा चरणबद्ध आंदोलन : मो कयूम



बरही। झारखंड के ट्रक मालिकों के साथ सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैयों के कारण ट्रक मालिकों की स्थिति चिंताजनक हो गयी है।सरकार के द्वारा उपेक्षापूर्ण रवैयों के कारण स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम ने प्रेस बयान जारी करते हुए झारखंड के ट्रक वाहन मालिकों के समर्थन में उतरने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के गरीब मजदूर किसी अन्य राज्यों या फिर जमीन जगह बेचकर स्वयं के जीवनस्तर सुधारने को लेकर व्यवसाय की ओर जाने का मन बनाते हुए कुछ पैसा जुटाकर ट्रक वाहन खरीदते है।वही स्थिति को समझते हुए टैक्स कम लगने के ख्याल से झारखंड के कई ट्रक मालिक अपना वाहन का रजिस्ट्रेशन नागालैंड से करवा रखे है।परंतु झारखंड सरकार के एक आदेश के बाद झारखंड में वैसे सभी वाहनों को पकड़ा जा रहा है जो झारखंड के किसी नागरिक का है और पासिंग झारखंड का ना होकर किसी अन्य राज्य से है। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील किया है कि वे जल्द ट्रक मालिको के समर्थन में कोई सकारात्मक पहल करते हुए उनके समस्याओं का समाधान करे। अन्यथा पूरे राज्य में आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन का प्रारंभ बरही की धरती से किया जाएगा। जिसका पूरा जिम्मेवार स्वयं सूबे के मुख्यमंत्री होंगे।

### ऐसे आयोजनों से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है : जितेंद्र मंडल



**बासल (रामगढ़)।** मां बनजारी आईटीआई घुटुवा में रामष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची एवं माँ बनजारी आईटीआई घुटुवा के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेककानंद द्वारा प्रदत 'नया भारत गढ़ो' विषय पर चले रहे जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। इसमें क्विजएवं स्वदेश मन्त्र पाठ' प्रतियोगिता हुई। जिसमें रामगढ जिला के विभिन स्कूलों के विद्यालय स्तर पर विजेता 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जेएम कॉलेज भुरकुंडा के पूर्व प्रोफेसर ड. कौलेश्वर तिवारी शामिल हुए। वहीं निर्णायक मंडली में संस्थान के निदेशक जितेन्द्र कुमार मंडल, गजानंद पाठक, एसवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना के शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद आदि शामिल थें। क्विज प्रतियोगिता के समूह दो में एसएस प्लस+2 हाई स्कूल गोला के पियूष कुमार गुप्ता प्रथम, एसएस प्लस+2 हाई स्कूल गोला के इनदीया कुमारी द्वितीय व रवि कुमार कश्यप ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त पाया। क्विज प्रतियोगिता के समूह तीन में एसएस प्लस+2 हाई स्कूल गोला के प्रिंस कुमार प्रथम, भुरकुंडा उच्च विद्यालय भुरकुंडा के धीरज राय द्वितीय व एसएस प्लस+2 हाई स्कूल गोला के सुमित कुमार ने तृतीय स्थान पाया।

# सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 9 दिसंबर को सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य हरजाप सिंह तथा सभी शिक्षका, शिक्षिकाओं की उपस्थिति में बच्चों ने सर्व प्रथम प्रार्थना सभा में शपथ ग्रहण किया। प्रार्थना सभा में बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों को लेकर सुविचार बताया गया कि कैसे सड़क दुर्घटना से सावधानी भली होती है।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए सभी नियमों का पालन करने को कहा। सड़क पर अगर चल रहे हैं तो दिशा का ध्यान रखें। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष परमदीप सिंह कालरा ,अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल , सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा ,स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह उपस्थित थे।

### हमें यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए: डॉ. संज्ञा



**रजरप्पा।** चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में एनएसएस यूनिट के तहत सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों से अवगत कराया गया। प्रतिज्ञा कराते हुए सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात के नियमों को पालन करने की शपथ दिलाई गईं। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संज्ञा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए तथा वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रो. तथा एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी उत्तम कुमार ने शपथ पत्र पढ़कर शपथ दिलवायी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो. मनोज झा, प्रो. ज्योति कुमारी, प्रो. जुही उपाध्याय, प्रो. निरंजन महतो, प्रो. फहमीदा नाज, प्रो. निखहत परवीन, प्रो. रेवा लाल पटेल, जफरुल हसन खां, रवि कुमार, पिंटू कुमार, कुशुम कुमारी, सोनू कुमार, राजेश तिवारी, राहुल कुमार, प्रकाश कुमार तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति हैं सोनिया गांधी : आलोक साहू



कुडू। दोबा गांव में कांग्रेस ने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिवस केक काटकर मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू एवं लोहरदगा विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष विकास शाहदेव उपस्थित थे। साहू ने कहा कि सोनिया गांधी त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति हैं। ये लगातार 20 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। इस दौरान संगठन काफी मजबूत हुआ था। सोनिया गांधी के नेतृत्व में 10 वर्षों तक केंद्र में यूपीए गठबंधन की सरकार बनी थी। 2005 में सोनिया गांधी के नेतृत्व में यूपीए गठबंधन कि जब पहली बार सरकार बनी थी तो उस समय कांग्रेसी एवं यूपीए गठबंधन दल के नेता सोनिया गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाना चाहते थे लेकिन सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री का पद त्याग कर देश में एक मिसाल कायम किया कि उनके लिए प्रधानमंत्री से बड़ा राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

### डॉ. संदीप कल गुमला आयेंगे

गुमला। चर्म, कुष्ठ और थाईराईड रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप रविवार को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### तीन दिवसीय राम कथा शुरू

कैरो। खरता पुखली गढ़ा के समीप एकल विद्यालय परिवार के तत्वाधान में तीन दिवसीय राम कथा शुरू हुआ, जिसमें कथा वाचक के रूप में रांची से आए उपेंद्र पाठक द्वारा रामायण की आरती के साथ रामचरित आधारित नवधा पाठ कथा का प्रारंभ सबरी व राम के मिलन का मार्मिक दृश्य का कथा कहा गया जिसे भक्तों द्वारा सुनकर अनुसरण करने की बात भी प्रवचन के माध्यम से बताया गया। कथा वाचक ने कहा कि रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाता है बड़ो का सम्मान करना, छोटे को प्यार देना, अपने दायित्वों के अनुसार धर्म का पालन करते हुए जीवन जीना सिखाता है। कार्यक्रम में एकल विद्यालय के संचालक मीरा उरांव, बंधु उरांव सुसेन महतो, राजू उरांव, सनीचरवा उरांव, रमेश दुबे, बरतु साहू, छोटू तिवारी सहित दर्जनों भक्त मौजूद थे।

### युवा कांग्रेस ने किया रक्तदान



लोहरदगा।कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और सांसद सोनिया गांधी के 76वी जन्मदिन को जिला युवा कांग्रेस द्वारा त्याग दिवस के रूप में मनाया गया।इस मौके पर सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में युवा कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष मुशर्रफ रजा,रिजवान अंसारी,अमन अख्तर,गुलाम जिलानी आदि ने रक्तदान किया।इस मौके पर कहा कि त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति सोनिया गांधी हम सबों को प्रेरणा श्रोत है। कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल पार्टी के इतिहास में सबसे लंबा है।जिसमें उन्होंने 2004 और 2009 में केंद्र में सरकार बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई और राजनीतिक चेतना का संचार किया, शक्ति, सामर्थ, और स्नेह कि सूत्रधार होकर वह फोर्ब्स की सबसे शक्तिशाली महिलाओ की सूची में अनेकों बार जगह बनाई।मौके पर जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग,जिला महासचिव कविस जायसवाल,नगर अध्यक्ष तौसीफ आलम,इमरान अंसारी,नाजिम अंसारी आदि उपस्थित थे।

### गुरुकुल में सड़क सुरक्षा पर नाटक



लोहरदगा। कूडू में स्थित गुरुकुल एकेडमी विद्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर सड़क सुरक्षा एवं घायल व्यक्तियों की सहायता के लिए बच्चों ने नाटक रूपांतरण कर सहायता करने की जानकारी बच्चों को दी गई। गुरुकुल के सीनियर छात्रों ने सड़क में किस प्रकार चलना है और कुछ घटना होने पर किस तरह से हॉस्पिटल पहुंचाना है और घायल व्यक्ति की मदद करना है इसे बहुत अच्छे ढंग से बच्चों के बीच प्रस्तुत किया।मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर अनुराधा आनंद ने कहा इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में जागरुकता आएगी।साथ ही आपात स्थिति में कैसे सामना करना है और सहयोग भी इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को महत्वपूर्ण शिक्षा मिलती है।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका के अलावा बच्चो की भूमिका भी सराहनीय रहा।

### बिजली चोरी को ले पांच पर केस

भंडरा । थाना क्षेत्र के भंडरा कुम्बा टोली में बिजली विभाग के द्वारा सघन छापेमारी कर जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। बिजली विभाग के कनीय अभियंता सूचिंद्र प्रजापति ने बताया कि भंडरा के कुम्बा टोली के पांच लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। विभाग के कनीय अभियंता ने बताया कि इस गांव के अकबर अंसारी पिता स्व यासीन अंसारी के द्वारा एल टी लाइन मे टोका लगाकर बिजली की चोरी की जा रही थी। इन पर 9260 रुपए का बकाया बिजली बिल जमा करने के निर्देश देते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है । वहीं ईनुस अंसारी पिता मनीर अंसारी के द्वारा टोका फंसाकर बिजली की चोरी की जा रही थी, इन पर 10033 रुपये का बिजली बिल बकाया है। इनके अलावे सयूम अंसारी पिता आसिम अंसारी के द्वारा भी टोका लगाकर बिजली की चोरी की जा रही थी, इन पर भी 8907 रुपये का बिजली बिल बकाया है। लुकमान अंसारी पिता स्व हुसैन अंसारी के द्वारा टोका फंसाकर बिजली की चोरी की जा रही थी। इनके खिलाफ 29928 रुपये का बिजली बिल बकाया है। रेयाज अंसारी पिता कुर्बान अंसारी के द्वारा टोका फंसाकर बिजली की चोरी की जा रही थी, इनके खिलाफ 42779 रुपये का बिजली बिल जमा करने का निर्देश देते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है।

# गुमला में ऑर्गेनिक खेती से किसान हो रहे हैं समृद्ध

- सदर प्रखंड के पूर्व भाग के कोटेंगसेरा, कुटुवा, कोलांबी व रघुनाथपुर के 450 किसान कर रहे हैं ऑर्गेनिक खेती
- 80 एकड़ जमीन पर आलू, टमाटर, फुलगोभी, पत्ता गोभी, मटर की कर रहे हैं खेती
- गोवा-मुंबई जाने वाले किसानों के जीवन में आया ठहराव

## बढ़ रही है मिट्टी की उर्वरा शक्ति



ऑर्गेनिक खेती करते किसान।



किसानों ने लगाये कई फसल।

दीपक राम काजू

गुमला। ऑर्गेनिक खेती से गुमला के किसानों के जीवन स्तर में सुधार आने लगा है। वहीं एक फसलीय धान की खेती के बाद रोजगार के अभाव में घर छोड़कर गोवा, मुंबई व अन्य बड़े महानगर काम करने जाने वाले किसानों का पलायन भी ऑर्गेनिक खेती से रूक गया है।

गुमला सदर प्रखंड के पूर्व भाग के कोटेंगसेरा, कुटुवा, कोलांबी व रघुनाथपुर गांव में लगभग 80 एकड़ भूमि पर साढ़े चार सौ किसान ऑर्गेनिक खेत कर रहे हैं। वर्ष 2021 से प्रदान संस्था के सहयोग से किसानों को ऑर्गेनिक खेती करायी जा रहा है। खेत के लिए किसानों को सोलर लिफ्ट सिस्टम भी सिंचाई के लिए उपलब्ध कराया गया। वहीं प्रदान के द्वारा किसानों को बीज उपलब्ध कराया गया है। ऑर्गेनिक खेती के बढ़ते प्रचलन से जहां मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बरकार रहेगी। वहीं मानव जीवन भी ऑर्गेनिक खेती से उत्पन्न उत्पादों का उपयोग कर सुरक्षित रहेगा। ऑर्गेनिक खेती में लागत भी किसानों का कम आ रहा और मुनाफा भी अधिक हो रहा है। किसान एक ही खेत में मचान विधि से चार प्रकार के फसल उत्पादन कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रहे हैं। किसानों के द्वारा धान के साथ-साथ आलू, फुलगोभी, पत्ता गोभी, टमाटर, फरसबीम, सेमबी, मटर व गेंहू की खेती फिलहाल ऑर्गेनिक तरीके से की गई है। बेहतर फसल उत्पादन कर किसान अपने माली स्थिति में सुधार कर अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिला रहे हैं और बच्चे पढ़-लिखकर जॉब भी कर रहे हैं। ऑर्गेनिक खेती के लिए किसान बीजों का स्वयं उपचार कर रहे हैं और खाद का निर्माण भी कर रहे हैं। अब किसान सरकार की ओर से मिले सरसों व चना की खेती भी ऑर्गेनिक पद्धति से करने वाले हैं। कोटेंगसेरा की महिला किसान सुगंती देवी ने बताया कि वह लगभग दस एकड़ जमीन पर मचान पद्धति से विभिन्न तरह की सब्जियों की खेती



किसान राजेश एक्का व अरूण एक्का।

की। जिसे उसको काफी आर्थिक लाभ हुआ है। वहीं सुनीता देवी ने बताया कि ऑर्गेनिक खेती से कमाये रूपये से वह अपनी बेटी दीपिका कुमारी को नर्स का प्रशिक्षण दिलायी। आज वह हैदराबाद में जॉब कर रही है। अपने दो अन्य बच्चों को वह बेतहर तरीके से शिक्षा दे रही है। वहीं कुटुवा मिशन टोली के किसान अरूण एक्का, मतियस लकड़ा व राजेश एक्का ने कहा कि वे हर वर्ष धान की खेती कर गोवा या फिर मुंबई कमाने चले जाते थे। क्योंकि धान की खेती के बाद उनको रोजगार नहीं मिलता था। अब प्रदान संस्था व प्रदान संस्था की सीए ज्योति खंडित के



मतियस लकड़ा

देखरेख में वे वर्ष 2021 से ऑर्गेनिक खेती कर रहे हैं। ऑर्गेनिक खेती में लगात कम और मुनाफा अधिक है। वहीं सिंचाई की भी सुविधा उपलब्ध करायी गई है। जिसे हम बाहर न जाकर घर पर ही खेती कर अधिक मुनाफा कमा रहे हैं। इनके द्वारा मटर, टमाटर, आलू सहित कई तरह के सब्जी की खेती की गई है।

**कोटेंगसेरा को सांसद एग्री स्मार्ट विलेज के लिए गया चयन : भोला**

सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी ने बताया कि किसानों के मेहनत को देखते हुए कोटेंगसेरा गांव को सांसद एग्री स्मार्ट भिलेज के रूप में चयनित किया गया है। जहां हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा। ताकि किसान घर पर ही रहकर अच्छी तरह खेती बारी कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार की गई है। खेती करने वाले कई महिला किसान पावर टीलर की मांग कर रहे हैं। जिसे जिले के उपायुक्त के समक्ष रखकर किसानों की मांग को पूरा किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री की यात्रा को ले डीसी ने किया हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

गुमला। 12 दिसंबर को सीएम हेमंत सोरेन के आयोजित कार्यक्रम को देखते हुए उपायुक्त सुशांत गौरव और पुलिस अधीक्षक ऐहतेशाम बकारिब ने शुक्रवार को पुगु स्थित हवाई अड्डा का निरीक्षण किया । हवाई अड्डा मैदान में ही मुख्यमंत्री के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने विधि व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान आने वाली भीड़ की समीक्षा की। अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कार्यक्रम में किसी तरह की कोताही न हो उस का विशेष ध्यान रखने को कहा। उपायुक्त ने सीएम के काफिले



में शामिल वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर लगाने और यातायात में किसी तरह का व्यवधान न हो उसे लेकर भी अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये। साथ ही कार्यक्रम को लेकर बने मंच की व्यवस्था का भी जायजा लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि सीएम के कार्यक्रम को लेकर विधि व्यवस्था के मद्देनजर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमित रूप से संचालित हो उसके लिए भी वाहनों को निर्धारित करने पर भी चर्चा की गई है। हेलीपैड पर सीएम के आगमन के बाद धूल उड़ने को देखते हुए पानी छिड़काव करने एवं लैंडिंग में किसी प्रकार की परेशानी न हो उसे देखते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान विधायक भूषण तिर्की, एसडीओ गुमला रवि जैन, भूमि सुधार उपसमाहर्ता सुषमा नीलम सोरेंग , जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम शामदानी , के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### लोहरदगा में वीएचपी का शौर्य संचलन कल



लोहरदगा। विश्व हिंदू परिषद का रविवार को गीता जयंती के अवसर पर शौर्य संचालन होगा। इस दौरान ललित नारायण स्टेडियम से निकलकर पूरे नगर का भ्रमण किया जायेगा। उक्त बातें वीएचपी के जिला धर्म प्रचार प्रमुख सतीश पांडेय ने शुक्रवार को आरएसएस जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा की शौर्य संचालन पथ कार्यक्रम को तैयारी पूरे जोर शोर से चल रही है।इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू,विभाग मंत्री लाल ओंकार नाथ शाहदेव,संगठन मंत्री देवी सिंह,मार्गदर्शक मंडल के संयोजक कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी के अलावा आरएसएस के प्रांत संचालक सचिदानंद अग्रवाल,क्षेत्र सेवा प्रमुख अजय जी,मनोज दास सहित कई संगठन के पदाधिकारी भाग लेंगे।

## नंदलाल साहू गोल्ड कप के लिए चयन कल से

**देश के कई टीमें होंगी शामिल संचालन के लिए समिति गठित**

लोहरदगा।ऑल इंडिया नंदलाल साहू गोल्ड कप फुटबॉल के सफल आयोजन हेतु बलदेव साहू महाविधालय स्थित स्टेडियम में दुर्गेश साहू की अध्यक्षता बैठक हुई । दुर्गेश साहू ने बताया कि गोल्ड कप में देश के विभिन्न राज्यों एवं शहरों जैसे जॉर्ज टेलीग्राफ कोलकाता, चर्चिल ब्रदर्स गोवा, गोकुलम केरल, चेन्नई, कश्मीर, पंजाब पटियाला, दिल्ली, हैदराबाद, सिक्किम, जे एफ ए टाटा एवं मुंबई के साथ साथ कई प्रतिष्ठित टीमों ने भाग लेने की सहमति दी है। संयोजक सुखेर भगत ने बताया कि इस टूर्नामेंट के लिए मेजबान टीम का चयन प्रतियोगिता 11 दिसंबर को बीएस कॉलेज मैदान में 2:00 बजे से प्रारंभ होगा। जो भी खिलाड़ी भाग लेना चाहते हैं वे समय पर उपस्थित रहेंगे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का निर्माण किया गया। जिसमें प्रशासनिक सहयोग एवं



संपर्क तथा स्वागत समिति में अशोक यादव, ओमप्रकाश सिंह, देवाशीष कार, डॉ गणेश प्रसाद, प्रोफेसर लोहरा उरांव, कवलजीत सिंह, मोहन दुबे, प्रचार-प्रसार प्रभारी, संजय बर्मन, प्रभात भगत, शंकर उरांव, शाहिद अहमद बेलू, पुरस्कार व्यवस्था प्रभारी, पंकज जयसवाल, अजय प्रसाद, मैदान व्यवस्था प्रभारी सोमा उरांव, धर्मेंद्र उरांव, मनोज उरांव, यशपाल उरांव, संजय भगत, रोशन उरांव, चैतू उरांव, फुलदे० भगत, उदय दत्ता, टीम व्यवस्था प्रभारी सलीम अंसारी बड़े, शाहिद अहमद बेलू, प्रभात भगत, ब्रज सिंह, सागर वर्मा, कंवलजीत सिंह, जगनंदन पौराणिक, गुड्डू गुप्ता, आवासन एवं भोजन व्यवस्था प्रभारी मनोज भगत, पंकज जयसवाल, निशिथ जयसवाल, रघु उरांव, टीम संपर्क प्रभारी सुखेर भगत, देवाशीष कार, सोमा भगत, मीडिया प्रभारी अरुण राम, राहुल कुमार, प्रीतम कुमार, विक्रम चौहान, गणेश लाल, किशोर कुमार वर्मा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अजय प्रसाद, संजय बर्मन, अरुण राम, आलोक कुमार, मनीष कुमार, सागर वर्मा, विज्ञापन प्रभारी पंकज जयसवाल, गुड्स गुप्ता, मेजबान लोहरदगा टीम चयन समिति सोमा उरांव, धर्मेंद्र भगत, संजय भगत, देवाशीष कार, भास्कर दासगुप्ता, शंकर उरांव, रोशन मुंडा को बनाया गया।

### प्रांतीय खेलकूद आज से

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में 10 से 12 दिसंबर तक आयोजित होने वाले 33 वें प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह का उद्घाटन शनिवार को दोपहर 2:30 बजे किया जायेगा।शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत , विशिष्ट अतिथि विद्या भारती झारखंड के मंत्री राम अवतार नरसरिया होंगे। अखिलेश कुमार ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित झारखंड के 8 विभागों जमशेदपुर ,गुमला , रांची , पलामू , साहेबगंज ,धनबाद , देवघर तथा हजारीबाग में संचालित शिशु मंदिर से लगभग 292 भैया एवं 208 बहनों के भाग लेने की संभावना है।

## आर्यावर्त सदन बना ओवरऑल चैंपियन

**बालिका वर्ग में नीलिमा व बालक वर्ग में शशि बनीं बेस्ट एथलीट मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद समारोह सप्ताह संपन्न**

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा।मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद समारोह सप्ताह संपन्न हुआ' 20 गोल्ड, 12 सिल्वर और 15 ब्रोंज मेडल जीतकर आर्यावर्त सदन ओवरऑल चैंपियन बना। 10 गोल्ड मेडल जीतकर व्यक्तिगत खाते में बेस्ट एथलीट बालिका का खिताब नीलिमा लकड़ा ने हासिल किया।

जबकि बालक वर्ग में बेस्ट एथलीट का खिताब दो गोल्ड, 5 सिल्वर और 4 ब्रोंज मेडल के साथ शशि तिग्गा ने अपने नाम किया। समापन समारोह में गुमला विभाग के प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्या भारती विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल,



विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर अतिथियों ने उपस्थित खिलाड़ी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या भारती में खेलकूद को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है और यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी विद्यालय स्तर से लेकर एसजीएफआई तक सीधा खेलकूद में भाग लेते हैं। जीवन में खेलकूद का बड़ा महत्व है विद्यार्थी जीवन में यह सकारात्मकता एवं रचनात्मकता की ओर अग्रसर करने वाला तथा अनुशासन का पाठ पढ़ाने वाला मंच भी होता है। समापन समारोह का संचालन प्रीति कुमारी गुप्ता और अतिथियों का परिचय एवं स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया जबकि खेल वृत्त यशोदा कुमारी ने प्रस्तुत किया। 1 सप्ताह चले खेलकूद समारोह में बालक बालिका मिलाकर एथलेटिक्स की कुल 48 स्पर्धाए संपन्न कराई गई' जिनमें 150 बालक बालिकाओं ने भाग लिया।

## एक नजर में

### 30 वृद्धों और असहायों को मिला कंबल



रायडीह। रायडीह प्रखंड के सिलम पंचायत के वृद्ध एवं असहायों के बीच सिलम पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, भाजपा एस टी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मांगू उरांव, भाजपा अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक एवं वार्ड सदस्य देवंती तिर्की ने संयुक्त रूप से 30 कम्बल का वितरण किया गया। पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी ने कहा कि गरीबी के कारण जो लोग कंबल नहीं खरीद सकते वैसे वृद्ध एवम असहाय लोगों को ठंड से बचाने के लिए पंचायत समिति की ओर से कंबल दिया गया । इस अवसर पर भाजपा नेता मांगू उरांव एवम खुशमन नायक ने वृद्ध एवम असहाय लोगों को ठंड से बचाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को कंबल प्रदान करने के साथ साथ हर प्रमुख चौक चौराहे पर अलाव जलाने की मांग प्रशासन से की है। इस मौके पर पीटर खाखा,लक्ष्मण बराईक, मंगरी देवी,कार्तिक उरांव,लाझरू राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### कार्तिक उच्च विद्यालय निर्माण को भूमि पूजन



गुमला। काशी बाबू के पुण्यतिथि पर कतरी महुआ टोली गांव में कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कतरी पंचायत के मुखिया श्री शशि भूषण भगत ने की। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी श्री महेंद्र उरांव ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्कूल निर्माण की प्रक्रिया जल्द पूरा करने की बात कहते हुए विद्यालय में प्रारंभिक से लेकर उच्च शिक्षा की व्यवस्था करने की बात कही। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष श्री फूलचंद तिर्की, महासचिव संजय तिर्की, संरक्षक धनेश्वर लोहरा, आदिवासी विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सत्यनारायण लकड़ा, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष लोहरदगा जिला सरना समिति के अध्यक्ष श्री चैतू राम, कतरी पंचायत समिति के सदस्य आमिर खान, हंदू भगत, भुनेश्वर लोहरा आदि उपस्थित थे।

### डीसी ने अधिकारियों व कर्मियों को दिलायी शपथ



गुमला। यातायात नियमों का पालन करने तथा लोगो को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित बातों का ध्यान रखने , अपने संबंधित एवं परिजनों से भी यातायात नियमों का पालन करवाने , दो पहिए वाहन चलाते समय हेलमेट एवं कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाने , शराब पीकर तथा फोन पे बात करते समय कभी गाड़ी नहीं चलाने, एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड गाड़ियों को हमेशा रास्ता देने एवं सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने की शपथ दिलाई गई। उपायुक्त ने कहा कि जिला परिवहन विभाग द्वारा लगातार लोगों में सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूकता फैलाई जा रही है । आज के इस शपथ समारोह का भी मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। यदि दिलायी गयी शपथ का अनुपालन प्रत्येक व्यक्ति करे तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। दिलाए गयी शपथ के सभी बिंदु अपने आप में बेहद ही महत्वपूर्ण है। इस दौरान उपायुक्त ने जिले वासियों से सड़क सुरक्षा के संबंधित सभी नियमों का पालन करने की अपील की। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से एसडीओ गुमला रवि जैन , जिला परिवहन पदाधिकारी के अलावा अन्य पदाधिकारी, परिवहन विभाग के कर्मी एवं समाहरणालय के कर्मी उपस्थित थे

### डुमरी में सड़क सुरक्षा को दिलायी गयी शपथ

डुमरी । डुमरी प्रखंड अंतर्गत सरकार की देश व्यापी सड़क सुरक्षा अभियान के तहत विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं सरकारी व निजी विद्यालयों में शुक्रवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्लस टू उच्च विद्यालय टांगरडीह, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय डुमरी, सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी, आर सी बालक मध्य विद्यालय रजावल, आर सी प्राथमिक विद्यालय कांजी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी सहित प्रखंड कार्यालय परिसर डुमरी में बीडीओ एकता वर्मा की अगुवाई में सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ ग्रहण कराया गया। वहीं उपस्थित कर्मियों सहित आम नागरिकों को संदेश देते हुए बीडीओ एकता वर्मा ने आए दिन होने वाले सड़क दुर्घटना को देखते हुए सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग न करने एवं कहीं भी आकस्मिक दुर्घटना से घायल हुए पीड़ितों की मदद करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधान सहायक नारायण साहू, नाजीर बंधन गोप, बीपीओ तरनी कुमार महतो, अशोक गुप्ता, राजू साहू, डॉ राजेश शर्मा, बीपीएम राजेश केरकेट्टा, प्राचार्य विकास कुमार महतो, प्रधानाचार्य दुलार इंदवार, फादर एलोइस ठीठियो सहित सैंकड़ों लोगों ने अपने अपने संस्थान में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सहभागी बनें।

### डीटीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान

गुमला। जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला विजय सिंह बिरूवा ने गुमला बाईपास रोड के समीप शुक्रवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें वाहनों के कागजात से संबंधित त्रुटियों की जांच किया गया। ज्ञात हो की आवश्यक दस्तावेज इंसुरेंस , ड्राइविंग लाइसेंस, पोलूशन, परमिट, फिटनेस टैक्स , ओवर हाइट,लेकर यात्रा करने तथा वाहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर जुमार्ना वसूला गया। जाँच की इस प्रक्रिया में दण्ड राशि वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर 1,23,000 की दंड राशि वसूला गया ।

### बैल ने वृद्ध महिला को घसीटा, टूटा पैर

गुमला। विशुनपुर थाना क्षेत्र के तुमसे रोल गांव निवासी 65 वर्षीय वृद्ध देवठनिया देवी बैल के घसीटने से गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार देवठनिया देवी अपने घर में बैल बांध रही थी। इसी दौरान रस्सी उसके पैर में फंस गया और बैल विदकर उसे घसीटते हुए दूर ले गया। जिसे उसका एक पैर टूट गया। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए विशुनपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गुमला रेफर कर दिया।

### घाघरा : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में 25 वर्षीय बाइक सवार युवक की शुक्रवार को दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सेरेंगदाग निवासी सुले उरांव के रूप में पहचान हुई। वह अपने लिए लड़की देख कर वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में देवाकी मोड़ के समीप खड़े बॉक्साइट ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया। जिसके बाद बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घाघरा थाना के सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में ले थाना ले आई।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ



गुमला। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉक्टर राजू कच्छप के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों व पदाधिकारियों ने सदर अस्पताल परिसर में सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ ली। जिसमें सड़क पर वाहन चलाते समय सभी सुरक्षा की बातों को ध्यान में रखने, यातायात नियमों का स्वयं एवं परिजनों को पालन कराने, वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने, कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल से बात नहीं करने, एम्बुलेंस व फायर बिग्रेड वाहनों को पहले जाने देने एवं सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की मदद करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जया रेशमा खाखा, अशोक लाल, राजीव कुमार, संतोष कुमार सहित कई चिकित्सक व कर्मी उपस्थित थे।


### कोर्ट नोटिस

सुश्री सुचिता निधि तिग्गा सिविल जज जुनियर डिवीजन-II
लोहरदगा

**ओ०टी०एस० नम्बर-183/2020**

अशोक उराँव तथा अन्य .....वादी

बनाम

श्रीमती मीरा देवी तथा अन्य ...प्रतिवादी

**नोटिस बनाम**

**प्रतिवादी संख्या-**

1. प्रताप उराँव पिता स्व० शनि उराँव
2. विश्राम उराँव पिता स्व० सुका उराँव
3. सीताराम उराँव पिता स्व. सुका उराँव
4. बन्धु उराँव पिता स्व० जाबदी उराँव
5. जीता उराँव पिता स्व० जाबदी उराँव, सभी निवासी ग्राम जुरिया थाना एवं जिला लोहरदगा, झारखण्ड ।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने आपलोगों के विरूद्ध उपरोक्त ओ०टी०एस० इस न्यायालय में दाखिल किया है, जिसकी सुनवाई की तिथि दिनांक 12.12.22 को समय 10:30 बजे पूर्वाहन में तय की गयी है। इसके पूर्व आपलोगों को नजारत के माध्यम से तथा स्पीड पोस्ट द्वारा सूचना दी जा चुकी है।

अत: आप उक्त तिथि को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद की समुचित पैरवी करें, अन्यथा आपके अनुपस्थिति में वाद की कार्यवाही एकपक्षीय कर दी जायेगी। इसे ताकिद जानें। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से आज दिनांक-03.12-22 ई० को जारी किया गया।



## स्पीड न्यूज

### खतियानी जोहार यात्रा विफल: भाजपा

**गढ़वा।** भाजपा के जिला महामंत्री संतोष दुबे ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि खतियान जोहार यात्रा कार्यक्रम गढ़वा में पूरी तरह विफल रहा। खतियान जोहार यात्रा को गढ़वा की जनता ने पूरी तरह नकार दिया। स्थानीय विधायक सह मंत्री के कई तरह के प्रयास के बावजूद मुख्यमंत्री को कोई सुनना पसंद नहीं किया।

### वाहन खड़ा करने वालों को हटाने का निर्देश

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बाईपास रोड के सर्विस लेन पर स्थानीय गैरेज व दुकानदारों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर डीटीओ भगीरथ प्रसाद ने मौके पर पहुंच गैरेज संचालकों व दुकानदारों को सड़क से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सड़क पर अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूलने के साथ ही खड़ी वाहनों को जब्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्विस लेन में वाहन खड़े किए जाने व गैरेज के संचालन को लेकर काफी शिकायतें मिल रही है।

### पैक्सों के चयन के लिए 13 दिसंबर को की जायेगी बैठक

**कोडरमा।** सरकार की ओर से चालू खरीफ मौसम के दौरान पैक्सों के माध्यम से किसानों से धान खरीदारी को लेकर 15 दिसंबर के निर्धारित तिथि के तहत जिले में पैक्सों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम ने बताया कि धान खरीदारी को लेकर पैक्सों के चयन के लिए 13 दिसंबर को जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक में धान अधिप्राप्ति को लेकर सहकारिता विभाग की ओर से दिए जाने वाले सूची के अनुसार पैक्सों के नामों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों की सहूलियत को लेकर सभी प्रखंडों में अधिक से अधिक धान क्रय की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### पैसेंजर ट्रेनों में यात्रियों से लिया जा रहा है बढ़ा हुआ किराया

कोडरमा। कोरोना काल समाप्त होने के बाद भी लोकल व पैसेंजर ट्रेनों में बढ़ा हुआ किराया अब तक वापस नहीं लिया गया है। जिससे रेल यात्रियों को अब भी अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। कोडरमा जंक्शन से गया, धनबाद से गया से डीडीयू व आसनसोल जंक्शन की ओर जाने वाली दर्जनों मेमू पैसेंजर ट्रेनों का स्पेशल के नाम पर यात्रियों से दोगुना भाड़ा वसूला जा रहा है। कोडरमा जंक्शन से खुलने वाली कोडरमा मधुपुर, कोडरमा कोवार व कोडरमा हजारीबाग टाउन बड़काकाना स्पेशल ट्रेन में कोरोना काल के पहले कोडरमा से सबसे कम दूरी पिपराडीह कोडरमा टाउन के लिए यात्री को 10 रुपए देना पड़ता था। लेकिन वर्तमान में 30 रुपए देना पड़ रहा है। इसी तरह कोडरमा-गया धनबाद रेलखंड पर कई मेमो ट्रेन के लिए पहले यात्रियों को 10 रुपए में टिकट मिलता था और 30 रुपए से 60 रुपए देने पड़ रहे हैं। रेल सूत्रों की माने तो जोनल और रेलवे बोर्ड के आदेश पर अधिक भाड़ा है। जबतक ऐसा कोई आदेश नहीं आता है तबतक इसी प्रकार भाड़ा रहेगा।

### बिजली चोरी मामले में 25 लोगों पर केस

**कोडरमा।** बिजली विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाकर 25 लोगों पर विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया गया है। अभियान के तहत कोडरमा, झुमरीतिलैया व डोमचांच में 85 उपभोक्ताओं के यहां छापेमारी की गई, जिनमें 25 लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए। इनपर करीब 4 लाख 94 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। टीम ने झुमरी तिलैया क्षेत्र में 21 लोगों के यहां छापेमारी की, जिसमें 8 लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए। कोडरमा सब डिविजन क्षेत्र में 28 लोगों के यहां छापेमारी की गई, जिसमें 7 लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए। डोमचांच सब डिविजन अंतर्गत 36 लोगों के यहां छापेमारी की गई, जिसमें 10 लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए। यह जानकारी विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार ने दी।

### बोरसी से झुलसकर एक घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लक्खीबागी में शुक्रवार की अहले सुबह बोरसी के आग से झुलसने एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार लक्खीबागी निवासी 45 वर्षीय जीतन दास पिता स्व रोहन दास सुबह अपने घर में बोरसी जलाकर आग ताप रहे थे, इसी दौरान उनके कपड़े में आग पकड़ लिया। जिससे उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### क्रियात्मक शोध प्रबंध को लेकर डायट ने की बैठक

**कोडरमा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के द्वारा सतगावां प्रखंड के राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में डायट के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान क्रियात्मक शोध प्रबंध को लेकर प्रथम चरण में शोध सम्बंधित विभिन्न विन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया, साथ ही शोध से सम्बंधित जानकारियां उपलब्ध कराई गई। मौके पर डायट के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार, संकाय सदस्य अजित कुमार आजाद, राजेन्द्र कुमार, अमित कुमार, राजेश कुमार, सुमंत कुमार के अलावे उच्च विधालयों व कस्तूरबा गांधी आवासीय विधालय की वार्डन आदि मौजूद थे।

### ग्रिजली विद्यालय में संविधान सप्ताह का आयोजन, विजेता हुए पुरस्कृत

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम में संविधान सप्ताह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत पुरे सप्ताह विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में अलग अलग प्रतियोगिता के विजेताओं को सीईओ प्रकाश गुप्ता ने सम्मानित किया। इस अवसर पर परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सभी छात्रों तथा विद्यालय के शिक्षकों को शपथ ग्रहण करवाया गया। अपने सम्बोधन में विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा की यह संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश में एक आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं। मौके पर विद्यालय के संयोजक विजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार चैधरी, बुद्धदेव नस्कर, सकिंदर कुमार आदि मौजूद थे।

# जिले में बेखौफ हो रही जंगल की कटाई, वन विभाग मौन, आखिर कौन जिम्मेदार

**मुकेश बर्णवाल**



**कोडरमा।** जिले में बेखौफ जंगल की कटाई हो रही है, वन विभाग भी मौन है, आखिर कौन जिम्मेदार है। वहीं मरकच्चो प्रखंड के वन मंडल वन परिक्षेत्र अंतर्गत दरदाही स्थित पन्दना जंगल, कादोडीह स्थित मां चोलखो पहाड़ी जंगल, बेहरवा जंगल, कानिकेन्द्र जंगल, देवीपुर, नावाडीह रेलवे स्टेशन स्थित बेला जंगल आदि क्षेत्रों में तस्करों द्वारा बेखौफ होकर दिन दहाड़े पेड़ो की काटई की जा रही हैं और विभाग को इसकी भनक तक नहीं है या फिर यूं कहें कि सब कुछ जानते हुए विभाग चुप्पी साधी हुई है। नतीजन तस्करों के हौसले इतने बुलंद है की सड़क के किनारे भी पेड़ों की कटाई करने में गुरेज नहीं कर रहे हैं। खास बात तो यह है कि यह पूरा खेल क्षेत्र के वन कर्मियों के इशारे से धड़ल्ले से जारी है। ग्रामीणों की माने तो पन्दना के जंगल में हरे भरे पेड़ों की कटाई इन दिनों तेजी से चल रही है। कहीं-कहीं तो वन विभाग के लोग सुविधा शुल्क लेने के लिए जिस स्थान पर पेड़ काटा जा रहा है, वहां भी पहुंच जाते हैं। फिर क्या वन माफियाओं के आदमी उनकी सेवा कर देते हैं और वह भी चुप्पी साधे वाहनों में सवार होकर निकल पड़ते हैं। अवैध कमायी के चक्कर में वन विभाग के अधिकारी इन व्यापारियों को खुली छूट दे रखे हैं। वहीं हरा पेड़ कटता देख ग्रामीण अपने स्तर पर इसकी शिकायत विभाग से करते रहे हैं, लेकिन सुनवाई एक नहीं होती। हरा पेड़ कटता देख ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है, लेकिन विडंबना ही है कि वन विभाग का लकड़ी तस्करों पर इस तरह का नजरे कर्म साफ तौर पर कहीं न कहीं तस्कर और विभाग की मिली-भगत को साबित करता है। ऐसे में सवाल यह है कि वन रक्षक ही जब भक्षक बन जाए तो फिर वनो की रक्षा आखिर करेगा कौन? वनों की सुरक्षा की उम्मीद किस्से करें, ऐसे में कैसे होगी वनों की रक्षा, यह बहुत दयनीय और गंभीर चिंता का विषय है। वहीं अपनी पहचान नही उजागर होने के शर्त में कुछ लोगों ने बताया कि गांव के समीप स्थित जंगल के अवैध कटाई का सारा खेल संचालित किया जा रहा है। वहीं कुछ ग्रामीण क्षेत्र के महिलाएं धान काटने जंगल के बगल जाती हैं और शाम को लौटते वक्त अपने माथा पर लकड़ी काट कर ले जाती है।

## नागरिकों से अपील है कि सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करें : उपायुक्त



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर में सड़क सुरक्षा हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसी ने समारणालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग,एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड गाड़ियों को रास्ता देने,शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने,सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने सहित कई यातायात नियमों का गाड़ी चलाते समय सावधानियां बरतने हेतु शपथ दिलाई। बताते चले कि जिले के सभी विभाग के प्रधान द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क सुरक्षा शपथ सभी कार्यालय कर्मियों को दिलाया गया।

## जन्म मृत्यु के 21 के दिनों के भीतर करायें निशुल्क निबंधन : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने विकास भवन के सभागार में जन्म मृत्यु निबंधन के एकदिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन द्वीप प्रज्वल्लित कर किया। बतौर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जन्म और मृत्यु का निबंधन अतिआवश्यक है।इस आंकड़े का प्रयोग सरकार द्वारा विकास के लिए बजट निर्माण करने के लिए किया जाता है।कार्यशाला के माध्यम से जन्म मृत्यु निबंधन की जो जानकारी दी जा रही उसे जन जन तक पहुंचाए और लोगों को इसका महत्व की जानकारी दें। साथ ही कहा कि परिवार में हुए जन्म मृत्यु की सूचना 21 दिनों के अंदर अपने पंचायत नगर परिषद नगर पंचायत में देकर निबंधन कराएं एवं निशुल्क प्रमाण पत्र पाए इस कार्य में अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका की भी सेवा प्राप्त की जा सकती है 21 दिनों बाद विलंब शुल्क के साथ निबंधन का भी प्रावधान है सरकारी अस्पताल में घटित जन्म मृत्यु का प्रमाण पत्र उसी सरकारी अस्पताल में निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनूप कुमार, विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी, पंचायत सचिव, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, जिले के अनेक विभागों के कंप्यूटर ऑपरेटर के अलावा जन्म-मृत्यु से जुड़े सभी कर्मी एवं सभी संबंधित कार्यालय के कंप्युटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

## विकास के बढ़ते जनाधार को देख षड्यंत्र कर रहे हैं लोग : रीता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** विकास के बढ़ती जनाधार को देखकर कुछ लोग घबरा गए हैं और एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत विकास को जेल भेजने का काम लोगों ने किया है। उक्त बातें विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विकास दुबे की मां रीता दुबे ने प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि विकास के द्वारा लगातार विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में सेवा कार्य किया जा रहा है। जिसका परिणाम है कि आज विकास के चाहने वाले हजारों लोग खड़े हैं। 2009 में विकास ने विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और लोगों ने अपना अपार समर्थन भी दिया था। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में अपना सेवा दे रहे हैं तो कुछ लोगों को पच नहीं रहा है विकास के तेजी से बढ़ रहा जनाधार को देखकर कुछ लोग घबरा गए और एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत झूठे केस में जेल भिजवाया गया है। जिसमें पुलिस की भी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि पुलिस को भी राजनीतिक षड्यंत्र का भागीदार नहीं बनना चाहिए। एक समाजसेवी को स्वर यंत्र के रूप में जेल भेजना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुलिस को उचित जांच कर ही कार्रवाई करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि आज तक जितने भी केस विकास के ऊपर हुए सभी राजनीतिक षड्यंत्र का एक हिस्सा रहा है। सभी केस में विकास को सफलता मिला है और यह विकास के समाज सेवा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द विकास जेल से बाहर होगा और पुण जनता के बीच पहुंचकर उनकी सेवा करेगा। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के जनता ने जो विकास पर पर भरोसा जताया है और साथ दिया उसके लिए विश्रामपुर की जनता का मैं आभारी हूं।

## आवेदन फेंके जाने की जांच करने पहुंची टीम ने की लीपापोती



**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत बीते मंगलवार की अहले सुबह अरसली दक्षिणी में लगे जनता दरबार के आवेदन अरसली उतरी बांध के पास मिले आवेदन की मीडिया में खबर छपने के बाद बीडीओ द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच टीम द्वारा फर्जी जांचकर रिपोर्ट सौंपने का मामला उजागर हुआ है। जांच टीम ने मामले में लीपापोती करते हुए फेंके गये उक्त सभी को जनता दरबार में किसी भी आवेदन को जमा नहीं किये जाने की बात बतायी है, तो दूसरी ओर आवेदन जमा करने वाले दर्जनों लाभुकों ने आवेदन को बीते दिनों सरकार आपके द्वार आयोजित कार्यक्रम में ही जमा करने की बात स्वीकारी। इससे साफ प्रतीत हो रहा है कि पदाधिकारियों की कोपभाजन के शिकार होने से अपने आपको बचने के लिए जांच टीम ने फर्जी रिपोर्ट कार्यालय को सौंप दी।

**क्या कहतें हैं आवेदन के लाभुक**

घटना के तीन दिन बाद अरसली दक्षिणी के जनता दरबार में दिए आवेदन के लाभुक संगीता देवी ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन लोन लेने के लिए आवेदन लगायी थी। अवधेश भुइयां ने बताया कि हम पशुधन योजना के लिए हम आवेदन दिए थे। जांच टीम के सदस्य पंचायत सेवक राजगीर कुमार ने पूछे जाने पर बताया कि मीडिया को बताने वालों से पूछताछ की गई थी। पंचायत की मुखिया से पूछताछ की गई थी।

### आरपीएफ ने टिकट दलाल को पकड़ा

**कोडरमा।** आरपीएफ ने स्टेशन स्थित रेलवे आरक्षण टिकट काउंटर से एक टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये टिकट दलाल की पहचान 37 वर्षीय संतोष शर्मा तिलैया बस्ती मंझली गली दुर्गा मंडप रोड वार्ड नंबर-3 के रूप में की गई है। पकड़े गए युवक के पास से एक तत्काल स्कीम के तहत काटा गया टिकट व एक अन्य आरक्षित टिकट बरामद किया गया है। ट मौके पर निरीक्षक प्रभारी जवाहर लाल, रेसुब पोस्ट कोडरमा के द्वारा काउंटर से कटवाया हुआ 01 अदद तत्काल टिकट, 01 अदद सामान्य आरक्षित टिकट व 04 अदद खाली मांग पत्र को जब्त करते हुए रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## 39,451 बच्चों के खाते नहीं खुले, छात्रवृत्ति व अन्य योजनाओं के पैसे नहीं मिल पाएंगे

**कोडरमा।** जिले में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों का बैंक अकाउंट अब तक नहीं खोला जा सका है। जबकि विभाग स्तर से सभी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक से पांचवीं वर्ग के बच्चों का बैंक खाता निःशुल्क और जीरो बैलेंस पर खोलने का निर्देश दिया गया है। सभी बच्चों का खाता खोलने को लेकर झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से कई बार दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। बच्चों का खाता खोलने के लिए राज्य स्तर पर सभी जिलों में 17 अक्टूबर से 24 नवंबर तक जिला स्तर पर बच्चों का खाता खोलने का निर्देश दिया गया था।

**बैंकों और अभिभावकों की उदासीनता बनी है बड़ी वजह**

सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत सभी बच्चों का शत-प्रतिशत खाता अब तक नहीं खोले जाने के मामले में बैंकों और अभिभावकों की उदासीनता बड़ी वजह रही है। मिली जानकारी के अनुसार पोषक क्षेत्र के नजदीक वाले बैंकों को उस स्कूल का खाता खोलने का निर्देश दिया गया है। वहीं विभाग स्तर से खाता खोलने को लेकर कुछ बैंकों को भी अधिकृत किया गया है। मगर इसमें बैंक की ओर से रुचि नहीं ली जा रही है। इसके अलावा अभिभावक की उदासीनता भी कारण रही है।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2022-23 का शुभारम्भ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में गुब्बारे उड़ाकर किया। उपायुक्त अबु इमरान ने प्रतिभागी सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार के खेल विभाग द्वारा इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से स्थानीय ग्रामीण स्तर के प्रतिभा को बढ़ावा मिलता है। पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता में सफल होकर इन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का भी अवसर प्राप्त हो सकता है।खेल आज के परिवेश में न सिर्फ शारीरिक विकास बल्कि अर्थोपार्जन का भी जरिया बन चुका है।खेल से अनुशासन,एकाग्रता और मानसिक संतुलन की गुणों में भी अविबृद्धि होती है।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए न सिर्फ अपना बल्कि देश का भी नाम रौशन करें। जिलास्तरीय यह प्रतियोगिता पूरे झारखंड राज्य में 9 दिसंबर से 13 दिसंबर 2022 तक आयोजित किया जा रहा है। इससे पूर्व जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय ने उपायुक्त अबु इमरान व अन्य अतिथियों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। साथ ही स्वागत गान सिमरन डांस ग्रुप की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय द्वारा बताया गया कि प्रखंड स्तरीय मुकाबले में पंचायत स्तर की विजेता टीम जिला स्तर के टूनार्मेंट में हिस्सा ले रही है। यह नॉकआउट प्रतियोगिता है। जिसमे हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर चयनित टीम जोनल स्तर पर खेलेगी। जोनल स्तर का मुकाबला धनबाद में आगामी 17 दिसंबर से आयोजित की जा रही है। जोनल स्तर पर विजेता टीम को 75 हजार व उपविजेता टीम को 50 हजार की राशि दी जाएगी। वहीं राज्य स्तर पर विजेता टीम को 3 लाख रु व उपविजेता को 2 लाख रु की राशी दी जाएगी। इस मौके पर उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल,डीआरडीए निदेशक अरुण एक्का, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार रॉय, जिला ओलंपिक एशोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष श्री चन्द्रेश शर्मा, ओलंपिक संघ के सचिव श्री राकेश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### रेडक्रॉस को मिला ब्लड कलेक्शन वैन कोरोना काल में हुए कार्यों का मिला तोहफा

**चतरा।** रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा विशेष रूप से कोरोना काल में किए गए कार्यों व उपलब्धियों से नेशनल हेडक्वार्टर दिल्ली काफी प्रभावित हुई है। इसी का परिणाम है कि हेडक्वार्टर इन दिनों चतरा रेडक्रॉस में तोहफों की बौछार कर दी है। बताते चलें कि रेडक्रॉस को नेशनल हेडक्वार्टर ने सबसे पहले ब्लड सेवर बॉक्स दिया। इसके बाद 68 लाख का रक्त कलेक्शन वैन और फिर डोमेस्टिक फ्रीज व ब्लड सेवर फ्रीज प्रदान किया। फिर नेशनल हेडक्वार्टर द्वारा चतरा रेडक्रॉस सोसाइटी को सौगात भेजी जा रही है। रेडक्रॉस के सचिव राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि नेशनल हेडक्वार्टर का मैं शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने चतरा रेड क्रॉस को इस काबिल समझा। उन्होंने कहा कि नेशनल हेडक्वार्टर ने जो हमपर विश्वास और उम्मीद जताया है मैं उनके उम्मीद और विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करुंगा।

### नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला फर्जी ऑडिटर गिरफ्तार

**चतरा।** पोस्टल विभाग में लोगों की नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से लाखो रुपए की जालसाजी करने के मामले में एक आरोपी को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम हेमचंद बताया जाता है। जो बिहार की राजधानी पटना के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जाता है। इसकी गिरफ्तारी चतरा व्यवहार न्यायालय परिसर से की गई है। गिरफ्तार आरोपी का ठगी के शिकार हुवे भुक्तभोगियों ने बताया कि हेमचंद खुद को पोस्टल विभाग का सीनियर ऑडिटर बताता था। इसी झांसे में लेकर इसके द्वारा प्रत्येक नौकरी की इक्षा रखने वाले शिक्षित बेरोजगार युवकों से 4 से लेकर 6 लाख रुपए तक की वसूली की गई। बताते चलें कि इस जालसाज हेमचंद के विरुद्ध स्थानीय न्यायालय में दो मुकदमा चल रहा था। जिसमें से एक में तो इसके द्वारा चोरी छुपे बेल ले लिया गया परंतु वह जैसे ही दूसरे मामले में बेल लेने के लिए न्यायालय में पहुंचा वैसे ही सदर थाना पुलिस को इसकी भनक लग गई और उसे धर दबोचा। सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को पूछ ताछ के बाद मंडल कारा भेज दिया है। बताते चलें कि इस जालसाजी के मामले में हेमचंद की पत्नी और उसके दोनों पुत्र भी आरोपी बनाए गए हैं। मालूम हो कि प्रेमचंद ने पोस्टऑफिस में नौकरी लगाने के नाम पर चतरा के कुमार गौरव, अमित कुमार, मो निजाम, भोला सहित दर्जनों युवकों से 4 लाख से लेकर 6 लाख रुपए तक की ठगी की है। इस ठगी के मामले में अगर गहनता पूर्वक जांच की जाय तो चतरा पोस्ट ऑफस के भी कुछ कर्मी इसमें संलिप्त पाए जाएंगे।

### नारी शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण : थाना प्रभारी



**रमना।** थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा को विद्यालय परिसर में शुक्रवार को शिक्षक, शिक्षेत्तर कर्मी व छात्राओं ने सादे समारोह में अभिनंदन किया। इसके पहले कृष्ण कुमार कुशवाहा ने विद्यालय के पुस्तकालय व वर्ग कक्ष का मुआयना करते हुए छात्राओं से रूबरू होते हुए समस्याओं को जाना। इसके पहले विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय के साथ शिक्षक और छात्राओं ने थाना प्रभारी को बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि नारी शिक्षा आज के समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है। आप सभी शिक्षा दान कर रहे हैं। जो अत्यंत ही सराहनीय है। मौके पर विद्यालय के संस्थापक सदस्य महेंद्र प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मी प्रसाद साहू, चतुर्भुज महतो, धर्मदेव उरांव, वृंदा कुमारी, प्रियंका कुमारी, पूजा कुमारी, रुबी कुमारी, मोतीचंद राम, रामजी राम सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

### अनाज घोटाले को लेकर पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आज

**सिमरिया(चतरा)।** प्रखंड में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में घोटाले को लेकर प्रमुख रोहन साहू के नेतृत्व में पंचायत समिति सदस्य अनशन पर बैठेंगे। जिसकी रूपरेखा तय करने के लिए दस दिसंबर को स्थानीय किसान भवन में एक बैठक आहूत की गई है। उक्त जानकारी प्रमुख ने दी है। उन्होंने कहा कि बैठक में एक तिथि तय की जाएगी और अनशन की सूचना अनुमंडल प्रशासन को दी जाएगी तत्पश्चात अनशन पर बैठा जाएगा। अनशन में जिले के समस्त प्रखंड के प्रमुख भी शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रखंड में गरीबों का अनाज बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है। जिसकी सूचना जिला और अनुमंडल प्रशासन को देने के बाद भी कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में बाध्य होकर अनशन का निर्णय लिया जा रहा है। प्रमुख ने सभी पंचायत सदस्यों को बैठक की सूचना दूरभाष के जरिए दी है। गौरतलब है कि डीलरों ने अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर नवंबर माह का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का राशन गटक लिया है। जिससे प्रखंड में आक्रोश व्याप्त है।

### कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर की बहनों ने सड़क सुरक्षा की ली शपथ

**झुमरीतिलैया।** कोडरमा स्थित कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में वंदना के पश्चात सभी भैया बहनों एवं आचार्य बंधु भगिनी ने जिला परिवहन विभाग की ओर से भेजे गए आग्रह पत्र के आलोक में सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ ग्रहण कार्यक्रम का अयोजन किया किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहु ने अपने उद्बोधन में बताया कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटना के माध्यम से अधिकाधिक संख्या में लोगों की मौत हो रही है। मुख्य रूप से युवा वगों को ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना अनिवार्य है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी मनोज कुमार सिंह, प्रदीप पांडे, नीरज कुमार, रामानुज पांडे, प्रभात सौरभ, शर्मिष्ठा शाहा, अनिता कुमारी, अर्चना कुमारी, चंद्र कावेरी निहाल, डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रशेखर कुमार आदि सभी आचार्य एवं दीदी जी भी शपथ लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सक्रिय योगदान दिये।

### पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में खेल का होना बहुत आवश्यक है : उपायुक्त



**कोडरमा।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना कोडरमा के तत्वावधान में स्थानीय जेजे कॉलेज में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलो झारखण्ड प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त आदित्य रंजन ने किया। इस दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने खेल की महत्ता पर विशेष जानकारी देते हुए कहा कि पढाई के साथ साथ जीवन में खेल का काफी महत्व होता है, खेल से शरीर पुष्ट और मस्तिष्क तेज होता है। नियमित रूप से खेल खेलने से चारित्रिक और आध्यात्मिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि पढाई के साथ साथ खेलों में भी बेहतर कैरियर की संभावनाएं है, ऐसे में हमें अनुशासन में रह कर बेहतर खेल का प्रदर्शन करने की जरूरत है। कार्यक्रम को डीईओ अलका जयसवाल, डीएसई नयन कुमार आदि ने भी सम्बोधित किया। मौके पर क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी विकेश प्रजापति, कंचन वर्मा, एडीपीओ शिव कुमार मल्लिक, एपीओ क्रांति कुमार चांद, शिक्षक संजय कुमार दास, गगन कुमार, बसन्त कुमार, निर्णायक मंडली सदस्य अजित कुमार,नूतन पांडेय, राजेश्वर पांडेय, अर्चना सिंह, संजय कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो लाइन नंबर 3 पर अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन (9414) की चपेट में आने से शुक्रवार को एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृत युवक मानसिक रूप से बीमार दिखता था। और पिछले कुछ दिनों से प्लेटफार्म में ही घूम रहा था। इस घटना की सूचना जीआरपीएफ डालटेनगंज को दे दी गई है। दुर्घटना के तीन घंटों बाद शव को ट्रैक से हटाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

### कांग्रेसियों ने मनाया जीत का जश्न

**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस कमिटि ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में हुई शानदार कांग्रेस की जीत पर खुशी जताया मतदाताओं का शुक्रिया जताया। प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने भी इस जीत में मदद की है, कांग्रेस अब तीन राज्यों में अपने दम पर सत्ता में है और इतने ही अन्य राज्यों झारखंड, बिहार और तमिलनाडु में गठबंधन के साथ सत्ता में काबिज है। हिमाचल प्रदेश की जीत इस देश की राजनीति को एक नया आयाम देगी। हर्ष व्यक्त करने वालों में चकला मुखिया रंजीता एक्का, अलौदिया मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो, रामयश पाठक, मोफील खान, बाबर खान, लखन जायसवाल, गंदरु उरांव, संदीप टोप्पो, अनवर खान, अख्तर खान, निर्मल भारती, श्रीराम शर्मा, नौशाद खान, अहमद खान, दामोदर उपाध्याय, मुस्ताक खान, मोहम्मद फिरोज, फुलदेव पाहन समेत अन्य कांग्रेसी शामिल हैं।

### फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल

**बारियातू।** खेल स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय बालक बालिका वर्ग का मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच का समापन शुक्रवार को हो गया। बालक वर्ग में फाइनल मैच शिव पहाड़ी क्लब शिबला बनाम चट्टान क्लब गुरु साल्वे के बीच खेला गया। जिसमें शिव पहाड़ी क्लब शिबला के कप्तान संतोष उरांव के एकलौते गोल से टूनार्मेंट के खिताब पर कब्जा जमा लिया। बालिका वर्ग में साल्वे की टीम ने गोनिया की टीम को एक गोल से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। बालक व बालिका वर्ग के विजेता व उपविजेता टीम को जीप सदस्य रमेश राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, पंसस जया देवी, मुखिया सुरेश उरांव ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। दोनों वर्गों के विजेता टीम जिलास्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

### किसानों में बत्तख चूजा का वितरण



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2021-22 के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जहां प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, प्रमुख पति राजू उरांव, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सरोज लकड़ा ने संयुक्त रूप से योजना में उल्लेखित प्रावधान के तहत प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 50 लाभुकों के बीच 90 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर बतख का चूजा का वितरण किया गया। उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने कहा कि योजना का उद्देश्य पशुपालन के जरिये लोगो को स्वरोजगार से जोड़ना है। जिसको लेकर बकरा विकास योजना, सुकर विकास योजना, लो इनपुट लेयर कुक्कुट विकास योजना, ब्रायलर कुकुट पालन व बतख चूजा वितरण योजना संचालित की जा रही है। इन्होंने लोगो से उक्त योजना का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर प्रेमालय बखला, राजेश भगत, चंद्र भानु समेत दर्जनों संख्या में लाभुक मौजूद थे।

### जिपस पति ने किया कंबल वितरण



**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को चंदवा पूर्वी जिला परिषद प्रतिमा देवी के पति सह सामाजिक कार्यकर्ता रोहित यादव के द्वारा दर्जनों की संख्या में दिव्यांग, गरीब व असहाय जनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच कंबल मिलने से असहाय जनों में खुशी देखी गई। रोहित यादव ने कहा कि इस वर्ष ठंड का प्रकोप काफी ज्यादा देखा जा रहा है, ऐसे में किसी गरीब को ठंड में ठिठुरना न पड़े, इस उद्देश्य के साथ कम्बल का वितरण किया जा रहा है। अगर आप के आस पास भी कोई गरीब असहाय ठंड में परेशान है तो उनकी मदद अवश्य करें। मौके पर अनुरोध कुजूर, बल्कु मुंडा, हरिवंश प्रजापति, राजेश प्रजापति, सुरेंद्र यादव, उमेश गंझू, तेतरा उरांव, किशन मुंडा, बसंती देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### एस्बेस्टस लदा ट्रक पलटा


पलटी ट्रैक्टर की ट्रॉली।

**चंदवा।** एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के हिसरी गांव के समीप शुक्रवार की अहले सुबह एस्बेस्टस लोड एक ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में वाहन के परखच्चे उड़ गए व एस्बेस्टस क्षतिग्रस्त हो गया वहीं चालक वाहन के नीचे दब गया। सूचना के बाद चंदवा पुलिस घटनास्थल पहुंची, कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला गया व प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां चालक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायल चालक की पहचान गुमला के खरका टोली निवासी राजेश साहू के रूप में हुई है।

# फाइनेंस कर्मी ने खुद ही रचा था लूट का ड्रामा, पुलिस ने किया खुलासा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ में भारत फाइनेंस इनक्लूजन लिमिटेड के कर्मचारी ने लूट की झूठी कहानी बनाकर कंपनी का पैसा हड़पने का प्रयास किया था। जिसका बालूमाथ पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस संबंध में शुक्रवार को बालूमाथ थाना परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने बताया की 26 अक्टुबर 2022 को भारत फाइनेंस में काम करने वाले कर्मी प्रिंस कुमार सिन्हा पिता दामोदर प्रसाद सिन्हा ग्राम ईचाक थाना गिधौर जिला चतरा निवासी ने बालूमाथ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि दिनांक 25/10/2022 को बालूमाथ थाना क्षेत्र के चेताग पंचायत अंतर्गत सेमरसोत ग्राम स्तिथ पुल के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बंदूक दिखाकर उसके साथ मारपीट की गई और कंपनी का कुल एक लाख पैतीस हाजर सात सौ तिहत्तर रूपया एवं उसका मोबाईल फोन लूट लिया। इस संबंध में बालूमाथ थाना में कांड संख्या 206/22 धारा 392


जानकारी देती पुलिस।

भा०द०वी के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के क्रम में यह बातें सामने आई कि फाइनेंस कर्मी प्रिंस कुमार सिन्हा ने कंपनी के किश्त के पैसे को ग्राहक से ले लिया था। लेकिन उसे कहीं और खर्च कर दिया था। पैसा खर्च होने के बाद प्रिंस कुमार पर जब कंपनी ने पैसा जमा करने का दबाव बनाया। तो उसने कंपनी को झांसा देने के उद्देश्य से लूट की झूठी कहानी बनाई और कंपनी को सूचित किया कि वह सप्ताहिक किश्त का पैसा एक लाख पैतीस हजार सात सौ तिहत्तर रुपया लेकर जब वह कंपनी में जमा कराने जा रहा था। इसी दौरान सेमरसोत पुल के पास उसे अज्ञात लोगों द्वारा बंदूक दिखाकर लूट लिया गया है। वास्तव में फाइनेंस कर्मी के साथ कोई लूट की घटना नहीं हुई थी। उसने पैसे को गबन करने के उद्देश्य से लूट की झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मामले में फाइनेंस कर्मी प्रिंस कुमार सिन्हा को गिरफ्तार कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया है। छापेमारी दल में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, एसआई प्रेम कुमार निषाद एवं सैप 165 सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# टेमराबार ग्राम में मृत परिवार को जिप सदस्या एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष ने दिया अनाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड के बसिया ग्राम अंतर्गत बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा द्वारा टेमराबार ग्राम के निर्धन परिवार के मृत चंदू लोहारा के परिजन रमनी देवी पत्नी टुल्लू लोहरा पुत्र के घर पर जा कर मृतक के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भगवान से उनके आत्मा की शांति की कामना करते हुए 50 किलो चावल एवं सहयोग नगद



राशि देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन देने की बात कही। ज्ञात हो कि बीते 30 नवंबर बुधवार को ईलाज के अभाव में हुए बालूमाथ अस्पताल में मृत्यु के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा शव को ठेले से ही ले जाने के बात कहकर एंबुलेंस देने से मना कर दिया था। पीड़ित परिवार से मिल संतावाना देने वालो में शामिल पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, लातेहार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार, आनंद सिंह पूर्व लातेहार नगर मंडल अध्यक्ष एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष दसरथ ठाकुर, ओबीसी पूर्व जिला महामंत्री देवनंदन प्रसाद, मंहिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंजू देवी, गुलाबी देवी, रामधारी गंझु, बसंत कुशवाहा, रीना देवी, गुलाबी देवी, योगेंद्र कुमार, भीम कुमार, मंगरू लोहरा, मुनिया देवी, चिंता देवी, मुकेश लोहरा समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एक माह से मनरेगा मजदूर का भुगतान नहीं

## राशि आवंटित होते ही होगा भुगतान : राकेश सहाय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेतला।** ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन रोकने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं मनरेगा है। लेकिन फिलहाल मजदूर के खाते में 1 माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी भुगतान नहीं होने से मनरेगा मजदूर काफी चिंतित और परेशान है, लोग पैसे के अभाव में परिवार और बच्चे के भरण पोषण करने के लिए अन्य राज्यों में पलायन करने को विवस है, प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में मजदूर प्रखंड क्षेत्र से पलायन कर रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन रोकने के उद्देश्य से कोसों दूर नजर आ रहा है, बताते चलें कि लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड में हजारों की संख्या में मनरेगा मजदूर कार्य


जानकारी देते बीडीओ राकेश सहाय।

करते हैं। लेकिन कार्य करने के बावजूद भी पैसा के भुगतान नहीं होने पर मजदूर काफी परेशान है, प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाकर थक चुके हैं, लेकिन उन मजदूरों को सिर्फ आश्वासन के सिवाय पैसा नसीब नहीं हुआ, एक अधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि मनरेगा में ऊपर से आवंटन नहीं आया है, जिसके कारण मनरेगा मजदूरों के खाते में पैसा नहीं जा रहा है एवं मनरेगा योजना में धांधली की वजह से भी पैसे पर रोक लगाए जाने के बात फिलहाल बताए। देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना जो ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के उद्देश्य एवं पलायन को रोकने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। फिलहाल कितना ग्रामीण क्षेत्रों में कारगर होता है, मनरेगा मजदूरों का बकाया भुगतान कब तक मिल पाता है। इस संबंध में बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मनरेगा की राशि आवंटित नहीं होने के कारण बकाया भुगतान मजदूर के खाते में नहीं जा रही है। राशि आवंटित होने के बाद शीघ्र ही भुगतान की जाएगी।

# समाजसेवी के निधन पर शोक की लहर

**गारू।** प्रखंड अंतर्गत बारेसांढ़ निवासी एक समाजसेवी मोहम्मद रहमत अंसारी (45) का बीती रात्रि में निधन हो गया। पूर्व से बिमार चल रहे थे, रहमत अंसारी के इंतकाल से बारेसाड़ और मायापुर में शोक छा गया। इंतकाल की सूचना पर उनके दूर दराज से रिश्तेदारों के साथ सभी समाज के लोग बारेसाढ़ पहुंचे, शुक्रवार जूम्मे की नमाज के बाद ललमटिया स्थित कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज अदा करने के बाद उनके शव को दफनाया गया। इस दौरान लगभग 500 लोग मुस्लिम, हिन्दू एवं आदिवासी लगभग सभी समाज के लोग जनाजे पर शामिल हुए। इस मौके पर उपप्रमुख रामदास यादव, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, गारू के पत्रकार पारस यादव, अनिरुद्ध प्रसाद, शैलेन्द्र प्रसाद, अशोक प्रसाद समेत सभी प्रबुद्धजन उनके घर पहुंचकर उनके निधन पर शोक जताया। पारस यादव ने कहा रहमत अंसारी, मायापुर, बारेसांढ़ के ग्रामीणों के बीच लोकप्रिय व्यक्ति थे। हिन्दू मुस्लिम एकता की एक मजबूत कड़ी भी थे। उप प्रमुख रामदास यादव ने कहा कि ये मृदुभाषि व मिलनसार प्रवृति के बेहतर इंसान के रूप में जाने जाते थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति व इस दुख की घड़ी में परिजनों को सहनशक्ति प्रदान करें।

# चोरों के हौसले बुलंद, रात में बंद क्वार्टर का ताला तोड़ उड़ाये समान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ दो रेल कर्मचारियों के आवास में चोरी कर ले गये नगद और आभूषण

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत बरवाडीह स्टेशन के रेलवे क्वाटर में चोरी की वारदात फिर से बढ़ने लगी है। चोरों ने रेलवे आवास को अपना निशाना बनाते हुए दो आवास का ताला तोड़ नगदी और जेवर समेत अन्य सामानों की चोरी कर ली है। इस संबंध में रेल आवास संख्या 280/ए में रहने वाले रेल कर्मी रणधीर कुमार ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षो से इस आवास में रहा रहें है। बीते कुछ दिनों से वह छुट्टी लेकर अपने घर बिहार गए थे। शुक्रवार की सुबह जब वह अपने आवास पर पहुंचे तो देखा कि आवास के बाहरी गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर प्रवेश करने पर आवास का सामान इधर- उधर फेंका हुआ मिला। जिसके बाद अन्य समान को देखा तो आवास में रखे साइकल, इन्वर्टर, नगद 12000/- रुपए, बर्तन, कपड़ा और जेवरात वगेरा गायब मिलें। वहीं क्वाटर 283/ए में रहने वाले रेल कर्मी अभय कुमार ने बताया कि वह भी अवकाश लेकर अपने गांव बिहार गए थे और आज सुबह जब वापस लौटे तो क्वाटर के बाहरी और अंदर के गेट ताला टूटा देखा। उन्होंने बताया कि उनके क्वाटर से चोरों ने नगद दस हजार रुपए के साथ-साथ कपड़ा, बैग, कंबल और जरूरी दस्तावेज की चोरी की है। भुक्तभोगी दोनो रेल कर्मचारियों ने पूरे मामले की लिखित सूचना बरवाडीह थाना को देते हुए उचित कारवाई की मांग की है। घटना के बाद से कॉलोनी में रेलवे कर्मियों में आक्रोश के साथ-साथ सुरक्षा के प्रति भय व्याप्त हो गया है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा स्थापना समिति की बैठक संपन्न, दिये दिशा निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में प्रतिनियोजन, पदस्थापन आदि विषयों पर बिंदुवार विचार-विमर्श कर उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि 07 शिक्षकों का प्रतिनियोजन एवं 06 शिक्षकों का पदस्थापन हेतु अनुमोदन किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त ने प्राप्त सूची पर चर्चा करते हुए प्रतिनियोजन एवं पदस्थापन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।


बैठक करते उपायुक्त।

बैठक में उपायुक्त द्वारा विद्यालयों की आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने हेतु आवश्यक व्यवस्था एवं समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, विद्युत, विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की वर्तमान स्थिति, जिले की विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं आदि विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक विंदेश्वरी ततमा, उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लाखों की लोहे का चोरी कर हो रही है खरीद फरोख्त

## प्रत्येक दिन 70-80 मोटरसाइकिल एवं पिकअप वैन से अभिजीत ग्रुप के लोहा की चोरी कर लाते हैं लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड में इन दिनों लोहे का चोरी का खेल धड़ल्ले से जारी है। बालूमाथ में यह खेल कबाड़ी के दुकानदार द्वारा कराया जाता है। प्रत्येक दिन 70 -80 मोटरसाइकिल एवं कुछ पिकअप वैन से अभिजीत ग्रुप का लोहा की चोरी कर लाते हैं और कबाड़ी की दुकान में भेज देते हैं सूत्रों की मानें तो प्रत्येक दिन लगभग एक सौ टन लोहा चोरी हो रहा है और 4-5 ट्रकों के माध्यम से प्रत्येक दिन अन्यत्र भेजा जाता है। इस खेल में बंगाल के दर्जनों लोग पूरे रात स्क्रैप को काटकर लाते हैं। कभी-कभी दिन में भी दिनदहाड़े चोरी का स्क्रैप ढोया जाता है। सूत्रों की माने तो सिर्फ नवंबर महीना में एक करोड़


अभिजीत ग्रुप का चोरी किया गया स्क्रैप।

से ज्यादा का स्क्रैप चोरी कर बाहर की मंडी में भेजा गया है। इस अवैध धंधा में कबाड़ी दुकानदार संबंधित विभाग को मैनेज कर कार्य किए जाने की बात कही जा रही है। थालिया ग्राम में अभिजीत ग्रुप द्वारा बिछाए गए लोहे का पाइप को बुधवार की रात्रि गैस कटर से काटकर आधा ले जाया गया एवं आधा अभी भी उसी स्थल पर पड़ा हुआ है। वहीं धाधु ग्राम में 13 मीटर का लोहे का दर्जनों पोल भी काट बेच दिया गया है। ज्ञात हो कि पिछले दो माह से चंदवा प्रखंड में अभिजीत ग्रुप के पावर प्लांट को स्क्रैप बेचे जाने कि निविदा होने के बाद यह कार्य किया जा रहा था लेकिन इस कार्य में वैध कार्य कम और अवैध कार्य ज्यादा किया जा रहा है। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में आधा दर्जन कबाड़ी दुकान संचालित है और सभी कबाड़ी दुकानदार पिछले दो महीने में इस अवैध कारोबार में माला माल हो चुके है। एक कबाड़ी ढोने वाला व्यक्ति ने बताया कि हम लोग अभिजीत ग्रुप से चोरी का लोहा लाकर कबाड़ी दुकान में बेचते हैं और इसमें प्रत्येक दिन 20 से 25 हजार तक एक मोटरसाइकिल चालक कमा ले रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बालूमाथ प्रखंड में लगभग 70-80 की संख्या में मोटरसाइकिल से कबाड़ के नाम पर स्क्रैप की ढुलाई की जाती है।

## एक नजर में

### उपायुक्त की अध्यक्षता में नामांकन को लेकर बैठक


बैठक करते पदाधिकारी।

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन को लेकर चयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा इस वर्ष कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मनिका में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में वर्गवार एवं कोटिवार रिक्ति के विरूद्ध बालिकाओं के नामांकन हेतु प्रखंड स्तर से प्राप्त विद्यार्थियों की सूची की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त सूची पर चर्चा करते हुए बच्चों के नामांकन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के प्रत्येक विद्यालयों का संचालन सही तरीके से करते हुए विद्यालयों में बच्चों के मूलभुत सुविधाओं, ड्रेस, पानी एवं शौचालय के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों के साथ की बैठक


बैठक करती बीडीओ

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे मनरेगा कर्मियों के साथ बीडीओ दीपाली भगत ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक की। बैठक मे उपस्थित मनरेगा कर्मियों को बीडीओ श्री भगत ने कहा की आप सभी अपने-अपने क्षेत्र मे मनरेगा का कार्य ससमय पूर्ण करें। साथ ही मनरेगा मजदूरों को रोजगार देकर दूसरे राज्य मे पलायन करने से रोकना अति आवश्यक जरुरी है। मजदूरों को पलायन से रोकने के लिए मनरेगा योजना मे काम दें साथ ही मजदूरी भुगतान मे सहयोग करें। मुख्य रूप से मजदूरों को रोजगार देकर दूसरे राज्य मे पलायन करने से रोकने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर बीपीओ रवि यादव, रोजगार सेवक आजाद वर्मा, नईम खां, संतोष यादव सहित कई रोजगार सेवक व प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### विधायक ने किया आधार केंद्र का उद्घाटन


आधार केंद्र का उद्घाटन करते पूर्व विधायक व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय के सीएचसी केंद्र में दिन शुक्रवार को आधार केंद्र का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने फीता काटकर किया। पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि पंचायत में आधार केंद्र खुल जाने से इस पंचायत समिति प्रखंड के विभिन्न गांव के लोगों को आधार कार्ड बनवाने एवं सुधार कराने में काफी सहूलियत होगी। वही सीएचसी संचालक सतीश कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे यहां आधार कार्ड बनाने से लेकर आधार सुधार, आधार अपडेट किया जाएगा। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह, अजीत कुमार, मिथिलेश पासवान, हरदीप सिंह, दिनेश राय, कामेश्वर तिवारी, मनदीप पासवान, प्रीति कुमारी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या

➲ उपायुक्त ने शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान करवाने का दिया आश्वासन

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आए ग्रामीणों व आम-जन ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिले एवं आवेदन देते हुए समस्याओं को ससमय निराकरण करने की मांग की। उपायुक्त द्वारा क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी गई एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। ज्ञात हो कि आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन, भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, रोजगार, आदि संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

### बरवाडीह: ततहा गांव से मिली महिला की लाश तफ्तीश में जुटी पुलिस

➲ चरवाहे ने पेड़ से झूलता महिला का शव देख परिजनों को दी जानकारी

➲ पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा लातेहार

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई पंचायत अन्तर्गत ततहा गांव से पुलिस ने गुरुवार की शाम स्थानीय निवासी अनिता देवी (45) पति राजदेव कोरवा का शव बरामद किया है। वहीं पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। परिवार वाले के मुताबिक पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद विवाद उत्पन्न हो गया और दोनों के बीच मारपीट भी हुई। जिसके बाद महिला घर से भाग गई। परिजनों ने उसकी खोजबीन की पर पता नही चला। गुरुवार की दोपहर एक चरवाहा फुनु सिंह ने ललमटिया ततहा में पेड़ से झूलता महिला के शव को देखा। उसने शव को पहचानने के बाद इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी। परिजनों ने मामले की जानकारी मोरवाई स्थित सीआरपीएफ पिकेट को दी। पिकेट के माध्यम से बरवाडीह थाना को सूचना दी गई। जिसके बाद बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तब तक परिजनों के द्वारा शव को पेड़ से उतार कर घर ले आया गया था। जिसके बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर बरवाडीह थाना ले आई और पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। महिला की हत्या की गई है या आत्महत्या। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद किया जायेगा। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर तफ्तीश में जुट गई है।

स्पीड न्यूज

### अपर समाहर्ता को मिला सर्वश्रेष्ठ पदाधिकारी का सम्मान



**बोकारो।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग द्वारा जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी के रूप में अपर समाहर्ता बोकारो सादात अनवर को सूबे में सर्वश्रेष्ठ पदाधिकारी के रूप में चयनित किया गया। रांची में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आम जनों से जुड़ी सभी तरह की शिकायतों के निष्पादन में भी बोकारो जिला सूबे में दूसरे स्थान पर है। इस बाबत भी उन्हें श्री महतो व आयोग के चेयरमैन हिमांशु शेखर चौधरी ने सम्मानित किया।

### लोजपा नगर अध्यक्ष सहित चार को देवघर पुलिस ने उठाया

**सिन्दरी।** देवघर जिला के जसीडीह पुलिस ने गुरुवार की देर रात सिन्दरी थाना क्षेत्र व बलियापुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए जसीडीह थाना ले गई है। इन युवकों में लोजपा (रामविलास) युवा मोर्चा सिन्दरी नगर अध्यक्ष विजय शंकर भी शामिल हैं। इसकी सूचना चारों युवकों के परिजनों को भी दे दी गई है। चार युवकों में सिन्दरी थाना क्षेत्र के आर एल 12 निवासी शिवनाथ राम के 25 वर्षीय पुत्र विजय शंकर, डोमगढ़ सीटी निवासी स्व रंजीत मंडल के 26 वर्षीय पुत्र सौरभ मंडल, डोमगढ़ निवासी रामप्रसाद के 26 वर्षीय पुत्र नवीन कुमार व बलियापुर थाना क्षेत्र के आमझर निवासी मोहसिन उर्फ बादशाह को लेकर जसीडीह पुलिस रवाना हुई है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि उक्त युवकों द्वारा देवघर जिला में डकैती कांड को अंजाम दिया गया था। युवकों के परिजनों ने बताया कि काफी संख्या में जसीडीह थाना की पुलिस रविवार की देर रात आवास पर पहुँची और युवकों को अपने अपने आवासों से लेकर गई है।

### सिजुआ स्टेडियम के पीछे से सीआइएसएफ ने अवैध कोयला किया जब्त

**सिजुआ।** जोगता थाना अंतर्गत सिजुआ स्टेडियम के पीछे अवैध कोयले कारोबारियों द्वारा कोयले को जमा किया जा रहा था। जहां शुक्रवार को सीआईएसएफ की टीम ने रेड कर कोयले को जप्त किया। सूत्रों की माने तो अवैध कोयला तस्करों के द्वारा हाईवा गाड़ियों से कोयले को कांटा होने से कुछ कदम दूर पर ही मजदूर लगाकर कोयले को उतरवा लिया जा रहा था। ड्राइवरों के विरोध के बावजूद दबंग कोयला कारोबारी एक न सुनते हुए ड्राइवर खलासी को धमकाते हुए कहा जाता था की गाड़ी रोको, कोयला उतरने दो उसके बाद काटा कराना । लेकिन सीआईएसएफ ने छापेमारी कर पदार्फाश कर दिया। सीआईएसएफ की छापेमारी के बाद स्थानीय पुलिस पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये मजदूर नेता झगरू राय

**सिन्दरी।** कांड्रा स्थित बीसीकेयू कार्यालय में मजदूर नेता झगरू राय की दसवीं पुण्यतिथि पर सीटू की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर व दो मिनट का मौन धारण कर मजदूर नेता को श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने मजदूर नेता की जीवनी पर कहते हुए चासनाला में माफियाओं के द्वारा किए जा रहे शोषण पर झगरू राय के द्वारा किए गए विरोध को दशार्या। पुनः शोषण के खिलाफ संघर्ष के द्वारा झगरू राय को प्रेरणास्रोत बताया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता योगेंद्र महतो ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सुरेंद्र कुमार ने किया।

# गजलीटांड़ में 64 शहीद स्तंभ बदहाली पर बहा रहे हैं आंसू

## हादसे के 27 वर्ष बाद भी दोषियों पर नहीं हुई कार्रवाई



**बिनोद रजक**

**धनबाद।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड भारत की एक मिनी रत्न कंपनी का दर्जा मिला हुआ है जो अपने श्रमिकों को हर तरह से सम्मान देना जानती है। लेकिन लेकिन यह धारणा उस वक्त गलत साबित होती है जब 26 सितंबर 1995 को गजलीटांड़ कोलियरी के छह नंबर भूमिगत खदान के 10 नंबर सिम में 64 श्रमिकों ने जल समाधि ली थी।

उन्हीं 64 शहीद हुए श्रमिकों की याद में शहीद स्थल का निर्माण बीसीसीएल के द्वारा किया गया है लेकिन आज यह अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां प्रत्येक वर्ष 26 सितंबर को जनप्रतिनिधियों के अलावा बीसीसीएल के बड़े पदाधिकारी आते हैं और घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कहते हैं, लेकिन ऐसा होता नहीं है। सारी घोषणाएं कागजों तक पहुंचकर दम तोड़ देती हैं और धरातल पर कोई कार्य नहीं होता है। श्रमिक एवं यूनियनों के प्रतिनिधि भी आते हैं तो शहीद स्तंभ पर माल्यार्पण कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर चले जाते हैं।

### परिजनों को नहीं मिला इंसाफ

27 वर्ष बीत जाने के बाद भी हादसे से जुड़े कई पहलु अनसुलझे हैं। 25 सितंबर 1995 की काली रात गजलीटांड़ कोलियरी सहित बीसीसीएल के लिए प्रलयंकारी रात बन कर आई थी। गजलीटांड़ मे64 कोल कर्मी काल कवलित हुए थे। सिर्फ गजलीटांड़ कोलियरी के छह नंबर भूमिगत खदान के 10 नंबर सिम में 64 श्रमिकों ने जल समाधि ली थी। कतरी नदी का तटबंध टूटने से छह नंबर भूमिगत खदान में कार्य कर रहे 64 मजदूर काल के गाल में समा गए थे। उस दिन 331 मिलीमीटर बारिश हुई थी। नदी में पानी पूरे उफान पर था। इतनी बड़ी घटना की सूचना पर तत्कालीन कोयला मंत्री जगदीश टाइटलर, पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, जगन्नाथ मिश्रा, तत्कालीन सीएमडी जीसी मृग सहित कई जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। 26 सितंबर की सुबह गजलीटांड़ में हाहाकार मच गया था।

### मुखर्जी कमेटी ने की थी घटना की जांच

जस्टिस एस मुखर्जी की अध्यक्षता में मुखर्जी कमिशन/कोर्ट आफ इंक्वाइरी का गठन हुआ था। इसके एससेर इंटक के तत्कालीन महामंत्री स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह और भारतीय खनिज विद्या पीठ के प्रोफेसर एस. मजूमदार बनाए गए थे। लंबी अवधि तक कार्रवाई चली लेकिन अंतिम नतीजा आज तक सामने नहीं आ सका और घटना का रहस्य इतिहास के पन्नों में दबकर रह गया।प्रत्येक वर्ष 26 सितंबर की सुबह से कुरान व गीता की पाठ के साथ सर्वधर्म प्रार्थना सभा तथा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाती है। बीसीसीएल के वरीय अधिकारियों, यूनियन प्रतिनिधि, समाजसेवी के अलावा जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। शहीद स्तंभ पर शहीद श्रमिकों के स्वजन के अलावा अन्य लोग भी श्रद्धांजलि देने आते हैं। हर बार वही परंपरा दोहराई जाएगी लेकिन इस हादसे का दोषी कौन था, इसपर से पर्दा शायद हीं कभी उठ पाएगा। अब सवाल यह उठता है कि खबर प्रकाशित होने के बाद बीसीसीएल के बड़े अधिकारी कहां तक शहीद के परिजनों को इंसाफ और शहीद स्थल को उनकी गरिमा वापस दिलाने में सफल होते हैं।

एक नजर में

### एशियाई मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप 2022 के विजेता प्रतिभागियों को मिला पदक



**बेरमो।** शीतोरयु कराटे डू स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मार्शल आर्ट्स बोर्ड ऑफ झारखंड के अध्यक्ष युथ इंडिया डोवेलमेंट के अध्यक्ष उमेश नायडू एवं झारखंड इकाई प्रदेश के सचिव मिंटू सिंह महासचिव अर्चना सिंहएउपाध्यक्ष सुमित कुमार सिंहएरादे के सदस्य संजीव कुमार सिंह एवं मध्य विद्यालय ढोरी के अध्यापक प्रमोद कुमार व अजय कुमार सिंह ने एशियाई काता चैंपियनशिप के विजई प्रतिभागियों को मैडल एवं ट्रॉफी का वितरण किया गया जिसमे ेज देव नायडूएश्रेया अग्रवालएपल्लवी कुमारीएशाहिल कुमारएनिशिएसमीर कुमार कुमारी खुसि कुमारी, रेशमी कुमारी शोभा कुमारी मैडल और ट्रॉफी से नवाजा गया साथ ही छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### सड़क सुरक्षा को लेकर बच्चों ने किया शपथ ग्रहण



**बेरमो/पेटरवार।** पेटरवार के रघुनाथ पुरम स्थित लीला जानकी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को प्रार्थना.सभा के पश्चात झारखंड सरकार की ओर से घोषित इन दौड़ती भागती सड़कों पर निर्माणए सुविधा और सुरक्षा की समीक्षा ष पर आधारित षपथ ग्रहण कार्यक्रमष का आयोजन किया गया। इस शपथ ग्रहण समारोह में विद्यालय के निदेशक नीरज सिन्हाए प्राचार्य अमर प्रसादए शिक्षक. शिक्षिकायें सहित सैकड़ों छात्र.छात्राओं ने विधिवत पत्र में उल्लिखित पंक्तियों को दुहराते हुए सड़क.सुरक्षा से सम्बन्धित सभी नियमों का पालन करने की शपथ ली।इस शपथ पत्र को निदेशक ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से बहुत ही आवश्यक एवं व्यवहारिक बताया। प्राचार्य ने कहा कि आये दिन वाहन चालकों की लापरवाहियों के कारण सड़कों पर आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होते रहती है जिसे देखने के बाद मन करुणा से भर जाता है और मुंह से यही शब्द निकलता है कि काश हेलमेट का इस्तेमाल किया रहता तो ऐसी घटना नही होती ओर इनसे बचाव के लिए आज हर नागरिक को सुरक्षा के मानक को निश्चित तौर पर अपनाने के लिए शपथ लेनी ही चाहिए।

## उपायुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

### विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने आज विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के स्पेशल ड्राइव के तहत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।इस क्रम में उन्होंने नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र 6, नाम हटाने के लिए प्रपत्र 7, मतदान केंद्र में परिवर्तन के लिए प्रपत्र 8, आधार सीडिंग के लिए प्रपत्र 6 बी में कम उपलब्धी (लो परफॉर्मेंस) वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वैसे शिक्षण संस्थान जहां 17 साल 2 माह से अधिक उम्र के भावी मतदाता, जो शिक्षण संस्थान से संबंधित बूथ के न हो, उनके आंकड़े को संबंधित बीएलओ या बुथ को उपलब्ध कराने, मृत मतदाताओं के नाम प्रपत्र 7 के साथ शीघ्र वेबसाइट पर अपलोड कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी ईआरओ, सभी एईआरओ को निश्चित रूप से निश्चित संख्या में लो परफॉर्मिंग बूथ तथा अन्य बूथ में प्रपत्र 6, 7 एवं 8 के अपलोड से संबंधित कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एचई स्कूल के बूथ संख्या 112, 113, 114 तथा धनबाद क्लब के बूथ संख्या 149 का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी श्री सुशांत मुखर्जी, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री बंधु कच्छप व निर्वाचन विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## जनता दरबार: हाई टेंशन तार गांव से नहीं गुजारने की गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह के कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में सिंदरी छाताटांड के ग्रामीणों ने आदिवासी बस्ती से हाई टेंशन वायर को पास नहीं होने देने की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि गांव के बीचो-बीच आदिवासी बस्ती में हाई टेंशन वायर पास हो रहा है। इससे 500 से अधिक घर प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी बलियापुर से इसे रोकने के लिए कई बार गुहार लगाई परंतु अभी तक इस दिशा में कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आया है। उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता पूर्वक लिया और उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। जनता दरबार में गोविंदपुर में कोआपरेटिव की जमीन को जबरन घेरने, ऑनलाइन रसीद नहीं कटने, सहया के चयन में अनियमितता बरतने, लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास देने में अनियमितता बरतने, दुकान पर जबरन कब्जा कर लेने, बीसीसीएल के पीबी एरिया के करकेंद दुर्गा बस्ती में घर आने जाने का रास्ता उपलब्ध कराने, रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर मकान पर जबरन कब्जा करने की कोशिश करने, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी में कार्यरत कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

## बढ़ते अपराध के खिलाफ विजय झा ने किया सत्याग्रह



**धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोध दिवस के अवसर पर अधिवक्ता सह पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने गांधी सेवा सदन धनबाद में बढ़ते अपराध के खिलाफ सत्याग्रह किया। उनके साथ कई समाजसेवी, आंदोलनकारी सहित बुद्धिजीवी लोगों ने इस सत्याग्रह में अपना योगदान दिया। सत्याग्रह एक दिवसीय रहा,जिसके उपरांत उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा गया।विजय झा ने कहा कि धनबाद में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने के लिए दुर्दांत अपराधियों पर एवं अपराध का नेटवर्क चलाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए उन्हें एक वर्ष के लिए जिला से निष्कासित करना चाहिए। धनबाद में कुछ दिनों पूर्व से ही अपराधिक घटनाओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई हैं।

## जीएम ने अग्नि प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोयाबाद ।** बाँसजोड़ा 12 नंबर में आबादी के बीच धधकती आग को कटिंग कर मिट्टी फिलिंग कराया जायेगा। शुक्रवार जीएम अनूप राय ने अधिकारियों को,कटिंग, डिंगिंग एन्ड फिलिंग कराने के लिए कागजात तैयार करने को कहा।जीएम ने कहा कि सबसे पहले फायर फाइटिंग करना पड़ेगा,तभी कटिंग और मिट्टी फिलिंग हो पाएगा। 14 सितम्बर को तत्कालीन जीएम जितेंद्र मल्लिक भी इस अग्नि प्रभावित स्थल का निरक्षण किया था, अनूप राय भी शामिल थे,तब वे एमजीएम,के पद पर थे,उस समय भी यही योजना बनी,लेकिन फिर तीन महीने से अधिक बीत गया,बताते चले कि करीब डेढ़ साल पहले यहां हलका स गैस रिसाव हुआ था,धीरे धीरे यह आग अपना दायरा बढाते गया।



### 600 से 800 फीट में लहलहाता है आग

आबादी के बीच यह आग अब रात में लहलहाती है,और दिन में जहरीली गैस का रिसाव होता है।आसपास करीब तीन हजार आबादी है,रोजाना खौफ के साये में जी रहे है। आग का दायरा लगातार बढ़ रहा है।इस समय 600 फिट800 फिट के दायरे में नजर आरहा हैं।जीएम अनूप के साथ सर्वे टीम भी मौजूद थी,जीएम को सर्वे टीम ने बताया कि,13 सीम में आग है,सीम नंबर 12,फिर 10,सारा एक सीम एक दूसरे से कनेक्टेड है।आग कहा तक होगा,यह पता लगाना मुश्किल है। बीसीसीएल के अधिकारियों अब दोनों योजना पर काम आगे बढ़ाएगा,पहले फायर फाइटिंग किया जायेगा, उसके बाद ट्रेंच कटिंग होगा,अगर कोयला निकला तो,कोयला भी निकाला जायगा ,अन्यथा, मिट्टी से पूरे जगह को फिलिंग करा दी जायेगी।

## डीडीसी ने किया आम की बागवानी का निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** बोकारो की उप विकास आयुक्त कीर्ति श्री अचानक कसमार प्रखंड के कसमार.पेटरवार पथ स्थित फार्म टांड़ पहुंची। जहां 10 एकड़ भूमि पर मनरेगा के तहत लगे बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी के अंदर 5 एकड में आलूए 3 एकड़ में कुरथीए 2 एकड़ में मटर की मिश्रित खेती का निरीक्षण किया।उन्होंने जेएसएलपीएस एवं मनरेगा के कर्मियों को संयुक्त रूप से तालमेल कर कार्य करने का निर्देश देते हुए शेष भूमि के 1 एकड़ में मुनगाए 1 एकड़ में काला गेहूं की खेती करने का सुझाव दिया। फार्म टांड़ परिसर के अंदर जीर्णोद्धार हो रहे तालाब में बतख पालन तथा सामने पर मुर्गी चूजा हार्मिंगए मशरूम उत्पादन तथा साबून निर्माण का भी कार्य शुरू होगा। जेएसएलपीएस के बीपीएम संजीव कश्यप ने बताया कि सारे कार्य एसएचजी की महिला सदस्यों को सौंपी गई है। मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम अनिता केरकेट्टाए कसमार बीडीओ विजय कुमारए मनरेगा नोडल अधिकारी पंकज दूबे मौजूद थे।

## बोकारो संयंत्र में कैंटीन वेस्ट बायो डाइजेस्टर का उद्घाटन

**बोकारो।** पर्यावरण संरक्षण जागरूकता हेतु प्लांट में उत्पन्न होने वाले कैंटीन कचरे के उचित निपटान के लिए इडी ;वर्क्सद्ध बी के तिवारी ने 500 किलोग्राम प्रति दिन क्षमता वाले बायो.डाइजेस्टर का उद्घाटन किया। मौके पर इडी ;पी एंड एद्ध संजय कुमारएइडी; प्रोजेक्टद्धसी आर महापात्राए सीजीएम इंचार्ज ;कार्मिकद्ध पवन कुमारए सीजीएम अनिल कुमारएशालिग्राम सिंहए एन रेए पी के बसाखियाए बी सरतापेए वी के सिंहए जीएम एन पी श्रीवास्तवए नीना सिंह इत्यादि भी उपस्थित थे। बायो.गैस का उपयोग कैंटीन में खाना पकाने एवं बायो गैस संयंत्र से उत्पन्न होने वाले स्लरी का उपयोग बगीचे में खाद के रूप में किया जा रहा है। इस परियोजना की शुरूआत कार्मिक विभाग द्वारा किया गया थाए एनवायरनमेंट और सेस्टेनेबिलिटी विभाग द्वारा समन्वित और परियोजना प्रभाग द्वारा निष्पादित किया गया है।इडी श्री तिवारी ने पर्यावरणए परियोजनाओं और कार्मिक विभाग की टीम को बधाई दी।

## पेज एक का शेष

### राज्य की दुर्दशा...

पूर्व की सरकार में सिर्फ घोटाला ही घोटाला हुआ। उन्होंने कहा कि आज सरकारी कर्मचारी से लेकर आम जनता तक खुश है। सीएम ने कहा कि देश में महंगाई आसमान छू रही है। विगत 20 वर्षों से विपक्ष ने आम जनता का हक एवं अधिकार लूट रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को अस्थिर करने के लिए विपक्ष इडी एवं सीबीआइ का सहारा ले रही है। गढ़वा विधायक व राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि जिस उद्देश्य से लड़कर झारखंड राज्य अलग लिया गया, उसकी पूर्ति नहीं हो सकी। राज्य विरोधियों एवं झारखंड को लूटने वालों के हाथ में ही 20 वर्षों तक सत्ता रही। परंतु, 2019 में राज्य की जनता ने झारखंडी जनमानस की सरकार को मौका दिया है। इसके बाद से स्थिति बदल रही है। परिणाम सभी के सामने है। विषम परिस्थितियों में भी हर वर्ग का ख्याल रखते हुए बेहतर विकास हो रहा है। कारोना जैसी आपदा में हेमंत सरकार ने राज्य के बाहर फंसे सभी मजदूरों को उनके घर तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि एक अखबारी सर्वे के अनुसार ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुधारने में झारखंड की हेमंत सरकार नंबर वन पर है।

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि पूर्व सरकारों ने जो 20 वर्षों में नहीं किया, वह हेमंत सरकार ने तीन वर्षों में कर दिखाया। गरीबों की यह सरकार गरीबों के घर तक जाकर उनका कार्य कर रही है। आपदा काल में हेमंत सोरेन की सरकार ने वो कर दिखया, जो भाजपा शासित किसी अन्य राज्यों ने नहीं किया। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि राज्य के किसानों को केंद्र से सहायता मिले बगैर सुखाड़ राहत की राशि अग्रिम दी जा रही है। 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री अपने हाथों से लाखों किसानों के खाते में 3500 रुपये की अग्रिम राशि भेजेंगे। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने भी विचार व्यक्त किया। समारोह की अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र पंसाद सिन्हा उर्फ गुडू ने की। संचालन सानू सिद्दीकी ने किया। मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिटू सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, दीपक तिवारी, अविनाश देव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक, संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, देवेंद्र तिवारी, मनोज गुप्ता, दिलीप शुक्ला, अभिषेक सिंह उर्फ बिटू सिंह, माया सिंह, राहिलराज, चंद्रेश्वर मेहता, सुमंत मिश्र, नंद कुमार पासवान सहित बड़ी संख्या में महागठबंधन के नेता, कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे। शिवाजी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खतियानी जोहार यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा था। जिले के विभिन्न गावों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सुबह से ही शहर में कार्यक्रम में शामिल होने वालों की भीड़ उमड़ रही। पूरे शहर में जाम की स्थिति बनी हुई थी।

### राज्यसभा में यूसीसी...

विपक्ष की ओर से कांग्रेस, माकपा, भाकपा और तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि विधेयक देश के सामाजिक ताने-बाने और विविधता में एकता को बर्बाद करने वाला है। उल्लेखनीय है कि विधेयक में धर्म पर विचार किये बिना नागरिक के व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनों के संग्रह की परिकल्पना की गयी है। आज विधेयक सदन में केवल पेश किया गया है।

# नृत्य से बच्चों ने दिखायी ग्रामीण परिवेश की झलक




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो संयंत्र के इडी ;पी एंड एद्ध सह डीपीएस मैनेजिंग कमेटी के प्रो.वाइस चेयरमैन संजय कुमार ने डीपीएस बोकारो में चल रहे तीन.दिवसीय राज्यस्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि कहा कि विद्यार्थी अपनी क्षमता को अंदर से निकालकर निखारेंगे तो निश्चय ही अपने देश का परचम पूरे विश्व में लहराएंगे।श समारोह में प्रतिभागियों ने अपने.अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।सम्मानित अतिथि बीएसएल के सीजीएम भूपेंद्र सिंह पोपली ने कोरोना काल में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों की चर्चा करते हुए इस दिशा में विज्ञान की भूमिका पर प्रकाश डाला। सोसाइटी के डीएनएस आनंद ने बच्चों में शोधपरक वैज्ञानिक जागृति के विकास में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। आयोजन अध्यक्ष व प्राचार्य ए एस गंगवार ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में डीपीएस बोकारो की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सोसाइटी के राजेंद्र कुमार ने बच्चों को हमेशा सीखते रहने की प्रेरणा दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बालिका शिक्षा की महत्ता पर ग्रामीण परिवेश की झलक दिखाते बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य एसपी सिंह ने किया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

इस अवसर पर सोसाइटी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉण अली इमाम खानए कार्यकारी अध्यक्ष डॉण एमपी नायक व जिला समन्वयक अरुण कुमार सहित पीण ज्योतिर्मयए आरके कर्णए पीके झा आदिए विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागीए बच्चे उनके शिक्षक तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद उपस्थित थे।




## इंडोनेशिया में कोयला खदान में विस्फोट, नौ की मौत व दो घायल

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत में शुक्रवार को एक कोयला खदान में विस्फोट होने से कम से कम नौ श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए तथा एक श्रमिक लापता हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रांतीय तलाश एवं बचाव कार्यालय के प्रेस अधिकारी एरीफ प्रतामा ने शिन्हुआ को फोन पर यह जानकारी देते हुए कहा कि इंडोनेशिया के सावहलुंटो शहर में आज सुबह साढ़े आठ बजे कोयला खदान में जबरदस्त विस्फोट हुआ। विस्फोट में कम से कम नौ श्रमिकों की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं तथा एक श्रमिक लापता बताया गया है।

## बांग्लादेश में बीएनपी के दो नेता गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर राजधानी में एक विशाल रैली के आयोजन से एक दिन पहले पुलिस ने मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के दो शीर्ष नेताओं को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।. बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर और स्थायी समिति के सदस्य मिर्जा अब्बास को राजधानी में अलग-अलग जगह से तड़के जासूसी शाखा (डीबी) के कर्मियों ने गिरफ्तार किया।

## रायबरेली में हिस्ट्रीशीटर अपराधी हुआ गिरफ्तार

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के कर्मचारियो से रंगदारी माँगने वाले फरार शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। थाना मिलएरिया की पुलिस ने दर्ज मुकदमे के तहत रंगदारी मांगने के वांछित आरोपी धर्मेद्र सिंह को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के आरटीओ कार्यालय के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## करतारपुर गलियारे के लिए अधिकारी नियुक्त

**लाहौर।** पाकिस्तान की संघीय सरकार ने ऐतिहासिक करतारपुर गलियारे से संबंधित मामले संभालने के लिए तीन महीने के लिए एक अधिकारी नियुक्त किया है। चार किमी लंबा करतारपुर कॉरिडोर पंजाब प्रांत में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के अंतिम विश्राम स्थल गुरुद्वारा दरबार साहिब को भारत के पंजाब प्रांत में डेरा बाबा नानक मंदिर से जोड़ता है। गलियारा के जरिए भारतीय सिख तीर्थयात्री वीजा के बिना पाक में स्थित सबसे पवित्र स्थलों में से एक गुरुद्वारा दरबार साहिब आते हैं।

# भाजपा विधायक दल की बैठक आज

## भूपेंद्र पटेल ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**विधायक दल के नेता के चयन के लिए राजनाथ, येदियुरप्पा और अर्जुन मुंडा बने पर्यवेक्षक सोमवार को होगा शपथग्रहण**



एजेंसी

**गांधीनगर ।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उनके मंत्रिमंडल ने नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए शुक्रवार को राज्यपाल आचार्य देवव्रत को अपना इस्तीफा सौंप दिया। भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक नया नेता चुनने के लिए शनिवार को बैठक करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी.आर. पाटिल ने राज्यपाल को लिखे पत्र में शनिवार को मिलने का समय मांगा है। पत्र में उन्होंने राज्यपाल को यह भी सूचित किया है कि शनिवार को विधायकों की बैठक होगी, जिसमें विधायक दल का नया नेता चुना जाएगा, जिसके बाद पार्टी राज्यपाल से सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का अनुरोध करेगी।

भूपेंद्र पटेल का मुख्यमंत्री पद पर बने रहना तय है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। हाल ही में दो चरणों में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 156 सीटों के साथ प्रचंड बहुमत मिला है। राज्य में भाजपा की यह लगातार सातवीं जीत है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक नए मंत्रिमंडल में एक या दो उपमुख्यमंत्री होने की संभावना है, जिसमें 12 कैबिनेट मंत्री, तीन से चार स्वतंत्र विभागों वाले राज्य मंत्री और बाकी राज्य मंत्री हो सकते हैं।

भाजपा ने गुजरात में विधायक दल के नेता के चयन के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी के संसदीय बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य बी एस येदियुरप्पा और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई।

गुजरात में भाजपा के नव निर्वाचित विधायकों की बैठक शनिवार की सुबह गांधीनगर स्थित प्रदेश पार्टी मुख्यालय कमलम में बुलाई गई है। विधायक दल के नेता का चयन महज एक औपचारिकता है, क्योंकि यह लगभग तय है कि भूपेंद्र पटेल ही राज्य के मुख्यमंत्री होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान कई मौकों पर भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व की सराहना की थी और लोगों से नरेंद्र-भूपेंद्र की जोड़ी को चुनाव जिताने की अपील की थी।

**भाजपा के 45 नये चेहरों में से 43 जीते :** गुजरात विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने निवर्तमान विधायकों के स्थान पर जो 45 नये चेहरे उतारे थे, उनमें से दो को छोड़कर बाकी सभी विजयी रहे। सत्ता विरोधी लहर से पार पाने के लिए भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 45 विधायकों के टिकट काट दिये थे। यह रणनीति काम आयी, क्योंकि ज्यादातर नये उम्मीदवार जीत गए। भाजपा राज्य में 27 साल से सत्ता में है। अपवाद बस बोटाड और वाघोडिया निर्वाचन क्षेत्र रहे, जहां नये भाजपा उम्मीदवारों को क्रमशः आम आदमी पार्टी (आप) के एवं निर्दलीय प्रत्याशी से हार का सामना करना पड़ा। बोटाड में भाजपा ने निवर्तमान विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री सौरभ पटेल को हटाकर घनश्याम विरानी को चुनाव में उतारा था। पटेल 1998, 2002, 2007 और 2017 में इस सीट से विजयी रहे थे। वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टी डी मानिया ने यह सीट जीती थी। इस बार विरानी को आप के उमेश मकवाना ने 2,779 मतों के अंतर से हरा दिया। वडोदरा जिले के वाघोडिया निर्वाचन क्षेत्र में सत्तारूढ़ दल ने निवर्तमान विधायक मधु श्रीवास्तव के स्थान पर अश्विन पटेल को चुनाव मैदान में उतारा था। उसके बाद श्रीवास्तव निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी जंग में उतर गये थे। वह छह बार विधायक रह चुके हैं। भाजपा का टिकट पाने के इच्छुक धमेंद्र सिंह वाघेला ने भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा और उन्होंने पटेल को करीब 14000 मतों के अंतर से पराजित किया। श्रीवास्तव 14,645 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी ने 18870 मत हासिल किये। हालांकि, अन्य सीट पर भाजपा के सभी नये चेहरे चुनाव जीतने में कामयाब रहे।

## बिहार में जंगलराज पार्ट-2 शुरू : भाजपा

**नयी दिल्ली।** बिहार में नीतीश कुमार की अगुवाई वाली महागठबंधन सरकार को जंगलराज पार्ट-2 बताते हुये भाजपा सांसद सतीश चंद दुबे ने केंद्र से राज्य सरकार से चर्चा कर राज्य में हाल के दिनों में हत्या और अपहरण जैसी घटनाओं में हुयी वृद्धि से भयक्रांत प्रदेशवासियों को भयमुक्त करने की अपील की है। श्री दुबे ने शुक्रवार को राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि बिहार में महागठबंधन सरकार के बनने के बाद ही जंलगराज पार्ट-2 की शुरूआत हो गयी थी। वर्ष 1990 से 2005 तक पार्ट-1 था और अब पार्ट-2 चल रहा है। अब आये दिन हत्या, अपहरण और लूटपाट की घटनायें होने लगी है जिसके कारण लोगों में भय का माहौल हो गया है। आठ बजे शाम के बाद लोग घर से निकलना नहीं चाहते हैं। उन्होंने नरकटियागंज, बेतिया और भागलुपर में एक महिला के अंगों की काट कर हत्या किये जाने का उल्लेख करते हुये कहा कि इस तरह की घटनायें अब आम हो गयी है।

## एक चौराहे पर छेड़खानी की तो दूसरे चौराहे पर पुलिस करेगी ढेर : योगी

एजेंसी

**18 शहरों में अपराधियों की गतिविधियों को सीसीटीवी कैमरा करेगा ट्रैक : सीएम**



**कानपुर।** अपराधियों को सुधरने की चेतावनी देते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि कोई अपराधी एक चौराहे पर शरारत करता है तो अगले चौराहे में पुलिस उसको ढेर कर चुकी होगी। कानपुर को विकास योजनाओं की सौगात देने आये श्री योगी ने प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग करके आम नागरिक के जीवन को सहज और सरल बना सकते हैं। हमारे शहर सुरक्षित हों इसके लिए इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को इससे जोड़ने की योजना है। 18 शहरों की ट्रैफिक व्यवस्था को आईसीसीसी से जोड़ा जा रहा है। उन्होने कहा कि चौराहों पर अपराधियों की गतिविधियों को सीसीटीवी कैमरा ट्रैक करेगा। यदि किसी अपराधी ने एक चौराहे पर कोई शरारत की तो दूसरे चौराहे पर पुलिस उसको ढेर कर चुकी होगी। कोई भी सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास नहीं कर पाएगा।

## देश में अनाज की अभी कोई कमी नहीं: गोयल

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को राज्यसभा को आश्वस्त किया कि देश में खाद्यान्न की न तो अभी कोई कमी है और आने वाले वर्षों में भी इसकी कमी नहीं होगी। श्री गोयल ने शुक्रवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि देश में खाद्यान्न की न तो अभी कोई कमी है और आने वाले वर्षों में भी इसकी कमी नहीं होने वाली। उन्होंने बताया कि देश में खाद्यान्न और दालों का पर्याप्त भंडार है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मंत्री समूह स्थिति पर कड़ी नजर रखता है। खाद्यान्न की कमी और महंगाई दोनों मामलों से निपटने के लिए सरकार पूरी तरह सजग है। उन्होंने कहा कि बफर स्टॉक की स्थति भी ठीक है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब लोगों को मुफ्त खाद्यान्न की योजना चला रही है और पिछले दो वर्षों में भूख के कारण किसी की मौत नहीं हुई है।

## गुजरात में नतीजे अत्यंत निराशाजनक कठोर निर्णय लेने का समय : जयराम

**भाजपा, एआईएमआईएम व आप के साथ था कांग्रेस का मुकाबला**



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने गुजरात विधानसभा चुनाव में हार के बाद शुक्रवार को कहा कि उसका प्रदर्शन अत्यंत निराशाजनक रहा है और स्थानीय नेतृत्व को लेकर अब कठोर निर्णय लेने का समय है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि गुजरात में कांग्रेस का मुकाबला भाजपा के साथ ही उसके गठबंधन के अनौपचारिक घटक दलों एआईएमआईएम और आम आदमी पार्टी के साथ था। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि गुजरात के चुनाव नतीजे अत्यंत निराशाजनक हैं। हम इसकी उम्मीद नहीं कर रहे थे। गुजरात में कांग्रेस और भाजपा का मुकाबला नहीं था। वहां एक तरफ भाजपा और एआईएमआईएम एवं आप का गठबंधन था, तो दूसरी तरफ कांग्रेस थी। रमेश ने दावा किया कि केंद्र और राज्य सरकार की संस्थाएं भाजपा की मदद करने में लगी हुई थीं । हमने शिकायत की, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। जी 2 यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह लगे हुए थे। आचार संहिता का उल्लंघन किया गया। उन्होंने कहा कि हमारा वोट प्रतिशत 27 है। यह 40 प्रतिशत से घटकर हुआ है। 27 प्रतिशत वोट कम नहीं होता और यह एक चुनाव में 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। रमेश ने कहा कि हम कोई बहाना नहीं बना रहे। यह आत्मचिंतन का समय है, एकजुट होने का समय है। नया नेतृत्व लाने का समय है।

## भ्रष्टाचार के आरोप में मगध रेंज के पूर्व आइजी अमित लोढ़ा सस्पेंड



पटना। बिहार के चर्चित आइपीएस अधिकारी अमित लोढ़ा को बिहार सरकार ने निलंबित किया। लोढ़ा पर प्रोडक्शन हाऊस फ्राइडे स्टोरी टेलर्स के साथ सौदा करने के लिए स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के साथ समझौता पर हस्ताक्षण करके वित्तीय लाभ के लिए पद के दुरुपयोग का आरोप है।

जांच में अमित लोढ़ा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप सही पाए गए हैं। सात दिसंबर को एसवीयू ने मगध रेंज पूर्व आईजी अमित लोढ़ा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया था।

एसवीयू ने बताया कि चूंकि वे अभी एक सेवारत आइपीएस अधिकारी हैं और एक स्थापित लेखक नहीं है इसलिए वे वेब सीरिज के लिए किसी कंपनी के साथ समझौता नहीं कर सकते हैं।

लोढ़वा पर सौदे से 12,372 रुपये लेने का आरोप लगाया गया है, जबकि 38.25 लाख रुपये उनकी पत्नी कौमीदी के बैंक खाते में जमा किए गए थे। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि अवैध रूप से अर्जित धन के लेन-देन को सुविधाजनक बनाने के लिए कंपनी और कौमिदी के बीच एक करार हुआ था।

विशेष निगरानी ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत अमित लोढ़ा को चार से 10 साल तक सजा हो सकती है।

## लखनऊ में सुब्रत रॉय के कई ठिकानों पर छापेमारी



**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने जिला उपभोक्ता आयोग, नालंदा द्वारा एक वाद में सहारा इंडिया के प्रमुख सुब्रत रॉय के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट को लेकर शुक्रवार को उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की। हालांकि, सुब्रत रॉय पुलिस के हाथ नहीं लगे। पुलिस उपायुक्त एसएम कासिम आबिदी ने शुक्रवार को बताया कि 29 नवंबर को जिला उपभोक्ता आयोग, नालंदा ने एक गैर जमानती वारंट जारी किया था, जिसके तहत रॉय के आवास और कार्यालय समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष ने सुब्रतो रॉय पर उपभोक्ता सरंक्षण अधिनियम-2019 की धारा 71 और 72 के तहत अपराध का आरोप लगाया है। आयोग ने रॉय को गिरफ्तार कर पेश करने का निर्देश दिया है।

## चक्रवाती तूफान मांडूस का दिखने लगा असर, चेन्नई से 4 उड़ानें रद्द

**चेन्नई ।** चेन्नई में चक्रवाती तूफान मांडूस का असर दिखने लगा है। तूफान के तेज होने के साथ चेन्नई से चार उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। तमिलनाडु राज्य परिवहन की बसें भी चक्रवाती तूफान के जीमन से टकराने से दो घंटे पहले और उसके दो घंटे बाद तक नहीं चलेंगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे चक्रवाती तूफान मांडस की निगरानी के लिए राजस्व विभाग के साथ तालमेल स्थापित करें और उसके अनुसार यात्राओं की योजना बनाएं। तमिलनाडु परिवहन विभाग के अधिकारियों ने आईएएनएस को बताया कि तूफान की अवधि के दौरान लोगों को यात्रा नहीं करनी चाहिए और बहुत जरूरी होने पर ही यात्रा करें। इस बीच शुक्रवार को चेन्नई के मरीना बीच पर विकलांग लोगों के लिए बनाया गया लकड़ी का रैंप बारिश के दौरान भारी लहरों से क्षतिग्रस्त हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई और आसपास के इलाकों में गुरुवार रात से भारी बारिश हो रही है। पुडुचेरी के सीएम एन रंगासामी ने समुद्र के किनारे का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल निकायों में जल स्तर बढ़ने की संभावना के बारे में लोगों को चेतावनी देने और जल निकायों के किनारों से दूर रहने का आदेश दिया है।

## रानी मुखर्जी की फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी की आने वाली फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। रानी मुखर्जी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म से रानी मुखर्जी का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है।इस पोस्टर में सूट पहने हुए, बालों को बांधे, माथे पर सिंदूर लगाए हुए कानों में बूंदी और गले में चैन पहने हुए रानी मुखर्जी का अंदाज सादगी से भरा हुआ है। इस पोस्टर में उन्होंने हाथ में टेडी बियर पकड़ा हुआ है। मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे 03 मार्च 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे सच्ची घटना पर आधारित है। यह एक इंडियन कपल की सच्ची कहानी है, जिनके बच्चे को साल 2011 में नॉर्वेजियन वेलफेयर सर्विस द्वारा छीन लिया गया था। फिल्म में रानी मुखर्जी के अलावा क्रिस्टजन उक्सकुला, एर्की लॉर और कैरल टैम अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन आशिमा छिब्बर ने किया है।




## एम्बाप्पे ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा : पेले

**ब्राजील फुटबॉल खिलाड़ी ने फ्रांस के स्ट्राइकर कीलियन को पहले फीफा विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल करने पर दी बधाई**



**नयी दिल्ली।** ब्राजील के फुटबाल खिलाड़ी पेले ने फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर कीलियन एम्बाप्पे को बधाई दी है। साथ ही 24 साल की उम्र से पहले फीफा विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ने पर खुशी जताई है। पेले फिलहाल स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसी कड़ी में एम्बाप्पे ने सोशल मीडिया पर ब्राजील के दिग्गज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की थी। एम्बाप्पे ने ट्वीट किया था- किंग पेले के लिए प्रार्थना करें। इस ट्वीट पर पेले ने जवाब दिया- धन्यवाद कीलियन एम्बाप्पे। मैं आपको इस विश्व कप कप में मेरा एक और रिकॉर्ड तोड़ते हुए देखकर खुश हूं, मेरे दोस्त! पोलैंड के खिलाफ राउंड-ऑफ-16 मैच के दौरान, 23 वर्षीय एमबाप्पे ने शानदार गोल दागा और विश्व कप में कुल गोलों की संख्या नौ कर ली। यह 24 वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले किसी भी खिलाड़ी द्वारा विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल है। इस मामले में उन्होंने पेले को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 24 साल की उम्र से पहले सात विश्व कप गोल किए थे।

1958 में अपने पहले विश्व कप में पेले ने छह गोल किए थे। इसके बाद 1962 के विश्व कप में एक गोल किया था। एम्बाप्पे की टीम फ्रांस रविवार को क्वार्टर-फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी। वहीं, पेले की बात करें तो उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है और मंगलवार को डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें कोई नई समस्या नहीं है। कोरोना द्वारा खराब किए गए श्वसन संक्रमण के इलाज के लिए 82 वर्षीय एक सप्ताह से अस्पताल में भर्ती हैं। पूरी तरह से ठीक होते ही उन्हें डिस्चार्ज किए जाने की उम्मीद है। अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ने एक बयान में कहा- पेले की हालत स्थिर है और यह महत्वपूर्ण संकेत हैं। वह सचेत हैं और उन्हें कोई नई समस्या नहीं है। तीन बार के विश्व कप विजेता कैंसर से भी लड़ रहे हैं और कीमोथेरेपी से गुजर रहे हैं। खराब सेहत की इस घड़ी में भी पेले को अपने प्रशंसकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। फीफा विश्व कप के दौरान कतर में प्रशंसकों ने पांच बार के चैंपियन के लिए शर्ट, झंडे, बैनर का इस्तेमाल किया। इस पोस्टर में युवा पेले मैदान पर अपने कारनामों का जश्न मना रहे थे और ट्रॉफी उठा रहे थे। आज ब्राजील की टीम क्रोएशिया के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। ब्राजील ने पिछली बार फीफा विश्व कप 2002 में जीता था। नेमार एक गोल करते ही पेले के अंतरराष्ट्रीय गोल की बराबरी कर लेंगे। नेमार ने 76 गोल किए हैं, जबकि पेले के नाम 77 गोल हैं।

**जर्मनी और बेल्जियम की जर्सी की कीमतें हुई धड़ाम :** फीफा विश्व कप 2022 में खराब प्रदर्शन के बाद जर्मनी और बेल्जियम की जर्सी की कीमतों में भारी गिरावट आई है। विश्वकप केवल 32 टीमों के लिए रोमांचक जंग का गवाह ही नहीं बना बल्कि जर्सी प्रायोजकों के लिए इस आयोजन ने एक महत्वपूर्ण बाजार की शक्ल भी अख्तियार की है। कुछ टीमे जो अभी कतर में है, उनकी जर्सी हाथों हाथ बिक चुकी हैं लेकिन दूसरी ओर कुछ ऐसी भी टीम हैं जो यहां से अपना अभियान समाप्त कर रवाना हो चुकी हैं मगर उनकी किट को अब यहां कोई नहीं पूछ रहा है।

## महिला आईपीएल के मीडिया अधिकारों के लिए बीसीसीआई ने आमंत्रित की निविदा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को महिला इंडियन प्रीमियर लीग (डब्लूआईपीएल) के सत्र 2023 से 2027 तक के मीडिया अधिकारों के लिए निविदा आमंत्रित की। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महिला आईपीएल के 2023-2027 सत्र के मीडिया अधिकार हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। पात्रता आवश्यकताओं, बोलियों को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया, प्रस्तावित मीडिया अधिकार पैकेज, और अन्य बातों के अलावा दायित्वों सहित निविदा प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले विस्तृत नियम और शर्तें निविदा के लिये आमंत्रण (आईटीटी) में निहित हैं।

## रणजी ट्राफी के लिये यूपी टीम का एलान

**कानपुर।** रणजी ट्राफी के लिये कप्तान करन शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गयी। टीम के अन्य सदस्यों में माधव कौशिक,आंजनेय सूर्यवंशी, रिंकू सिंह,समीर चौधरी,प्रियम गर्ग,आकाशदीप नाथ,शिवम शर्मा,शिवा सिंह,प्रिंस यादव,अंकित राजपूत,शिवम मावी, आकिब खान,अराध्य यादव और कुनाल यादव शामिल हैं।

## गुवाहाटी पहुंची हॉकी विश्व कप ट्रॉफी

गुवाहाटी। ओडिशा में होने वाले हाकी विश्वकप से पहले देश के विभिन्न राज्यों से गुजर रही चमचमाती ट्राफी का इस्तकबाल गुरूवार को गुवाहाटी के फुटबाल प्रेमियों ने किया। ट्रॉफी गुरुवार को इंफाल से यहां पहुंची और शहर के खेल प्रेमियों के दर्शनार्थ रखी गयी। सलाहकार समिति के सदस्य सचिव गीतार्थ गोस्वामी और असम हॉकी के महासचिव तपन कुमार दास मौजूद थे।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
Sr. Secondary (10+2) Affiliated to C.B.S.E. Delhi, Affiliation No. 3430175
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL
Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.
Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!